भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 23 अगस्त 2024
वर्ष 3, अंक 3, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शांति के लिए भारत हर सहयोग को तैयार 16

सलमान के नए गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज 15

## एक नजर

### फास्टैग और एनसीएमसी में पैसे अपने आप जमा होने की व्यवस्था लागू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को अपने ई-मंजूरी ढांचे में संशोधन करते हुए फास्टैग एवं नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) में अपने आप पैसा जमा होने की मंजूरी दे दी। मौजूदा ई-मंजूरी ढांचे के तहत ग्राहक के खाते से वास्तविक निकासी से कम से कम 24 घंटे पहले कटौती पूर्व अधिसूचना की जरूरत होती है। जून में आरबीआई ने घोषणा की थी कि फास्टैग और एनसीएमसी में राशि खुद ब खुद जमा होने की व्यवस्था को ई-मंजूरी ढांचे के तहत सुगम बनाया जाएगा। आरबीआई के मुताबिक, इस सुविधा के लिए भुगतान आवर्ती (रेकरिंग) प्रकृति के होते हैं, लेकिन इसमें कोई नियत अवधि नहीं होती। ऐसे में यह कटौती पूर्व अधिसूचना की शर्त से मुक्त होंगे।

### लेह: गहरी खाई में गिरी बस, छह लोगों की मौत

**लेह।** लद्दाख के लेह जिले में एक बस 200 फुट गहरी खाई में गिरने से छह लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। लेह के उपायुक्त संतोष सुखदेव ने बताया कि बस में एक स्कूल के कर्मचारी थे, जो एक विवाह समारोह में जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान दुर्बुक इलाके में बस खाई में गिर गई। जिला प्रशासन और पुलिस कर्मियों ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। हेलीकॉप्टरों की मदद से 22 घायलों को एसएनएम अस्पताल और लेह स्थित सेना अस्पताल ले जाया गया। घायलों में से दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या, दो गिरफ्तार

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के शिया गांव में एक 10 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म के बाद बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लड़की बुधवार शाम से लापता थी और उसका शव गुरुवार सुबह शोये गांव के रामनगर इलाके में एक खेत से बरामद किया गया। घटना की सूचना प्राप्त होने के बाद करवीर पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया। लड़की का शव गुरुवार दोपहर 1 बजे खेत में मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच पूरी गंभीरता के साथ की जा रही है।

**डॉक्टर हत्याकांड**

# अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में देरी परेशान करने वाली

## सुप्रीम कोर्ट ने जांच में खामियों के लिए कोलकाता पुलिस को फटकार लगाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के संबंध में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में कोलकाता पुलिस की देरी बेहद व्यथित करने वाली है।

कोर्ट ने सख्त लहजे में घटनाओं के क्रम तथा प्रक्रियागत औपचारिकताओं के समय को लेकर भी सवाल उठाए। शीर्ष अदालत ने कोलकाता की चिकित्सक की मौत के मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि 'न्याय और औषधि' को रोका नहीं जा सकता। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र और राज्यों को निर्देश दिया कि वे देशभर में चिकित्सकों की सुरक्षा को संस्थागत बनाने के लिए तत्काल कदम उठाएं। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता पुलिस को कड़ी फटकार लगाते हुए उसकी जांच में खामियों को उजागर किया। इस दौरान सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि स्थानीय पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही थी, क्योंकि जब तक संघीय एजेंसी ने जांच अपने हाथ में ली, तब तक अपराध स्थल का परिदृश्य बदल चुका था। पीठ ने देश को हिला देने वाली बलात्कार-हत्या की इस घटना के बारे में पहली प्रविष्टि दर्ज करने वाले कोलकाता पुलिस के अधिकारी को अगली सुनवाई पर पेश होकर यह बताने का निर्देश दिया कि प्रविष्टि किस समय दर्ज की गई।

**पोस्टमार्टम और रिपोर्ट की टाइमिंग पर उठाए सवाल :** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को लेकर हैरानी जताई कि मृत चिकित्सक का पोस्टमार्टम 9 अगस्त को शाम 6 बजकर 10 मिनट से शाम 7 बजकर 10 मिनट के बीच किया गया और इसके बाद मामला अप्राकृतिक मौत के रूप में दर्ज किया गया। न्यायालय ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में 14 घंटे की अस्पष्ट देरी के लिए कोलकाता पुलिस की खिंचाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, 'आपके राज्य द्वारा अपनाई गई पूरी प्रक्रिया ऐसी है, जो मैंने अपने 30 साल के (पेशेवर) जीवन में नहीं देखी।'



सीजेआई जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा ने की सुनवाई।

### अस्पताल के पूर्व प्राचार्य घोष का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

कोलकाता। डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड मामले में गुरुवार को सीबीआई ने कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को स्थानीय अदालत में पेश किया। यहां सीबीआई ने घोष के अलावा कुछ अन्य लोगों के पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मांग की। कोर्ट ने इस मांग को स्वीकारते हुए टेस्ट की इजाजत दे दी। सीबीआई के सूत्रों ने बताया कि डॉक्टर घोष के अलावा चार अन्य डॉक्टरों के पॉलीग्राफ टेस्ट की भी मंजूरी मिल गई है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई संदीप घोष और घटना के दिन ड्यूटी पर मौजूद चार अन्य डॉक्टरों की 'लाई डिटेक्टर' जांच की अनुमति के लिए उन्हें विशेष अदालत लेकर गई थी।

### ममता की पीएम को चिट्ठी, बने और कठोर कानून

कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुष्कर्मियों को कड़ी सजा देने के लिए कठोर केंद्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर गुरुवार का प्रधानमंत्री से आग्रह किया और सुझाव दिया कि ऐसे मामलों में सुनवाई 15 दिनों में पूरी होनी चाहिए। ममता ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा, "ऐसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों को कठोर केंद्रीय कानून के माध्यम से व्यापक तरीके से संबोधित करने की आवश्यकता है, जिसमें ऐसे जघन्य अपराधों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कठोर सजा का प्रावधान हो।"

**भदरसा दुष्कर्म कांड में एक्शन**

# आरोपी मोईद खान के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

## दो बिस्वा से अधिक एरिया में बने शॉपिंग कॉम्पलेक्स की 52 दुकानें जमींदोज

- कब्जे की भूमि पर तीन करोड़ से अधिक में बनाया था कॉम्पलेक्स

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भदरसा में बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान का 52 दुकानों वाला आलीशान शॉपिंग कॉम्पलेक्स गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान तीन जेसीबी और एक पोकलैंड ने दो बिस्वा जमीन में करीब साढ़े तीन करोड़ की लागत से बने कॉम्पलेक्स को ढहा दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान तीन किलोमीटर का क्षेत्र पूरी तरह से सील रहा और भारी पुलिस बल के अलावा पीएसी भी तैनात थी।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र कुमार, सोहावल एसडीएम अशोक कुमार सैनी और सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी खुद कार्रवाई की निगरानी कर रहे थे। दोपहर करीब 1 बजे तीन जेसीबी और एक पोकलैंड मशीन पहुंच गई। सबसे पहले शॉपिंग कॉम्पलेक्स से खाद्य विभाग की निगरानी में सील की गई बेकरी खाली कराई गई। इसके बाद पिछले हिस्से से पोकलैंड मशीन और एक जेसीबी द्वारा ध्वस्तीकरण शुरू किया गया। दोपहर करीब 2 बजे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होते ही आधे घंटे में शॉपिंग कॉम्पलेक्स का एक चौथाई से अधिक पिछला हिस्सा ढहा दिया गया।

इसके बाद आगे के हिस्से में दो जेसीबी से ध्वस्तीकरण शुरू किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। आगे और पीछे के हिस्से में स्थित 52 दुकानों में से 32 दुकानें एक घंटे के दौरान ध्वस्त कर दी गईं। इस दौरान कॉम्पलेक्स के बगल बनी दुकानों को बंद करा दिया गया था और मुख्य मार्ग से सामान्य जन की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई थी। यही नहीं, आसपास के लोग न जुटने पाएं चौतरफा रास्ते बंद कर पीएसी तैनात कर दी गई थी।



मोईद खान का शापिंग कॉम्पलेक्स ध्वस्त करती पोकलैंड मशीन। ● अमृत विचार

### आरोपी मोईद खान को एक और झटका

आरोपी मोईद खान की जमानत अर्जी पर सुनवाई गुरुवार को फिर टल गई। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी। अब अगली पेशी 28 अगस्त नियत की गई है।

### 30 जुलाई को हुई थी मोईद की गिरफ्तारी

अयोध्या पुलिस ने 30 जुलाई को जिले के पुराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा नगर में बेकरी की दुकान चलाने वाले मोईद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में अरेस्ट किया गया। पीड़िता के गर्भवती होने के बाद इस घटना का खुलासा हुआ था।

'शॉपिंग कॉम्पलेक्स बिना नक्शा स्वीकृत कराए अवैध रूप से निर्माण किया गया था। इसलिए पूरे कॉम्प्लेक्स के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तहसील प्रशासन और पुलिस बल के सहयोग से की गई है। आरोपी को प्राधिकरण की ओर से नोटिस भी दिया गया है।
**-सत्येन्द्र सिंह**, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण।

## एयर इंडिया के विमान में बम की धमकी



**तिरुवनंतपुरम।** मुंबई से आए एयर इंडिया के एक विमान में बम की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को सुबह तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को हाई अलर्ट पर रखा गया। विमान की गहन सुरक्षा जांच के बाद ही आपात स्थिति को हटाया गया।

हवाई अड्डा सूत्रों के अनुसार, आपात स्थिति को अपराह्न करीब 12 बजकर 10 मिनट पर हटाया गया। घटना की जांच के लिए वलियाथुरा पुलिस थाने के अधिकारी हवाई अड्डे पर पहुंचे। इससे पहले सूत्रों ने बताया कि विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर पर 'उड़ान में बम है' संदेश लिखा मिला, जिसके बाद पायलट ने एटीसी को इस बारे में सूचित किया। विमान जब तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे के पास था, तब पायलट ने सुबह साढ़े 7 बजे बम की धमकी वाला संदेश मिलने की जानकारी दी, जिसके बाद सुबह सात बजकर 36 मिनट पर हवाई अड्डे पर पूर्ण आपात स्थिति घोषित की गई। बाद में विमान सुबह करीब 8 बजे हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा और उसे 'आइसोलेशन बे' में ले जाया गया। जांच के बाद धमकी अफवाह निकली।

**अलकायदा मॉड्यूल का भंडाफोड़**

# यूपी-झारखंड समेत तीन राज्यों से 14 गिरफ्तार

- देश में खिलाफत की घोषणा करने और आतंकी वारदात को अंजाम देने की थी तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने झारखंड, राजस्थान और यूपी से 14 लोगों को हिरासत में लेकर अलकायदा के एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी मिलने के बाद राज्यों के पुलिस बलों के साथ मिलकर एक अभियान चलाया गया। दिल्ली पुलिस के एक बयान में कहा गया, 'मॉड्यूल का नेतृत्व रांची का डॉ. इश्तियाक नामक व्यक्ति कर रहा था और उसकी मंशा देश के भीतर खिलाफत की घोषणा करने और गंभीर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की थी।'

पुलिस के अनुसार, आतंकवादी मॉड्यूल के सदस्यों को हथियार चलाने सहित विभिन्न स्थानों पर कई तरह का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें बताया गया कि राजस्थान के भिवाड़ी से छह लोगों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण लेते समय हिरासत में लिया गया और पूछताछ के लिए झारखंड एवं यूपी से आठ लोगों को हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि झारखंड में अलकायदा कई जिलों में नेटवर्क खड़ा कर रहा है। यह कन्फर्म होते ही बुधवार देर रात झारखंड में अधिकारियों की बैठक हुई। इसके बाद इस सूचना को एटीएस के साथ साझा किया गया। देर रात ही टीम ने रेड डाली। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा और भी लोगों को हिरासत में लिए जाने की संभावना है।



### हजारीबाग से गिरफ्तार संदिग्ध को रांची ले गई टीम

एटीएस ने हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान फैजान अहमद के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि अलकायदा भारतीय उपमहाद्वीप का सक्रिय सदस्य है। टीम ने फैजान का मेडिकल टेस्ट कराने के बाद उसे अदालत में पेश किया। इसके बाद टीम उसे अपने साथ रांची ले गई।

## बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक का आरजेडी से इस्तीफा

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने गुरुवार को अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। रजक ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को इस आशय के लिखे पत्र में कहा कि मैं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव एवं दल की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूं। रजक ने पत्र में शायराना अंदाज में इस्तीफा देने का कारण और अपनी पीड़ा बयान करते हुए कहा कि मैं शतरंज का शौकीन नहीं था, इसलिए धोखा खा गया। आप मोहरे चल रहे थे, मैं रिश्तेदारी निभा रहा था। रजक के राजद छोड़ने के बाद से राजनीतिक गलियारे में उनके जदयू का दामन थामने की अटकलें तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि रजक अगले वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में फुलवारीशरीफ सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं।

- इस्तीफे में लिखा- शतरंज का शौकीन नहीं था, इसलिए धोखा खा गया

# दुग्ध उत्पादों के पैकेटों पर ए-1, ए-2 लेबलिंग भ्रामक

- एफएसएसएआई ने फूड कारोबार कंपनियों को बंद करने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने गुरुवार को ई-कॉमर्स और फूड कारोबार कंपनियों को कहा है कि वे दूध, दही और घी जैसे दूध से बने उत्पादों की पैकेट पर 'ए-1' और 'ए-2' की लेबलिंग करना बंद कर दें।

एफएसएसएआई ने इस तरह की लेबलिंग को भ्रामक करार दिया है। एफएसएसएआई ने कहा है कि ये दावे खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम-2006 के मुताबिक नहीं हैं। एफएसएआई ने एक नए सर्कुलर में कहा है कि उसने इस मुद्दे की जांच की है और पाया है कि ए-1 और ए-2 का अंतर दूध में बीटा-केसीन प्रोटीन की संरचना से जुड़ा हुआ है। हालांकि मौजूदा एफएसएसएआई नियम इस अंतर को मान्यता नहीं देते हैं। कंपनियों से कहा गया है कि अगर उनके पास पहले से छपे लेबल बच गए हैं तो इसे छह महीने में खत्म कर दें। ए-1 और ए-2 दूध में बीटा-कैसीन प्रोटीन की संरचना अलग-अलग होती है। यह गाय की नस्ल के आधार पर अलग-अलग होती है। एफएसएसआई ने कहा है कि इस तरह की लेबलिंग एक किस्म की मार्केटिंग चालाकी है।

## नाभा जेल ब्रेक का मास्टरमाइंड रोमी हांगकांग से भारत लाया गया

**चंडीगढ़।** नाभा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड रमनजीत सिंह उर्फ रोमी को गुरुवार को हांगकांग से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया। रोमी ने वर्ष 2016 के चर्चित जेल ब्रेक कांड को अंजाम दिया था। इस दौरान वह आईएसआई और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के हरमिंदर सिंह मिंटू, कश्मीर सिंह गलवड्डी और अन्य फरार कैदियों के संपर्क में था।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि रोमी के खिलाफ वर्ष 2017 में लुक आउट सर्कुलर और रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। हांगकांग सरकार के साथ एमएलएटी के तहत 2018 में रोमी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। बता दें कि कई गैंगस्टर वर्ष 2016 में पुलिसकर्मी बनकर नाभा जेल पहुंचे थे और हाई सिक्योरिटी सिस्टम को तोड़कर 6 बड़े अपराधियों को छुड़ाकर ले गए थे। नाभा जेल ब्रेक के मामले में रोमी ने पैसा, हथियार और दूसरे लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराए थे।

# कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस में गठबंधन

**फारूक अब्दुल्ला ने किया ऐलान**

श्रीनगर, एजेंसी

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने विधासनभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के साथ गठबंधन का ऐलान किया है। कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा की सभी 90 सीट पर कांग्रेस के साथ गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा अब्दुल्ला के आवास पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की गई है। अब्दुल्ला ने कहा कि हमारी बैठक सौहार्द्रपूर्ण माहौल में काफी अच्छी रही। गठबंधन सही रास्ते पर है और अल्लाह ने चाहा तो यह सुचारू रूप से चलेगा। गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे और गठबंधन सभी 90 सीट के लिए है।

जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरण के तहत चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होंगे। नतीजे 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के (एमवाई) तारिगामी भी हमारे साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि हमें लोगों का साथ मिलेगा और हम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए भारी बहुमत से जीतेंगे।



फारूक अब्दुल्ला के निवास पर पहुंचे राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे। ● एजेंसी

# अकील अंसारी समेत 8 आरोपियों को उम्रकैद

**श्रवण साहू हत्याकांड**

- सीबीआई की विशेष अदालत ने आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के चर्चित श्रवण साहू हत्याकांड मामले में गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत ने अकील अंसारी समेत आठ आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

विशेष जज राहुल प्रकाश ने आरोपी सत्यम पटेल व अमन सिंह पर अलग-अलग दो लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके अलावा अकील अंसारी, विवेक वर्मा, बाबू खान, फैसल, अजय पटेल व रोहित मिश्रा पर भी अलग-अलग एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। 1 फरवरी, 2017 को सआदतगंज क्षेत्र में श्रवण साहू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी रिपोर्ट उनके पुत्र सुनीत साहू ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक उनके पिता बड़ा चौराहा दाल मंडी में अपनी तेल की दुकान पर बैठे थे। रात साढ़े 8 बजे मोटर साइकिल सवार दो लड़के दुकान पर आए। उन्होंने आते ही पिताजी पर कई फायर किए, वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। ट्रॉमा सेंटर में उनकी मौत हो गई।



श्रावण साहू आयुष साहू

### बेटे की हत्या के गवाह थे श्रवण साहू

इसके पूर्व वर्ष 2013 में श्रवण साहू के पुत्र आयुष साहू की हत्या कर दी गई थी। श्रवण साहू अपने पुत्र की हत्या के इस मामले में अहम गवाह थे। आयुष की हत्या में अकील अंसारी नामजद था। बाद में पुलिस ने इस चर्चित हत्याकांड मामले का पर्दाफाश करते हुए अन्य अभियुक्त अमन सिंह, सत्यम पटेल, अजय पटेल, विवेक वर्मा व रोहित मिश्रा को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 20 मार्च, 2017 को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने इस हत्याकांड की जांच सीबीआई को सौंप दी।

# बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन फिर प्रवेश, केंद्रों के बाहर लगे जैमर

**सिपाही भर्ती परीक्षा**

## प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ किए गए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी सिपाही भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए फूल प्रूफ प्लान तैयार किया है। परीक्षा शुक्रवार से दो पालियों में शुरू हो रही है।

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जबकि केंद्र में अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर मौजूद रहेंगे। सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों के बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। मालूम हो कि इसी वर्ष फरवरी माह में सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया था। इसके बाद प्रदेश सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया था। सरकार 60,244 पुलिस आरक्षी पदों पर भर्ती कर रही है, जिसकी परीक्षाएं 23, 24, 25 और 30, 31 अगस्त को प्रदेश के सभी 67 जनपदों के 1174 सेंटर पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा केंद्र पर नियुक्त कर्मियों में से 50 प्रतिशत जिलाधिकारी और शेष 50 प्रतिशत केंद्र व्यवस्थापक (प्रधानाचार्य) द्वारा नियुक्त किये गये हैं। इनमें परीक्षा सहायक प्रथम एवं द्वितीय जिलाधिकारी और केंद्र व्यवस्थापक द्वारा नियुक्त किये जाएंगे, जबकि 12 अभ्यर्थियों पर एक अंतरीक्षक को तैनात किया जाएगा।



- केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक से लेकर एसआई होंगे उपस्थित

### परीक्षा का पर्चा लीक होने की अफवाह, रिपोर्ट दर्ज

सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक की अफवाह फैलाने वालों पर हुसैनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में तैनात इंस्पेक्टर ने पेपर लीक करने का दावा करने वाले टेलीग्राम चैनल और अन्य लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। इसमें सपा नेता और पूर्व विधायक यासर शाह को भी आरोपी बनाया गया है। उन्होंने एक्स पर पेपर लीक होने की पोस्ट की थी।

### इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को निष्क्रिय करने के लिए लगे जैमर

परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए सही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाए, इसके लिए तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की चैकिंग, फ्रिस्किंग एवं पर्यवेक्षण की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों को प्रवेश फिजिकल फ्रिस्किंग, एचएचएमडी द्वारा फ्रिस्किंग, बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट एवं फेशियल रिकॉग्निशन के बाद ही दिया जाएगा। सभी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज निष्क्रिय करने के लिए जैमर लगाए जाएंगे।

## एक नजर

### पिकप-ऑटो की भिड़ंत में छह घायल, भर्ती

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सकरावा थाना क्षेत्र के गांव दलेल नगर निवासी अमरावती पत्नी सुरेश चंद , बझेड़ी निवासी सीता देवी पत्नी ज्ञान सिंह, कसावा के ग्राम छोटे नगला निवासी कमलेश देवी पत्नी मनोज कुमार, आरती देवी पत्नी शीलू, विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के खरौली निवासी प्रीती पत्नी वीर सिंह अपने दो वर्षीय पुत्र प्रशांत के साथ एटा के गोलकुंआ जियूरी से ऑटो से लौट रही थी।कोतवाली के प्रेमपुर घिलोई के पास तेज रफ्तार पिकअप ने आटो में टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा समेत सभी महिलाएं घायल हो गई पुलिस ने सभी को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल प्रीति, प्रशांत, सीता देवी, कमलेश देवी व अमरावती को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### मोबाइल चोरी के बाद युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम बिर्रा निवासी विपिन शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 24 मई को गांव बिर्रा में शादी समारोह था। इसमें मौसी का पुत्र सोनू भी आया था। उसके गांव के ही मनोज कुमार, रक्षपाल, मनोज की माता ने उसका मोबाइल चुरा लिया। गांव के लोगों ने पंचायत कर 11000 रुपये देने को कहा। जब सोनू ने मनोज से पैसे मांगे तो उसने टाल मटोल किया। 20 अगस्त को मनोज की मां ने विपिन को फोन पर पैसे ले जाने की बात कह कर घर बुलाया और मारपीट की। वह भाग कर अपने घर घुस गया। तो घर में घुसकर मारपीट की। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ड्यूटी से नदारद 42 शिक्षकों, 8 प्रधानाध्यापकों का वेतन काटा

## परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण में 38 शिक्षामित्रों व 11 अनुदेशकों पर भी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों का अधिकारियों की ओर से निरीक्षण किया जाता है। प्रेरणा एप पर दूसरे विभागों के भी अफसर प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों का निरीक्षण करते हैं। 20 जुलाई से 21 अगस्त तक गैरहाजिर मिले 42 सहायक अध्यापकों, आठ प्रधानाध्यापक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी का वेतन काटा गया है। इसी तरह 38 शिक्षामित्रों व 11 अनुदेशकों के भी गायब मिलने पर मानदेय कटौती हुई है।

बताया जा रहा है कि बीआरसी परिसर में स्थित कन्या कंपोजिट विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मी घानिया फातमा रिजवी कई सालों से नहीं जा रही है। चर्चा है कि शादी के बाद विदेश में जाकर रहने लगी है। बीएसए संदीप कुमार ने जारी किए पत्र में कहा है कि उनके अलावा बीईओ, बीडीओ, सीडीपीओ, डायट प्राचार्य, जिला समन्वयक, एडीओ पंचायत, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, नायब तहसीलदार ने विद्यालयों के निरीक्षण किए थे। उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के सिमुआपुर, नरमऊ, खुबरियापुर, सदरपुर द्वारिकापुर, रनवा, अमरौली, तेजापुर्वा, हजरतपुर में एक से अधिक शिक्षक व शिक्षामित्र गैरहाजिर मिले। सभी अनुपस्थित लोगों का वेतन व मानदेय काटते हुए बीएसए ने साक्ष्यों समेत स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब न देने या अस्पष्ट होने पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई की जद में ये आए:** जन पर कार्रवाई हुई है उसमें दीप सिंह गौर, प्रबल प्रताप सिंह, देवेंद्र कुमार, सरिता, पुष्पा यादव, नीतू सिंह पाल, सुलक्षणा रानी, प्रिया, अनुराधा राजपूत, अर्चना सिंह, सरिता तिवारी, शैलेंद्र सिंह बघेल, सपना कटियार, राहुल कुमार, प्रीती, नाजिम अली, मित्रसेन राजपूत, मुकेश कुमार, शिवांगी गुप्ता, शंतेष कुमार रानू, चंदन गुप्ता, हाकिम सिंह, भगवती देवी, मोहित कुमार, मनोज कुमार, लक्ष्मी देवी, आशीष सिंह, अजीत सिंह, इंद्र प्रताप पाल, संदीप कुमार, उमा कटियार, मोहिनी देवी, उपासना कटियार, ज्योति कटियार, ललिता देवी, प्रवीन बाजपेई, संजीव कुमार, लवली, सत्यनारायण, शिवांगी गुप्ता, आशीष कुमार, बबली राजपूत, मुक्ती देवी, संतोष कुमारी, शोभा देवी, शांतनु दीक्षित, किरन कुमार, सोनी पाल, रुचि, प्रेम औतार, निर्मला, हर्षित तिवारी, पूनम सिंह, मीनाक्षी यादव, बबिता यादव, सोनी बाला यादव, अंशुल दीक्षित, मीरा, अंग्रेजश्री, संध्या, शिव प्रताप सिंह, नगीना खातून, घानिया फातमा रिजवी, अनुपम चौहान, विमल कुमार, प्रियंका कुमारी, बबिता, अर्पित भदौरिया, आशा, अमित कुमार, माया देवी, राजा राजपूत, ऊषा वर्मा, उमा कटियार, रूबी, इंद्र प्रताप सिंह, विकास पाल, घुंघरू त्रिपाठी, अर्चना पाल, शिवा, अनुराग कुमार, उर्बशी यादव, रमा श्रीवास्तव, प्रेमलता तिवारी, जगत पूनम सिंह, सुनीता दिवाकर, अमित कुमार, नीलम यादव, शीला देवी, शिवांगी देवी, ममता दुबे, अंशू, श्रद्धा मिश्रा, पूनम, प्रमोद कुमार, गालिव अहमद, शैलेंद्र कुमार, अमित कुमार, संतोषी द्विवेदी व नूतन दीक्षित शामिल हैं।

### समायोजन को लेकर 20 शिक्षकों ने लगाईं आपत्तियां

**कन्नौज।** बेसिक शिक्षा महकमे में शिक्षकों के अंत: जनपदीय समायोजन की प्रक्रिया चल रही है। 20 अगस्त को सूची जारी होने के बाद अंतिम दिन तक करीब 20 अध्यापकों की ओर से आपत्तियां दाखिल की गईं हैं। अब परीक्षण के बाद इनका निस्तारण किया जाएगा। दरअसल, जिले में प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के चार प्रधानाध्यापक और 357 सहायक शिक्षकों के समायोजन की सूची विभाग ने जारी की है। सबसे अधिक संख्या उमर्दा व छिबरामऊ ब्लॉक क्षेत्र में है। इसके अलावा गुगरापुर व जलालाबाद में अध्यापकों की संख्या कम है। समायोजन की जारी हुई सूची पर 21 व 22 अगस्त को शिक्षकों की ओर से आपत्तियां लगाने का समय था। बीएसए संदीप कुमार का कहना है कि ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से करीब 15-20 आपत्तियां आईं हैं। अब इनका निस्तारण किया जाएगा। प्रक्रिया लंबी चलेगी। उसके बाद सूची फाइनल होगी।

## कलेक्ट्रेट का नाम मिनी सचिवालय रखे जाने की मांग

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने गुरुवार को सामूहिक अवकाश लेकर एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। बाद में 22 सूत्री मांगों का ज्ञापन डीएम शुभ्रान्त शुक्ल को सौंपा। पत्र में कहा है कि जनपद मुख्यालय स्तर पर कलेक्ट्रेट का नाम कार्यालय जिलाधिकारी के स्थान पर मिनी/ जनपद सचिवालय रखा जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व से ही मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन दिए जा रहे हैं लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। 17 सितंबर तक मांगे पूरी न हुईं तो दूसरे चरण का आंदोलन 18 तारीख से लखनऊ में शुरू हो जाएगा।

जिलाध्यक्ष बदन सिंह ने कहा है कि कलक्ट्रेट लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को तहसीलदार के 10 फीसदी पदों पर प्रोन्नति दी जाए। पुरानी पेंशन दी जाए। इसके अलावा मांग की गई कि सामूहिक बीमा राशि 10 लाख रुपये की जाए। मांगों में वेतन, भत्ता व बच्चों की शिक्षा के बिंदु भी शामिल हैं।

इस मौके पर अनूप सक्सेना, प्रभात त्रिपाठी, सुल्तान अहमद खां, मुन्ना लाल वर्मा, सुबोध अग्निहोत्री, रामबृजेश, आर मिश्रा, रामसिंह, राजीव, नरेंद्र पाल, नीलम लता, अखिलेश सिंह, विनय कुमार, रईस अहमद व कृष्ण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



न्यायिक मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

### पैगंबर पर अभद्र टिप्पणी से मुस्लिम समुदाय में रोष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** महंत गंगागिरी महाराज द्वारा इस्लाम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद साहब पर की गई अभद्र टिप्पणी से मुस्लिम समाज में रोष है। हजरत मौलाना पीर सैय्यद अनस मुस्तफा बास्ती साहब की सरपरस्ती में फातहे बिलग्राम मिशन शाखा तालग्राम के पदाधिकारियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट अवनीश गौतम को ज्ञापन सौंपा है। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि मुस्लिमों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। महंत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करना आवश्यक है। इस दौरान मुफ्ती चांद आलम मंजरी, तालग्राम नगर पालिका अध्यक्ष मोहसिन खान उर्फ जानू, सलीम एडवोकेट, कारी अखलाक अहमद, मेराज, समाज सेवी रेहान खान, मुस्लिम रजा खान, हाफिज इरफान वाहिदी, हाफिज निहाल अंसारी, सलमान राइन, शहजाद, सद्दाम एडवोकेट, इमरान अहमद, नदीम अख्तर व राजू मौजूद रहे।



श्रद्धांजलि देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारी लोग अमृत विचार

### कोलकाता की डॉक्टर बिटिया को दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुरानी गल्ला मंडी के गेट पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, किराना एसोसिएशन एवं अन्य व्यापारियों ने कोलकाता की डॉक्टर बिटिया के चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है। इस मौके पर प्रकाश अग्रवाल प्रदेश मंत्री व्यापार मंडल, विवेक गुप्ता, अमित भारतीय, सुशील गुप्ता एसके, वीर गोयल, सुरेश पान वाले, बृजेश, प्रभात मंटू, विजय , कल्लू, प्रभाकर, समीर, नसीम, दिलीप, अरविंद, विमलेश गुप्ता, बंटी मिश्रा, उमाशंकर, शिवम, महेश, नीरज, राहुल, बबलू बिजली वाले, विजय, नन्हे, रविंद्र व सानू सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।



नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय को जानकारी देते सपा व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता। अमृत विचार

# स्कूल से लौटने में देरी पर गढ़ दी अपहरण की कहानी

फालोअप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** चार छात्राओं के अपहरण के प्रयास की कहानी पुलिस की जांच में झूठी निकली है। पुलिस का कहना है कि स्कूल से घर लौटने में देर हो जाने से बच्चियों ने अपहरण की कहानी गढ़ दी थी। जांच में मामला झूठा निकला तो छात्राओं के परिजन भी शांत हो गये।

सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि 21 अगस्त को शहर के मोहल्ला बालापीर से चार बच्चियों के अपहरण किये जाने का मामला सामने आया था। छात्राओं ने कबाड़ी की दुकान पर चाकू लगा कर बंधक बनाने की बात कही थी। कोतवाली में भी भाजपा नेताओं व परिजनों ने हंगामा किया था। पुलिस ने रात नौ बजे तक जांच की। अपहरण स्थल से लेकर तिर्वा क्रासिंग तक के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये तो खुलासा हो गया। बताया कि नेतराम राजपूत पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी मोहल्ला लुधपुरी थाना कोतवाली कन्नौज ने सूचना दी थी कि चार बच्चियों को चाकू लगाकर मोहल्ला बालापीर से आटो चालक उठा ले गया। रास्ते मे पेट्रोल भरवाने लगा, मौका पाकर बच्चे भाग कर घर पहुंचे और घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल मोहल्ला बालापीर से सरायमीरा तिर्वा क्रासिंग तक लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कराए, तो कोई ऑटो बच्चों को लेकर जाता नहीं दिखाई दिया। पूछताछ में भी कोई तथ्य नही मिले। कबाड़ी की दुकान के पास लगे कैमरे में भी कोई आटो या ई-रिक्शा सामने न तो आया और न तो रुका दिखा। बच्चे तिर्वा क्रासिंग की ओर से खेलते हुये घर की ओर जाते दिख रहे हैं। गुरुवार को दोबारा चारों बच्चियों व परिजनों ने पूछताछ में बताया कि वह स्कूल की छुट्टी के बाद ई-रिक्शा में बैठकर तिर्वा क्रासिंग चली गयी और वहीं उतर गयी। पैदल घर जा रही थीं। घर पहुंचने में देरी हो गयी थी। परिवार के लोगों के डर की वजह से सभी ने झूठ बोला था। कोतवाली में बच्चियों के साथ आये उनके चाचा व पिता ने बताया कि बुधवार को रात में छोटी बेटी ने बताया कि अपहरण जैसी कोई घटना नही हुई है।

### गले नहीं उतर रही कहानी

**कन्नौज।** 12 वर्ष से कम की चार बच्चियों ने अपहरण जैसी कहानी को गढ़ डाला यह बात गले नहीं उतर रही है। जिले में इस तरह की घटनाएं न के बराबर होती है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि कैसे और क्यों इन बच्चियों ने कहानी को गढ़ी होगी। पूरी घटना को इस तरह से बयान किया कि कोई इसे झूठ मानने को तैयार नहीं है। यह बात अलग है कि अब पूरा परिवार व पुलिस अपहरण की घटना को झुठला रहे हैं।

### गंभीर मामले को लेकर तो नहीं लिखी गई पटकथा

**कन्नौज।** बच्चियों के अपहरण के मामले में किसी गंभीर कथा को लेकर तो पटकथा तो नहीं लिखी गई थी। जानकारी पर कई भाजपा के नेता कोतवाली पहुंचे और पुलिस से नोकझोंक की। नेता कबाड़ी पर कार्रवाई किये जाने की मांग कर रहे थे। इसीलिये शक की सुई किसी गंभीर पटकथा की ओर इशारा कर रही है।

# शासन तक पहुंचीं एक्सप्रेस-वे पर जलभराव की समस्या

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विधानसभा नेता विरोधी दल ने प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी व ग्राम्य विकास को लिखी चिट्ठी
- समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष ने फगुहा कट पर सीढ़ियां बनाने की रखी मांग

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के फगुहा कट पर सीढ़ियां न होने व तिर्वा कस्बे में जलभराव की समस्या शासन तक पहुंच गई है। सहूलियत देने के लिए पत्र दोनों ही विभागों के प्रमुख सचिव के पास पहुंचे हैं। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष की मांग पर विधानसभा नेता विरोधी दल ने चिट्ठी लिखीं हैं।

समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष व तिर्वा निवासी अंशुल गुप्ता ने लखनऊ जाकर विधानसभा नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत तिर्वा की सीमा खत्म होने वाले इलाके में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। इस वजह से कस्बा समेत डीएन इंटर कॉलेज के आगे, खेल मैदान, प्लॉटों में जलभराव होता है। उन्होंने कहा कि तिर्वा खास-टूसावारी क्षेत्र का कच्चा नाला ईशन नदी तक जगह-जगह बंद है। इसका पक्का निर्माण कार्य कराया जाए। जिला पंचायत ने 2021 में इसका टेंडर भी निकाला था, लेकिन कार्य नहीं हुआ है। कोषाध्यक्ष ने कहा कि इसके अलावा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे फगुहा कट किमी 192-193 पर चढ़ने-उतरने के लिए सीढ़ियां नहीं हैं। इस वजह से यात्री मार्ग के किनारों में लगे पत्थरों से एक्सप्रेस-वे पर पहुंचते हैं। इससे जान जोखिम में रहती है। बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को दिक्कतें अधिक होती हैं। उधर, नेता विरोधी दल ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर सीढ़ियों का निर्माण कराने की बात कही है। साथ ही ग्राम्य विकास प्रमुख सचिव को भी पत्र लिखकर पानी निकासी के लिए कार्रवाई करने की मांग की है।

## रिमझिम बारिश ने तापमान गिराया

**कन्नौज।** बारिश से गुरुवार को तापमान गिर गया। मौसम खुशनुमा हो गया। उमस से कोई खास राहत नहीं मिली। दूसरी ओर जगह-जगह हुए जलभराव से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वन विभाग कार्यालय परिसर में भी पानी भरा गया। यहां निकट ही तालाब है, बारिश में वह उफना जाता है।

इसी तरह तिर्वा क्रॉसिंग के निकट धीरा तालाब का पानी भी आसपास की बस्ती में भरने लगता है। बारिश से मक्का को फायदा होगा। हालांकि कई खेतों व फसलों में जलभराव होने से नुकसान की भी संभावना बढ़ गई है।

# क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण शुरू

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण के लिए भूमि पूजन करते प्राचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंभीर मरीजो के लिए मेडिकल कॉलेज में प्रस्तावित क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण शुरू हो गया है। इसको लेकर प्राचार्य ने विधि विधान के साथ हवन कर भूमि पूजन किया।

डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में गंभीर रोगियों के उपचार के लिए शासन ने 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण को हरी झंडी दे दी है। कार्यदायी संस्था नामित होने के बाद गुरुवार को निर्माण शुरू कराने के लिए भूमि पूजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने भूमि का पूजन कर निर्माण शुरू करा दिया। प्राचार्य ने बताया कि कालेज में गंभीर मरीजो के लिए 1998.96 लाख रुपये की लागत से यूनिट का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। शासन से नामित कार्यदायी संस्था सीएनडीएस ने निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी है। 3500 वर्ग मीटर में 50 बनने वाली इस यूनिट में आइसीयू जैसी सुविधाएं होंगी। यहां गंभीर मरीजों का इलाज किया जाएगा। कार्यदायी संस्था को दो सालों का लक्ष्य दिया गया है। यूनिट बनने से दुर्घटना में घायल मरीजों को बहेतर इलाज मिल सकेगा।

सम्मान

कलेक्ट्रेट में 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का भी उत्साह बढ़ाया गया, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की हुई बैठक

# गुड वर्क में 8 सीडीपीओ, सुपरवाइजर सम्मानित किए गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** बाल विकास पुष्टाहार सेवा विभाग में बेहतर काम करने चार-चार सीडीपीओ, सुपरवाइजर व 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया।

गुरुवार को डीएम शुभ्रान्त शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। इसमें सीडीपीओ उमर्दा अमित मिश्र, कन्नौज ग्रामीण से विजय लक्ष्मी दुबे, तालग्राम की पूजा सिंह व जलालाबाद के शेषमणि यादव को डीएम ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही शहर की प्रभारी सीडीपीओ व मुख्य सेविका अर्चना वर्मा, छिबरामऊ से रमाकांती, हसेरन से उमाकांती, जलालाबाद से शिवप्रभा का भी सम्मान किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री कंचन कुशवाहा, रमन देवी, संगीता कटियार, जौहरा बी, नूतन, कमलेश, मिथलेश, विनीता, अन्नपूर्णा, गीता गुप्ता, रेखा देवी, रूबी देबी को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

बैठक में डीएम ने कहा कि परियोजना पोषण ट्रैकर पर नियमित आधार वैरिफाई किए जाएं। जो सूची फीड की जाए, आधार क्रमांक और फोन नंबर को फोन करके तुरंत जांचा जाए। जो भी पोषाहार दिया जाए, लाभार्थी को एसएमएस के माध्यम से जानकारी मिले। 17,523 लाभार्थियों के मोबाइल नंबर सत्यापन का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। पोषण ट्रैकर एप्प पर धात्री माता व शून्य से छह साल के बच्चों की फीडिंग में 291 का अंतर है, जिसे समय से आंगनबाड़ी की ओर से फार्म भरकर ठीक करने को कहा गया। जुलाई में 1357 बच्चों का दक्षता मापन न होने पर समय से पूरा करने को कहा।

### स्कूल न जाने वालों का दाखिला कराएं

डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा से कहा कि गर्भवती महिलाओं का वैरिफिकेशन कराकर सूची अपडेट की जाए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह से कहा कि 11 से 14 वर्ष के जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं उनका स्कूल में एडमिशन कराया जाए। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा उपस्थित रहीं।

### युवाओं को रोजगार स्कीमों की जानकारी दें: डीएम

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक ली। निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्रों को लाभ देने के लिए आपसी समन्वय के साथ काम करें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को 25 अगस्त तक धान, मक्का, बाजरा, गेहूं फसलों का बीमा कराने को कहा। सीवीओ डॉ. कर्णवीर सिंह को निर्देश दिए कि पशु पालन, मत्स्य पालन, डेयरी आदि योजनाओं में लोन के जरिए स्वरोजगार दिया जाए। डीएम ने कहा कि रोजगार स्कीमों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे युवा रोजगार कर स्वावलंबी बन सके। डीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत बैंक ऑफ इंडिया में एक, भारतीय स्टेट बैंक में चार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में दो, पंजाब नेशनल बैंक में तीन, बैंक ऑफ बडौदा के दो, इंडियन ओवरसीज बैंक के दो लंबित आवेदनों को समय से निस्तारित किया जाए।


अमृत विचार क्लासीफाइड डिस्प्ले
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7985205326, 8081445811




अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं रीता कश्यप लखनऊ की निवासी हुं, मेरी पुत्री सृष्टि कश्यप के विद्यालय में सभी दस्तावेजों पर मेरा नाम अंग्रेजी में Reeta Kashyap लिखा है, जबकि मेरे सभी दस्तावेजो आधार कार्ड पर मेरा नाम RITA Kashyap लिखा है। यह दोनो ही नाम मेरे हैं मैं अपनी पुत्री के विद्यालय के दस्तावेजो और लाइसेंस (डी.एल) में आधार कार्ड वाला नाम दर्ज करवाना चाहती हूँ। **रीता कश्यप लखनऊ मो.9198060366**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे प्रपत्रों अभिलेखो में मेरा नाम गलती से घनश्याम लिख गया है, जबकि मेरा सही नाम घनश्याम वर्मा है। इसी नाम को सही माना जाए। **घनश्याम वर्मा पुत्र राम जियावन ग्राम –विडारपुर, पोस्ट– सेउर चमुरखा कूरेभार, जनपद–सुलतानपुर 228151 उ0प्र0**

**सूचना**

मेरे passport में मेरा नाम SAEED AHMED अंकित है मेरा वास्तविक नाम SAEED AHMAD है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/o: MUKHTAR AHMAD, R/o- 426/1899, WAZEER BAGH, AMBARGANJ, CHOWK, LUCKNOW

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHD ISHAQ था अब मैंने बदलकर अपना नाम ISHAQ KHAN रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/o: USMAN KHAN R/o- 189,GRAM RASOOLPUR POST AMIR NAGAR, LAKHIMPUR KHERI

**सूचना**

पहले मेरा नाम ASHIYA BANO था अब मैंने बदलकर अपना नाम AASIYA KHATOON रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। W/o: ISHAQ KHAN R/o- 189, GRAM RASOOLPUR POST AMIR NAGAR, LAKHIMPUR KHERI

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मुस्कान गुप्ता पुत्री पंकज गुप्ता, निवासिनी– मो0 अशराफटोला, थाना कोतवाली शहर, जिला हरदोई** मेरे हाईस्कूल के अंक विवरणिका सह प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 06.08.2002 अंकित हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरी सही जन्मतिथि 22.06.2004 जो सरकारी अभिलेखो में दर्ज है। उक्त में मेरी सही जन्मतिथि 22.06.2004 को अंकित किया जाय।

**सूचना**

मै, AQEEL AKHTAR ANSARI मैंने अपने बेटे का नाम MUHAMMAD SAAD AKHTAR से बदल कर MOHAMMAD SAAD AKHTAR ANSARI रख दिया है अब भविष्य में मेरे बेटे को MOHAMMAD SAAD AKHTAR ANSARI के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O AQEEL AKHTAR ANSARI R/O- 544KA/ 642 BISMIL COLONY BALAGANJ LUCKNOW

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मां संखा देवी निवासिनी ग्राम बौनापुर पोस्ट खैरम ललवा चक जिला गोंडा ने मेरी LIC पालिसी संख्या 218323440 राधा देवी के नाम से कराया था जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक मे मेरा नाम मंशा देवी दर्ज हैं। अब मुझे मंशा देवी के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **–मंशा देवी पत्नी सुधाकर शुक्ल, निवासिनी– दरबारी पुरवा, जमथरा पोस्ट खैरम ललवा चक, जनपद–गोंडा (उ0प्र0)**

**सूचना**

मैं डिम्पल सरदाना पत्नी Munish Sardana नि.– बी–1/104, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ। मेरे पति का R.T.O. लखनऊ में त्रुटिवश नाम Manish Sardana दर्ज है जबकि आधार कार्ड अनुसार उनका सही नाम Munish Sardana है। जिसे R.T.O लखनऊ रिकार्ड्स में सही दर्ज किया जाये।

**NOTICE**

I publicly inform that in the educational forms and records of my daughter Aditri Srivastava, father's name has been written by mistake as Santosh Srivastava. Whereas my correct name is Santosh Kumar Srivastava. This name should be considered correct. Santosh Kumar SrivastavaS/O Late Girish Chandra Srivastava Resident- 268, Patel Nagar Gonda-271001

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना।

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 46 | सूर्यास्त 06 : 40

# नवाब के रिश्तेदार के शीतगृह की बाउंड्री पर चला बुलडोजर

## जांच में पाया गया था सरकारी ऊसर जमीन पर अवैध कब्जा, 10 अगस्त को जारी हुई थी नोटिस

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** दुष्कर्म के आरोपी व पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव के बाद उनके करीबियों पर भी प्रशासन की निगाह टेढ़ी हो गई है। इस क्रम में उनके रिश्तेदार के कोल्ड स्टोरेज की बाउंड्री सरकारी जमीन पर बताते हुए हाल में नोटिस चस्पा किया गया। इसके बाद गुरुवार को बुलडोजर चलाकर इसे धराशायी कर दिया गया। खास बात यह कि 10 तारीख में जारी नोटिस 18 अगस्त को चस्पा किया गया था जिसमें सात दिन की मोहलत का उल्लेख है।

बता दें कि किशोरी से दुष्कर्म मामले में नवाब के लपेटे में आने के बाद से ही चर्चा तेज है कि प्रशासन द्वारा उनकी जिले समेत अन्य स्थानों पर वैध-अवैध संपत्तियों का ब्योरा जुटाया जा रहा है। आरोपी के छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख वीरपाल उर्फ नीलू यादव के साले अरविंद यादव का तहसील क्षेत्र के बलनापुर गांव के सामने तिर्वा-ठठिया मार्ग पर श्री बांके बिहारी नाम से कोल्ड स्टोरेज है। तहसील प्रशासन से किसी ने सरकारी जमीन पर कोल्ड स्टोरेज के निर्माण की शिकायत की थी। प्रशासन ने जांच कराई तो कोल्डस्टोरेज की बाउंड्रीवाल करीब 12 डिसमिल सरकारी ऊसर जमीन पर बनी पाई गयी। यह जमीन निजी काम के लिये उपयोग की जा रही थी। इस पर एसडीएम ने सरकारी जमीन पर बनी बाउंड्रीवाल स्वयं गिराने का नोटिस कोल्ड मालिक को जारी कर दीवार पर भी चस्पा कराया था। इधर, कन्नौज में बहुचर्चित दुष्कर्म प्रकरण में सपा नेता फंस गए। माना जा रहा है इसके बाद ही प्रशासनिक कार्रवाई ने तेजी पकड़ी। बताया जा रहा है कि 10 अगस्त को जारी नोटिस 18 अगस्त को चस्पा कराया गया और सात दिन का समय दिया गया था। चौथे दिन गुरुवार को बुलडोजर लेकर राजस्व, पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम अशोक कुमार ने पैमाइश कराने के बाद कोल्ड स्टोरेज की बाउंड्रीवाल बुलडोजर से गिरवा दी और जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया। एसडीएम ने बताया कि पहले भी इन्हें कई बार दीवार हटाने के लिये नोटिस दिया जा चुका था। इस बार एक हफ्ते में न हटाने पर बलपूर्वक कब्जा खाली कराने का अल्टीमेटम दिया गया था। इसके तहत यह कार्रवाई की गई। भले ही जिम्मेदार कुछ भी कह रहे हैं लेकिन लोगों में चर्चा है कि नवाब के संगीन मामले में फंसने के बाद प्रशासन ने नोटिस सीमा बीतने के पांच दिन बाद कार्रवाई की है। सवाल यह भी उठ रहा है कि यह कार्रवाई 17 या 18 अगस्त को हो जानी चाहिए थी तो फिर इतनी देरी क्यों की गई? शीतगृह मालिक अरविंद यादव ने बताया कि जब निर्माण की अनुमति ली गई थी वह पुराने सर्कुलर के आधार पर थी। उसी के आधार पर निर्माण कराया था लेकिन हाईवे बनने के बाद नया सर्कुलर आ गया। इसके अनुसार जमीन छोड़नी चाहिए थे लेकिन उन्होंने नहीं छोड़ी। इस वजह से यह कार्रवाई हुई है। इससे उन्हें कोई आपत्ति या शिकायत नहीं है। बुधवार को उन्होंने कुछ निर्माण उन्होंने स्वयं गिरवाया भी था।


कोल्डस्टोरेज की बाउंड्री पर चलता बुलडोजर। अमृत विचार


निर्माण ढहाए जाते समय मौजूद अधिकारी व पुलिस फोर्स। अमृत विचार

- 18 को नोटिस चस्पा कर चौथे दिन कर दी कार्रवाई

### नवाब ने ही काटा था फीता

**तिर्वा, कन्नौज।** आलू व सब्जी सुरक्षित रखने के लिए बलनापुर गांव के पास तैयार हुए कोल्डस्टोरेज का उद्घाटन गत वर्ष नवाब सिंह ने ही फीता काटकर किया था।

# दुष्कर्म में फंसे नवाब पर गैंगस्टर लगाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ‘बुआ’ को प्रलोभन देने में भाई नीलू यादव को खोज रही पुलिस
- भाई के कहने पर ही अन्य सपा नेताओं पर लगाए थे आरोप

**अमृत विचार।** नवाब सिंह यादव पर लगे दुष्कर्म के आरोप में शामिल सह आरोपी किशोरी की बुआ की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब पुलिस ‘बुआ’ को प्रलोभन देकर केस पेचीदा बनाने का प्रयास करने में नवाब के छोटे भाई की गिरफ्तारी की तैयारी में है। इस केस में चार्जशीट लगने के बाद पुलिस मुख्य आरोपी पर गैंगस्टर लगाने की तैयारी में है।


नवाब सिंह यादव।

12 अगस्त को अपने महाविद्यालय में रात के समय किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में नवाब सिंह यादव के जेल जाने के बाद सह आरोपी पीड़िता की बुआ भी जेल में पहुंच गई है। अब पुलिस नवाब के छोटे भाई नीलू यादव की तलाश में जुट गई है। माना जा रहा है कि इसके बाद मामले में पुलिस चार्जशीट लगायेगी। इसके बाद नवाब पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो सकती है। इसके लिये पुलिस ने आरोपी पर पहले से दर्ज करीब 15 मुकदमों की डिटेल तैयार कर ली है। इसी को आधार बनाते हुए पुलिस अगली कार्रवाई करेगी।

पुलिस सूत्रों की मानें तो प्रलोभन देकर नीलू ने बुआ से सपा नेता नवाब सिंह यादव को फंसाने का आरोप अन्य नेताओं पर लगवाया था। बुआ ने पुलिस को यह जानकारी दी है। इससे नीलू भी आरोपी बन गये हैं। पुलिस का कहना है कि सपा नेता समेत बउअन तिवारी आदि इस मामले में शामिल नहीं हैं।

## एक नजर

### महीने भर से टूटी पड़ी सरकारी नलकूप की हौदी

**सौरिख, कन्नौज।** महीने भर से सरकारी नलकूप की हौदी टूटी पड़ी है। अधिकारियों के सुध न होने से पानी की बरबादी हो रही है जिससे किसानों की फसल को क्षति पहुंच रही है। सौरिख क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में 90 नंबर सरकारी नलकूप है जिसकी हउदी लगभग एक महीने से टूटी पड़ी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की लेकिन नलकूप विभाग के अधिशासी अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। इससे बह रहे पानी से किसानों की हजारों बीघा धान व बाजरे की फसल चौपट होती दिखाई दे रही है। किसानों ने कहा कि अगर हौदी सही नहीं कराई गई तो प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### दुर्घटना में घायल दूसरे युवक ने भी दम तोड़ा

**तिर्वा, कन्नौज।** बाइकों की आपस में भिड़ंत में घायल दूसरे युवक की उपचार दौरान मौत हो गई। कोतवाली के सुजानसराय गांव के पास बुधवार की शाम को दो अनियंत्रित बाइक आमने-सामने टकरा गई थी। इसमे थाना इंदरगढ़ के नान्हेपुर गांव निवासी सुनील व बिल्हौर थाना के मौजमपुर निवासी अखिलेश (24), विषधन ककवन निवासी अमरेश पुत्र जगदीश घायल हो गए थे। पुलिस घायलो को मेडिकल कालेज ले गई थी जहां डॉक्टरो ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया था। गंभीर घायल सुनील को कानपुर रेफर कर अमरेश का उपचार शुरू कर दिया था। कानपुर में उपचार के दौरान सुनील की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल जेपी सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### शव की सूचना पर पहुंची पुलिस को मिला मरा कुत्ता

**तिर्वा, कन्नौज।** सडक किनारे खाई में बोरे के अंदर शव पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को मरा हुआ कुत्ता मिला। थाना इंदरगढ़ के नौसारा गांव के पास तिर्वा-इंदरगढ़ मार्ग के किनारे खाई में पड़े बोरे से दुर्गंध आ रही थी। शव की आशंका में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और बोरी हटवाकर देखा तो एक कुत्ते का काफी पुराना शव मिला। थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया कि कुत्ते के शव पर किसी ने बोरी डाल दी थी।

### घर में घुसकर मारपीट गालीगलौज में चार को सजा

**कन्नौज।** थाना छिबरामऊ में दर्ज घर में घुसकर मारपीट के मामले में दोषी पाए गए चार अभियुक्तों को 03-03 वर्ष के कारावास व 1-1 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। जुगलकिशोर, पूरन, राधेश्याम पुत्रगण रामकिशन तथा एस.पी. सिंह निवासी गण कमालपुर थाना छिबरामऊ के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, गालीगलौज करने तथा गंभीर चोट पहुंचाने का ममला पंजीकृत कराया गया था। प्रकरण में सुनवाई पूरी होने के बाद। न्यायालय एसीजेएम कन्नौज चारों को दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुनाई।

# बालिका से दुष्कर्म के दोषी को 30 साल की जेल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने सुनाई सजा, 30500 रुपये जुर्माना लगाया

**अमृत विचार।** बालिका से करीब साल भर पहले दुष्कर्म करने के मामले में दोष सिद्ध अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने 30 साल की जेल तथा 30500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दो साल की जेल और भुगतने का आदेश दिया है।


गोपाल।

जिला शासकीय अधिवक्ता किशोर दोहरे ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र गुरसहायगंज निवासी पीड़ित ने 30 अगस्त 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शाम करीब साढ़े पांच बजे उसकी 12 साल की पुत्री घर से बकरी चलाने खेत पर गई थी। वह बंटाई पर किए गए खेत जिसके आधे में तिली की फसल खड़ी है व आधा खाली है में वह बकरी चरा रही थी। पास के खेत में ट्रैक्टर से लेवलिंग हो रही थी। पुत्री खेत के किनारे किनारे जा रही थी। तभी एक लड़का भागकर आया और पुत्री का गला दबाकर पीटते हुए कलत नीयत से तिली खेत में खींच ले गया जहां उससे गलत काम करने की कोशिश की।

इस दौरान एक लड़का थोड़ी दूरी पर खड़ा रहा। किसी तरह से छूटकर पुत्री भागी और घर आकर रोते हुए पूरी बात बताई। इस पर वह तुरंत खेत पर गया तो पता चला कि पड़ोसी गांव भंवरगाढ़ा के गोपाल पुत्र उदयवीर ठाकुर ने पुत्री के साथ गलत काम करने की कोशिश की। मामले में पुलिस ने एक अज्ञात समेत दो के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

प्रकरण में विवेचना के बाद आरोपी गोपाल पर बालिका से दुष्कर्म में धारा 376 AB व 5M/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। घटना में अज्ञात के शामिल न होना पाते हुए उसके खिलाफ विवेचना बंद की गई। मामले की सुनवाई पूरी होने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश अलका यादव ने दोषसिद्ध अभियुक्त गोपाल को 30 साल के कठोर कारावास तथा 30500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर दो साल की सजा और भुगतने का आदेश दिया है।

### बिजली चोरी में तीन साल की सजा

**कन्नौज।** न्यायालय विशेष न्यायधीश (विद्युत अधिनियम) ने बिजली चोरी के मामले में दोष सिद्ध को तीन साल की सजा सुनाई। लोक अभियोजक संजीव शुक्ला व अहसन जमा खां ने बताया कि तिर्वा कोतवाली में जेई केके कमल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 अक्टूबर 2011 को की चेकिंग अभियान के दौरान रामपाल वर्मा पुत्र केदारनाथ,इंदरगढ़ तिराहा, गौतम पुत्र आशाराम मो. कालिकानगर, सुरेश चंद्र पुत्र सुंदर निवासी मो. तिर्वागंज, विशाल भोजनालय इंदरगढ़, राजू गुप्ता को बिजली चोरी करते पाया गया। विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधि.) अजय कुमार श्रीवास्तव ने दोष सिद्ध पाते हुए अन्नू बाथम को तीन साल कारावास सुनाया जबकि अधिभार व अभियुक्त को हुए लाभ के आवश्यक साक्ष्य न होने से जुर्माना नहीं लगाया।

# बाइक की टक्कर लगने के बाद दबंगों ने की मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** बाइक की टक्कर से घायल हुए मां-बेटे को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के उहिदापुर गांव निवासी अरविंद पुत्र बच्चनलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 20 अगस्त को वह अपने पुत्र अंकित के साथ बाइक से सुजानसराय से कपूरापुर जा रहा था। जैसे ही कपूरापुर गांव के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह व उसका पुत्र सड़क पर जा गिरे। उसी दौरान मौके पर पहुंचे फतेहपुर गांव निवासी बीनू, पप्पू ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप


एक्सप्रेस-वे फगुहा टोल मार्ग पर भरे पानी को निकालता इंजन। अमृत विचार

### एक्सप्रेस-वे रोड पर पाइप से निकाला गया पानी

**कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर जाने के लिए बने टोल रोड फगुहा में 20 अगस्त को बारिश की वजह से पानी भरा गया था। यहां कानपुर की नंबर प्लेट लगी कार फंस गई थी, जिसे बाद में क्रेन से निकाला जा सका। इंजन में पानी चले जाने की वजह से गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई और क्रेन से ही खिंचकर गई थी। टोल मार्ग पर भरा बारिश का पानी दो दिन बाद भी नहीं निकल सका। गुरुवार को ट्रैक्टर पर इंजन व पाइप लगाकर पानी को दूसरे छोर में निकाला गया। यहां बारिश का पानी संचयन भी होता है। इसके साथ ही आसपास सफाई भी हुई। इस दौरान टोल मार्ग को बाधित भी किया गया। बताते चलें कि आपके अपने लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार में इस मामले को 21 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था।

### रात के अंधेरे में हो रहा अवैध खनन, प्रशासन बेखबर

**सौरिख, कन्नौज।** खड़नी चौकी के अंतर्गत रात में खनन माफिया जेसीबी लगाकर मिट्टी खनन कर रहे हैं लेकिन प्रशासन को भनक नहीं है। एक युवक का खेत रूर मौजा में है। उसमें ही खनन माफिया ने जेसीबी लगाकर सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी उठा ली। सुबह जब वह खेतों की तरफ गया तो वहां तालाब बन गया था। खेत मालिक ने इसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से की है। जब खनन विभाग के अधिकारी से फोन लगाया तो उनसे बात नहीं हो सकी।

### कंटेनर की टक्कर से पल्लेदार की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला ककरैया रामनगर निवासी दिनेश नागर पुत्र ललई नागर पल्लेदारी करता था। गुरुवार दोपहर पश्चिमी बाईपास पर जीटी रोड पार करते समय तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक कंटेनर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया और कंटेनर को कब्जे में ले लिया। सूचना पर पहुंची पत्नी संतोषी देवी पांच बच्चों सनी, देवा, चंदन, कोहिनूर, मैंना का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

### नशे की हालत में वाहन चलाते मिले तो होगी कार्रवाई

**कन्नौज/गुरसहायगंज।** शराब के नशे में वाहन चलाना महंगा पड़ेगा। एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है। इस क्रम में चलाए गए अभियान में ब्रेथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच की गई तो कई के चालान काटे गए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर यातायात प्रभारी आफाक खां ने टीम के साथ तिर्वा क्रासिंग व हाइवे पर नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की। कई वाहन चालक नशे में मिले तो कार्रवाई की गई। चेकिंग देख कई ऑटो चालक बच कर निकले। उनका मानना था कि यदि वह ब्रेथ एनालाइजर के दायरे में आये तो फंस जायेंगे। प्रभारी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नशे में वाहन न चलाने की चेतावनी दी।

# मां के नाम पर रोपित करें एक पौधा

**जलालाबाद, कन्नौज।** कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी कन्नौज द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत एक पौधा मां के नाम विषय पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने कहा कि पेड़ की छाया में हर कोई सुकून पाता है। जैसे मां की ममता में शिशु को सुख का एहसास होता है।

उन्होंने पौध रोपण तकनीक की विस्तार से जानकारी दी। जल शक्ति अभियान हेतु जागरूक किया। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द कुमार ने मिट्टी परीक्षण करने की सलाह दी। प्रसार वैज्ञानिक डॉ. सुशील कुमार ने उचित आकार का गड्ढा खोदने की सलाह दी। गृह वैज्ञानिक डॉ. पूनम सिंह ने बताया कि पोषण की आवश्यकता फलों से पूरी की जा सकती है।

गृह वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला यादव ने फलो के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने किसानों को मौसम से संबंधित जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सियरमऊ, डिगसरा, ललईपूर्वा, जलालाबाद इत्यादि गांवों के 21 कृषकों को 04-04 फलदार व हवादार पौधे वितरित किए गए।


पौधों के साथ मौजूद किसान व वैज्ञानिक। अमृत विचार

# बिना अनुमति नहीं कर सकेंगे मकान का निर्माण

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

### वाहनों को देना होगा पार्किंग शुल्क

- पार्किंग को लेकर भी चर्चा हुई जिसमें नगर पंचायत की सीमा में आने वाले वाहन ई रिक्शा, टेंपो, भार वाहन आदि को सुविधा शुल्क देना होगा और इसकी रसीद कटेगी।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत में विकास कार्यों को लेकर बोर्ड की बैठक नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की गई। इसमें विभिन्न कार्य कराए जाने को लेकर चर्चा की गई।

नगर पंचायत सौरिख में बोर्ड की बैठक गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभासदों की उपस्थिति में नये भवन एवं मीटिंग हाल के निर्माण, कार्यालय में जेसीबी मशीन, लाइट, स्काई लिफ्ट तथा नगर सीमा में जो भी मकान नहीं आ रहे हैं उन्हें जोड़े जाने पर चर्चा की गई। कहा गया कि पुराने ब नये मकान का निर्माण नगर पंचायत की बगैर अनुमति के नहीं किया जा सकेगा। अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने बैठक में कहा कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चला कर नोटिस चस्पा किए जाएंगे। अगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर पंचायत प्रशासन की तरफ से हटवाया जाएगा।

**हुनर का प्रदर्शन** | जनपदीय कला उत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं को डीआईओएस ने बांटे प्रमाणपत्र

# नृत्य व गायन में एसडी इंटर कॉलेज की छात्राएं अव्वल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपदीय कला उत्सव प्रतियोगिता में कई माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। लोक नृत्य, शास्त्री नृत्य व शास्त्री गायन में सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज कन्नौज की छात्राओं ने बाजी मार ली। सभी विजेताओं को डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने प्रमाणपत्र बांटे।

गुरुवार को शहर के सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज कॉलेज में ही जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं हुईं। प्रधानाचार्य रीना कुशवाहा ने बताया कि लोक नृत्य में छात्रा भक्ति शंखवार, शास्त्रीय नृत्य में नव्या बाजपेई व शास्त्री गायन में नित्या सिंह भदौरिया (सभी सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज) प्रथम स्थान पर आईं। लोकगीत में जेपी बालिका इंटर कॉलेज की लवली, एकल अभिनय में राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज गंगधरापुर के छात्र आयुष सिंह, बालक वर्ग लोकनृत्य में पं. दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज जसोदा के गगन पाल, चित्रकला में गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज कन्नौज की अनन्या दुबे, मूर्ति कला में जेपी बालिका इंटर कॉलेज की दुर्गा प्रजापति व इसी कॉलेज की खुशी ने पारंपरिक खिलौने बनाने में पहला स्थान आया। प्रधानाचार्य ने बताया कि निर्णायक मंडल में शामिल महेंद्र सिंह, मोहन प्रसाद, प्रियंका, दीक्षा तिवारी, स्नेहलता भदौरिया ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए प्रतिभागियों का चयन किया। इस मौके पर जिला नोडल रश्मि राठौर व पूर्णिमा देवी मौजूद रहीं। लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज, राजकीय हाईस्कूल मुरैया बुजुर्ग, राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल गुगरापुर, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, गुरुकुल अकादमी के भी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, लेकिन वह किसी स्थान पर जगह नहीं बना सके।


मूर्ति कला प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं।


प्रमाणपत्र दिखातीं विजेता छात्राएं। अमृत विचार

# दो दिन से लापता युवक का शव नहर में मिला, हत्या का आरोप

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** घर से दो दिन पहले लापता हुए युवक का शव निचली गंगनहर के इलाहबाद ब्रांच से बरामद हुआ। परिजनों ने शरीर पर चोटों के निशान देख हत्या का आरोप लगाया जबकि भाई ने वुधवार रात गुमशुदगी दर्ज कराई।

थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी मनुज मिश्रा (32)पुत्र विजय बहादुर मिश्रा मंगलवार/वुधवार की रात करीब एक बजे घर से लापता हो गया। बुधवार को दिन में खोजबीन के बाद भी पता न लगने पर बड़े भाई अनुज मिश्रा ने शाम के समय ऑनलाइन गुमशुदगी दर्ज कराई जबकि एक बड़े भाई ने गुरुवार को थाने में सूचना दी। गुरुवार शाम चार बजे के करीब ग्रामीणों ने निचली गंगनहर से निकली इलाहाबाद ब्रांच नहर में वैरगरा गांव के पास शव बहता देख चपुन्ना चौकी पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव निकलवाया। नहर में शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और मनुज के रूप में शिनाख्त की। शरीर पर चोटों के निशान देख परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


नहर के पास खड़े ग्रामीण व जानकारी जुटाती पुलिस। अमृत विचार

- परिजनों ने शरीर पर देखे चोटों के निशान
- बड़े भाई ने ऑनलाइन दर्ज कराई थी गुमशुदगी

# हिन्दू संगठनों ने नारेबाजी करते हुए किया प्रदर्शन

**प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा ● बांग्लादेश में हिंदुओं को बचाने की उठाई मांग**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले जेएनवी तिराहे से बड़ी संख्या में हिन्दू संगठनों ने रैली निकाली। भारी संख्या में लोगों ने रैली में भाग लिया। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार बंद करो, । पैदल मार्च करते हुए हिन्दू संगठन कलेक्ट्रेट पहुंचें। जहां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के जेएनवी तिराहे पर गुरुवार सुबह से ही बड़ी संख्या में हिन्दू संगठनों के लोग जुटना शुरू हो गए। हिन्दू रक्षा समिति के आह्वान पर पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर जमकर प्रचार किया गया। कार्यक्रम में हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, करणी सेना जिला अध्यक्ष मंथन ठाकुर, विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री सुशील चौहान, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह राठौड़, सरदार पटेल युवा वाहिनी सहित दर्जनों संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बांग्लादेशी हिंदू भाइयों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, हम हिन्दू एक है, बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो के बैनर तख्तियां लिए लोग जमकर नारेबाजी करते नजर आए। जय श्री राम, भारत माता की जय के नारों से क्षेत्र गूंजता रहा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस, फर्रुखाबाद कोतवाली पुलिस, थाना मऊ दरवाजा पुलिस सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं पुलिस के उच्चाधिकारी भी माहौल पर नजर बनाए रहे।

प्रदर्शनकारियों ने अनुशासित तरीके से एक लाइन बनाकर कलेक्ट्रेट तक मार्च किया। इसके बाद हिंदू रक्षा समिति के एक प्रतिदिन मंडल ने जिला अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष डॉ. अविनाश पांडे ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं का नरसंहार किया गया, इसलिए जरूरी है कि केंद्र सरकार उनकी सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करे।हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने कहा कि वह केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को रोका जाए।

इस मौके पर विजय शंकर सिंह चौहान पप्पू हिन्दू समाज के लोगों की भारी भीड़ को लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए। विजय शंकर ने कहा कि बंग्लादेश में हिंदुओं पर खुलेआम अत्याचार हो रहा है इसे तत्काल प्रभाव से बन्द कराया जाए। इस मौके पर विजय कटियार, सुरेश यादव, उमेश गुप्ता सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते हिन्दू संगठन। अमृत विचार



जिलाधिकारी वीके सिंह को ज्ञापन देते पदाधिकारी। अमृत विचार

# आरक्षण को पहले की तरह लागू करने की मांग

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

● **बुद्ध आंबेडकर सामाजिक समिति ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा**

**अमृत विचार।** उपवर्गीकरण आरक्षण को लेकर बुद्ध आंबेडकर सामाजिक सेवा समिति ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और संसद का विशेष सत्र बुलाकर निर्णय को निरस्त करने की मांग की। कहा अगर यह व्यवस्था लागू हो गई तो समाज में वैमनस्यता उत्पन्न होगी।

बुद्ध आंबेडकर सामाजिक सेवा समिति के दर्जनों पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां उन्होने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह को सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा एससी व एसटी आरक्षण के उपवर्गीकरण पर 7 न्यायाधीशों को संवैधानिक पीठ द्वारा दिए गए फैसले से देश में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लोगों की पुनः उपवर्गीकरण दिए जाने की मान्यता प्रदान की गई है, जिसको लेकर और भी बहुत सारी बातें कहीं गई हैं। उनका कहना है कि इस निर्णय से उनकी पार्टी सहमत नहीं है।

संसद का विशेष सत्र बुलाकर निर्णय को निरस्त किया जाए। और साथ ही आरक्षण को पहले की तरह से लागू किया जाए। ज्ञापन के दौरान दुर्वेश चन्द्र, बुध्द प्रकाश, सुशील कुमार, सचिन कुमार, अनुराग सिंह, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। अमृत विचार

# भीम आर्मी जिला अध्यक्ष समेत 41 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● **मोदी और योगी के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी करने का मामला**

**अमृत विचार।** भारत बंद के आह्वान पर बुधवार को भीम आर्मी, बसपा सहित दलित संगठनों ने जेएनवी तिराहे पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था, जिसके बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। जिसमें युवाओं ने पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी कर गालियां भी दीं। जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

मामले में पुलिस ने भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सहित 41 के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली फतेहगढ़ में तैनात उप निरीक्षक नर सिंह ने अभियोग पंजीकृत कराया है, जिसमें बताया कि क्रीमीलेयर के संबध में दिए गए उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरोध में 21 अगस्त को आजाद समाज पार्टी कांशीराम/भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष नितिन गौतम निवासी गढ़ी अशरफ अली, जिला प्रभारी राजीव सिंह सहित अन्य पदाधिकारी, अनुयायियों के साथ एडीएम को ज्ञापन देने के बाद वापस लौटते समय जुलूस निकाला फर्रुखाबाद मार्ग पर भोलेपुर शिव मंदिर के सामने नेकपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 30- 40 लोगों ने अभद्र टिप्पणी की, जिसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शौचालय के टैंक में मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल लोहिया कैंपस में आइसोलेशन वार्ड, महिला अस्पताल की ओटी के पीछे शौचालय के सीवर टैंक में एक युवक का शव पड़ा मिला। कबाड़ा बीनने वाली महिला ने शव देखा और लोगों को जानकारी दी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर कुछ ही देर में थाना प्रभारी कादरी गेट भी फोर्स के साथ आ गए और शव को टैंक से निकलवाया।

थाना कादरी गेट क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल लोहिया परिसर में महिला अस्पताल के ओटी और आइसोलेशन वार्ड के बीच में सकरी गली में शौचालय के टैंक में गुरुवार सुबह अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। कबाड़ा उठाने वाली महिला ने शव देखा और लोगों को जानकारी दी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर सीएमएस डॉ. अशोक प्रियदर्शी, डॉक्टर श्रेय खंडूजा सहित अन्य स्टाफ आ गया। सीएमएस के आदेश पर कर्मचारी रंजीत सिंह ने पुलिस को सूचना दी। उप निरीक्षक गंभीर सिंह फोर्स के साथ आ गए।

दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को बाहर निकालवाया। मृतक एक पैर से दिव्यांग नजर आया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।



जांच पड़ताल करते थानाध्यक्ष अवध नरायन पांडे। अमृत विचार

### कैंपस के पूर्वी हिस्से में नहीं लगे सीसीटीवी

जिला अस्पताल लोहिया में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों का स्टाफ है, ढेड़ दर्जन से अधिक चिकित्सक है, कई महिला चिकित्सक भी है ।उनकी सुरक्षा हेतु 70 से अधिक कैमरे लगे है ।लेकिन जब बुधवार को अपर निदेशक ने निरीक्षण किया था तो सिर्फ 12 कैमरे ही चालू मिले थे ।वही जब गुरुवार सुबह टैंक में शव मिला तो पुलिस ने कैमरों को देखना चाहा तो पता चला कि इस तरफ कोई कैमरा लगा ही नहीं है।

# स्टाफ की कमी के चलते पीकू वॉर्ड महीने भर से बन्द

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के आवास विकास स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में स्टाफ की कमी के चलते पीकू वार्ड एक माह से बंद पड़ा है।

अब इमरजेंसी के पीडियाट्रिक वार्ड में 6 बेड पर 11 बच्चे भर्ती किए गए हैं। 1 बैड में 2-2 बच्चे भर्ती हैं। जिससे भर्ती बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल लोहिया पुरुष सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि इमरजेंसी के पीडियाट्रिक वार्ड में 6 बेड पड़े हुए हैं। जिसमें एक बेड पर दो बच्चों को भर्ती किया गया है। अगर कोई भी बच्चा सीरियस आता है। तो उसको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया जाता है। पीकू वार्ड एक माह से बंद पड़ा हुआ है। क्योंकि आउटसोर्सिंग स्टाफ नर्स की शासन द्वारा संविदा खत्म कर दी गई। इसलिए पीकू वार्ड में स्टाफ न होने के चलते उसे बंद कर दिया गया है। अगर कोई भी बच्चा मरीज आता है उसको इमरजेंसी के पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती कर लिया जाता है।



एक एक बेड पर दो दो बच्चे भर्ती हैं।

# दोस्तों ने खाया जहर, एक मरा, दूसरा गम्भीर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार ।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में एक ही युवती से दो युवकों के प्रेम करने की कहानी सामने आई है। हरियाणा से भगाकर लाई गई इस युवती को जब हरियाणा पुलिस ले गई तो दोनो दोस्तों ने जहर खा लिया। जिससे एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर है।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला किदवई नगर निवासी सूरज शर्मा (19) और आकाश पाल (18 ) के बीच गहरी दोस्ती थी । सूरज शर्मा हरियाणा में नौकरी करता था और वहां से एक युवती को भगा कर ले आया था। सूरज के घरआकाश पाल का भी आना जाना था। आकाश का पिता दिल्ली में नौकरी करता था। वह रक्षाबंधन से पहले आकाश पाल को अपने साथ दिल्ली ले कर चला गया था लेकिन रक्षाबंधन पर आकाश पाल अपने घर आया हुआ था। रक्षाबंधन के बाद हरियाणा पुलिस खोजबीन करती हुई फर्रुखाबाद आयी और युवती को अपने साथ ले गई। उसी के चलते सूरज शर्मा और आकाश पाल ने गुरुवार को जहर खा लिया । जानकारी होने पर दोनों के परिजन उन्हें गंभीर अवस्था में लोहिया अस्पताल लेकर आए , जहां डॉक्टर ने सूरज शर्मा को मृत घोषित कर दिया और आकाश पाल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कर लिया। लेकिन आकाश की हालात अभी भी चिंताजनक बनी हुई है । बताया गया है कि दोनों दोस्त एक ही युवती से प्रेम करते थे। उसके चले जाने के बाद इन दोनों ने जहर खा लिया, जिससे एक की जान चली गई और गंभीर है।



लोहिया अस्पताल में रोते बिलखते मृतक के पिता । अमृत विचार

# वक्फ विधेयक सभी की राय से बनायें : नैय्यर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● **31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय कमेटी की हुई घोषणा**

**अमृत विचार।** वक्फ मुस्लिमों की अपनी संपत्ति है,स्कूल, अस्पताल, मदरसे के लिए वक्फ की जमीन होती है, मै वर्तमान विधेयक का समर्थन नहीं करता । यह बात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय उलेमा एवं सदस्य मसाइख बोर्ड व अजमेर दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष अम्मार अहमद अहमदी उर्फ नैय्यर मिया ने कही।

मुस्लिम समाज के लोग ही वक्फ संपत्ति पर कब्जा करने, बेचने या किराए पर उठाने पर लगे हुए हैं के प्रश्न के जवाब में नैय्यर ने कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ विधेयक के लिए संयुक्त समिति का गठन किया है जो वक्फ के लिये सभी से विचार विमर्श करके विधेयक का मसौदा तैयार करेगा। दरगाह बोर्ड की मांग हमने रखी है। जिसमे 42 नियम है जिसे भी लागू किया जाए। भाजपा सरकार ने सीधे विधेयक न पारित कराकर 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय कमेटी के गठन की घोषणा करके सराहनीय कार्य किया है।

# दंबगों ने महिला को डंडों से पीटा

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कासिम बाग कैंट निवासी सोनी कश्यप की बेटी अस्पताल में भर्ती है। मोहल्ले के ही पिंटू ने कहां कि सोनी कश्यप की बेटी ने जहर खा लिया है। जब सोनी ने कहां की मेरी बेटी ने जहर नहीं खाया है उसको टीबी की बीमारी है इसलिए भर्ती है। सोनी ने बताया कि मेरी बेटी को बदनाम करने के लिए पिंटू ने झूठ बोला है। इसी बात पर मोहल्ले के पिंटू व अन्य साथियों ने सोनी कश्यप को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस से घायल महिला सोनी कश्यप ने दबंगों के खिलाफ मारपीट की शिकायत की।

# टंकी का वाल्व खराब होने से घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

● **हैंडपंप पर लगी रही लोगों की भीड़, पानी के लिये लोगों में मची मारामारी**

● **नगर में है 4 हजार वाटर कनेक्शन, जेई ने बताया कि वाल्व को सही कराया जा रहा है**

**अमृत विचार।** नगर पालिका की पानी की टंकी का वाल्व खराब हो जाने के कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच सका। सुबह से लेकर शाम तक हैंडपंपों पर लोगों की भीड़ लगी रही। नगर में 4 हजार वाटर कनेक्शन है।

नगर के पटवनगली रोड स्थित नगर पालिका की 9 लाख लीटर पानी की टंकी से नगर को वाटर सप्लाई की जाती है, जिससे करीब चार हजार लोगों के घरों तक पानी पहुंचता है। गुरुवार को तड़के टंकी का वाल्व खराब हो गया। इससे नगर के लोगों के घरों तक वाटर सप्लाई नहीं पहुंच सकी। जब पानी की सप्लाई नहीं आई तो नगर पालिका के कर्मचारियों के पास फोन घनघाने लगे।

वाटर सप्लाई न आने पर लोगों ने दूर दराज लगे हैंडपप का सहारा लिया। सुबह बिजली न होने के कारण लोग अपने घरों में लगी पानी की टंकियां भी नहीं भर सके। बिजली आने पर लोगों ने पानी भरा और अपने रोजमर्रा के कामकाज निपटाए गए। इधर टंकी पर तैनात कर्मचारी ने मामले की जानकारी नगर पालिका के जेई को दी। कर्मचारियों की मदद से वाल्व सही करने का कार्य दिनभर चलता रहा। नगर पालिका के विजय कुमार ने बताया कि वाल्व खराब हो गया है। उसे सही कर लिया गया है। शाम को वाटर सप्लाई नगरवासियों को दी जाएगी।

# अधिकारी रोपे गए पौधों का रखें ध्यान : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में जिला पौधरोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे जनपद में 20 जुलाई 2024 को हुये वृहद पौधरोपण के तहत लगाये गये पौधों की सुरक्षा व हरितमा वन एप पर लगाये गए पौधों की जिओ टैगिंग की समीक्षा की गई।

गंगा किनारे के सभी गांवों में, गंगा समिति व संबंधित बीडीओ को जनजागरूकता अभियान चलाए जाने व पौधरोपण कराने के लिये निर्देशित किया गया। डीपीआरओ को गंगा किनारे के गांवों में जनजागरूकता अभियान चलाकर मृत जानवरों के अवशेष व शवों को गंगा में प्रवाहित करने से लोगो को रोकने के लिये जनता को जागरूक करने के लिये निर्देशित किया।

बैठक में डीएफओ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संवंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**धर पकड़** | बस के ड्राइवर के पास डीएल तक नहीं मिला ,बिना फिटनेस संचालित 13 ऑटो भी पकड़े गये

# बिना परमिट के चल रही डग्गामार बस को किया सीज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल तथा एआरएम रोडवेज की टीम ने कार्रवाई करते हुये जयपुर से आने वाली एक डग्गामार बस का चालान कर रोडवेज बस अड्डे पर सीज कर दिया है।

एआरएम रोडवेज राजेश कुमार ने गोपनीय तरीके से एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत से प्रातः काल सम्पर्क किया और बताया कि एक डग्गामार बस जयपुर से सवारियां लेकर फर्रूखाबाद व कमालगंज जा रही है। इस सूचना पर गोपनीय रूप से कार्य करते हुये तत्काल टीम का गठन किया गया तथा कायमगंज की ओर से आते हुये अरुणाचल प्रदेश में पंजीकृत एक डग्गामार बस को चेक किया । चेक करने पर पाया गया कि सवारियों पर अलग-अलग स्थान के टिकट थे। जब बस के प्रपत्रों की जांच की गयी तो बस पर परमिट नहीं पाया गया तथा चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। बस को सीज करते हुये उस पर 56,750 रुपये का जुर्माना लगाया गया। बस का तकनीकी निरीक्षण भी कराया जायेगा। जनपद में बिना फिटनेस संचालित 13 ऑटो रिक्शा का भी चालान कर सीज किया गया तथा इन पर 91000 रुपये का जुर्माना लगाया गया ।

● **बस पर 56,750 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया**




डग्गामार बस को सीज करते एआरटीओ। अमृत विचार

### अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर ट्राली को किया सीज

**फर्रुखाबाद ।** एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह की टीम ने थाना राजेपुर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया । चेकिंग के दौरान खनन सामग्री ढोने वाले ट्रकों के ओवरलोड होने तथा खनन विभाग के प्रपत्रों की जांच की गयी । जांच के दौरान अमृतपुर से आने वाले तथा शाहजहांपुर की ओर जाने वाले एक ट्रैक्टर ट्राली की जांच डबरी तिराहे पर की गयी । जांच में यह पाया गया कि चालक के पास 6 घनमीटर बालू का रवन्ना था । जबकि मापने पर ट्राली में 20 घनमीटर बालू लदी पायी गयी । इस प्रकार ट्राली में लदी 14 घनमीटर बालू अवैध थी । ट्रैक्टर ट्राली को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया । तथा उस पर 1.22 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया । राजेपुर क्षेत्र में मार्ग चेकिंग के दौरान कानपुर में पंजीकृत एक ट्रक को चेक करने पर पाया गया कि उस पर परिवहन विभाग का एक साल का टैक्स बकाया है । ट्रक में लदे माल के प्रपत्र की जांच करने पर पाया गया कि ट्रक में पान मसाला लदा हुआ है जो असम के कामरूप जिले से दिल्ली ले जाया जा रहा था परन्तु ट्रक फर्रूखाबाद से अल्लागंज की ओर जा रहा था । चालक ने ई-वेबिल प्रस्तुत नहीं किया । चालक ने बताया कि वह माल कानपुर से ला रहा है तथा दिल्ली ले जा रहा है। ट्रक में बिल के अनुसार 11,76,840 रुपये का माल लदा था । पकड़े गये ट्रक की सूचना स्थानीय राज्य कर विभाग को मोबाइल पर दी गयी एवं तत्काल जांच करने का अनुरोध किया गया । राज्य कर अधिकारियों ने बताया कि इस ट्रक द्वारा राज्य कर का भुगतान नहीं किया गया है । ट्रक को पकड़ कर थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया ।

# भाकियू ने जिला प्रशासन को दी चेतावनी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह पवन के नेतृत्व में जिलाधिकारी डॉक्टर वीके को तीन सूत्रीय ज्ञापन दिया गया ।

ग्राम पंचायत भोजपुर विकासखंड कमालगंज के ग्राम पंचायत प्रधान व सचिव द्वारा निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्यों के फर्जी अंगूठा व हस्ताक्षर कार्रवाई रजिस्टर व एजेंडा रजिस्टर पर बनाकर समितियों का गठन किया गया। जिसकी शिकायत निर्वाचित सदस्यों ने शपथ पत्र व हलफनामा के द्वारा जिलाधिकारी से की थी। लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा बराबर ग्राम प्रधान व सचिव को बचाया जा रहा है । जहानगंज प्राइमरी पाठशाला स्कूल के पास जल भराव के कारण किसानों के बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से दिनांक 28 जून को की गई थी। परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि सात दिवस के अंदर उपरोक्त विषयों पर कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय किसान एवं बलराज के सभी पदाधिकारी गढ़ व कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालो में जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, पवन, सोनी शुक्ला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जिला संगठन मंत्री सर्वे सिंह, एन ए खान , अनुराग पंकज यादव ,धीरेंद्र यादव उज्जवलकांत , प्रताप सिंह ,मुकेश कुशवाह, केशव राजपूत, नाहर सिंह आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन देने जाते भाकियू बलराज के नेता अमृत विचार

● **7 दिन में समस्या का समाधान न हुआ तो होगा आंदोलन**

# दीवार गिरने से 4 मजदूरों की मौत, एक घायल

## बकेवर थाना क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर में गुरूवार की दोपहर नाली निर्माण के दौरान हुआ दर्दनाक हादसा

संवाददाता महेवा

**अमृत विचार ।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेहंदीपुर में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित हो रही नाली पर काम कर रहे मजदूरों के ऊपर बगल की दीवार गिर गई । इस हादसे में 3 मजदूरों की मौके पर व 1 की अस्पताल में मौत हो गई। जबकि एक मजदूर गंभीर घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आनन-फानन घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से मलबा हटाकर नीचे दबे लोगों को निकाला । जहां 3 मजदूरों के शव व 2 गंभीर रूप से घायल मिले । घायल मजदूरों को तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया। जहां एक घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई।

ग्राम पंचायत मेहंदीपुर में ग्राम पंचायत निधि से रामनगर मार्ग पर विजय सिंह के घर से मदन सिंह के घर तक पक्की नाली का निर्माण कार्य हो रहा है। मौके पर मजदूर प्रदीप कुमार दोहरे, रामानंद दोहरे, चंद्र प्रकाश दोहरे, ओमप्रकाश दोहरे व अरुण कुमार दोहरे काम कर रहे थे। बगल में रहने वाले परशुराम राजपूत की दीवार मजदूरों पर अचानक गिर गई। जिसमे प्रदीप (38), रामानंद (40) व चंद्रप्रकाश (42) की मलबे में दबकर मौके पर ही मौत हो गई। ओमप्रकाश व अरुण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी चकरनगर ब्रह्मानंद कठेरिया, सीओ चकरनगर प्रेम सिंह थापा, एसओ बकेवर राकेश शर्मा , चौकी प्रभारी बरौख विपिन कुमार पाल , खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह , सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्र पाल सिंह भदौरिया ,प्रधान संजू कुमारी आदि मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कराया।

एसपी सिटी सत्यपाल सिंह जिला अस्पताल पहुंचे। घायल ओमप्रकाश का हाल चाल लिया। बाद में उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई भेज दिया गया। जहां रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।


मौके पर ग्रामीणों को समझाते प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार


बिलखता मजदूरों का परिवार। अमृत विचार

### ग्रामीणों ने नहीं उठने दिए शव

घटना की सूचना पर विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर , जिला पंचायत सदस्य जे पी दोहरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव चौधरी आदि ने पहुंचकर ग्रामीणों की समझाया पर ग्रामीण दीवार बनाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने पर अड़े रहे। तीनों शवों को नहीं उठने दिया। इतना ही नहीं ग्रामीण व परिजन मृतकों को मुआवजा देने तथा जिलाधिकारी को मौके पर आकर कब्जेधारक के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करने की मांग पर अड़े थे। पुलिस प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को समझाने तथा मृतकों को 5 लाख मुआवजा , 30 हजार क्रियाकर्म के लिए तथा नाबालिग बच्चों को पढ़ाई हेतु 4 हजार रुपये प्रति माह मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से दिए जाएंगे । आश्वासन मिलने के बाद शवों को उठने दिया गया।

### विधायक ने की अपनी ओर से सहायता की घोषणा

- घटना पर दुख व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक राघवेंद्र सिंह गौतम ने मृतकों के परिजनों को 1 लाख रूपया प्रति व्यक्ति तथा घायलों को पचास हजार रुपये अपनी ओर से देने की घोषणा की है ।

### कृषक बीमा योजना के तहत मिलेगा मुआवजा

अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को कृषक बीमा योजना के तहत मुआवजा दिया जाएगा। सभी की जमीन के सत्यापन के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। जल्द यह कार्रवाई की जाएगी। मुआवजे की प्रक्रिया जल्द से जल्द हो सके। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रत्येक मृतक के परिवार के सदस्य को 5-5 लाख रुपये कृषक बीमा योजना के तहत दिए जाएंगे। प्रत्येक मृतक के स्कूली बच्चों की शिक्षा समाज कल्याण विभाग की ओर से नि :शुल्क दी जाएगी। चकरनगर के उप जिलाधिकारी के स्तर पर एक रिपोर्ट जिलाधिकारी इटावा को भेजी जा रही है। जल्द ही मुआवजे की घोषणा कर दी जाएगी।

## एक नजर

### वैष्णवी ने राष्ट्रीय स्पर्धा में कांस्य पर जमाया कब्जा

**इटावा।** तीसरी राष्ट्रीय सब जूनियर और कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इटावा की वैष्णवी यादव ने कांस्य पदक अपने नाम कर अपने जिले का नाम रोशन किया है। उनको पैराओलंपिक खिलाड़ी अरुणा तंवर ने मेडल पहना कर सम्मानित किया। इटावा ताइक्वांडो के महासचिव रोहित द्विवेदी ने बताया कि वैष्णवी ने कैडेट वर्ग में 148 सेमी लंबाई वर्ग में उत्तराखंड, हरियाणा और गुजरात की खिलाड़ियों को हराकर पदक पर कब्जा जमाया है। वैष्णवी के कोच श्यामजी ने बताया कि वैष्णवी पिछले दो साल से अधिक समय से निरंतर ताइक्वांडो अभ्यास कर रही है। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है। इटावा ताइक्वांडो के अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी, उपाध्यक्ष डॉ. प्रत्युष तिवारी, संरक्षक शीलरत्न शाक्य, एडीएसओ देवेंद्र पाल, कोच हरगोविंद सिंह तथा नेशनल रेफरी मु. रजिन हैदर ने वैष्णवी को बधाई दी।

### किशोरी से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

**ऊसराहार।** घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ऊसराहार थाना में इसी क्षेत्र में गांव बदकनशाहपुर में रहने वाले अनुराग शाक्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कहा गया कि रक्षाबंधन के दिन घर में किशोरी को अकेला पाकर अनुराग शाक्य छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी चिल्लाने लगी तो आरोपी छत से कूदकर भाग गए।

# बकाएदारों पर गिरी 'बिजली', काटे गए 221 कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार ।** दस हजार रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया करने जमा ना करने वालों पर बिजली विभाग की पैनी नजर है । इन पर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया। अकेले शहरी क्षेत्र में ही गुरुवार को चलाए गए अभियान में 221 बकाएदारों के बिजली कनेक्शन बिल जमा ना करने पर काट दिए गए। इसके साथ ही बकाएदारों से दस लाख 50 हजार रुपये के बिल की वसूली भी की गई।

इस संबंध में अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्र ने कहा है कि शहर के सभी उपकेन्द्रों पर यह अभियान चलाया गया है। इसके लिए तीन टीमें बनाई गई है और प्रत्येक टीम में 20 कर्मचारी शामिल है। इन टीमों ने बकाएदारों की लिस्ट लेकर गुरुवार की सुबह से टीमें काम में जुट गई और बकाएदारो की कुंडी बजाई। ऐसे में जिन बकाएदारों ने अपना बिल जमा कर दिया उनका तो छोड़ दिया गया लेकिन टीम के पहुंचने पर भी जिल बकाएदारों नेअपना बकाया बिल जमा नहीं किया उनके कनेक्शन काट दिए गए। इस तरह 221 बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। इसके साथ ही दस लाख पचास हजार रुपये का बिल भी वसूल किया गया। अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने कहा कि यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय से अपना बिल जमा करने की अपील की है।

### बिजली चेकिंग अभियान में 13 स्थानों पर पकड़ी गई चोरी

- **इटावा।** बिजली विभाग की ओर से चलाए जा रहे मॉर्निंग रेड अभियान के तहत अलग-अलग क्षेत्र में विभाग की टीमों ने अभियान चलाया। इस दौरान कुल 13 उपभोक्ताओं को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा गया। इन सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। कुछ लोग केवल बाईपास करके और कुछ मीटर बायपास करके बिजली की चोरी कर रहे थे। उप खंड अधिकारी के नेतृत्व में रतन नगर क्षेत्र में चेकिंग की गई जबकि उपखंड अधिकारी तृतीय के नेतृत्व में शिव नगर में चेकिंग की गई इसी तरह उपखंड अधिकारी प्रथम पीयूष कुमार मौर्य के नेतृत्व में मैनपुरी फाटक से संबंधित सिविल लाइन क्षेत्र में कम खपत वाले उपभोक्ताओं की जांच की गई तो कुल 13 स्थानों पर चोरी पकड़ी गई। अधिशासी अभियंता ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

- विभाग की बिल जमा ना करने वालों पर है नजर

**बिजली चोरी में 13 उपभोक्ताओं पर एफआईआर :जसवंतनगर, इटावा।** चैकिंग के दौरान नगर में बिजली चोरी करते पाये गये 13 उपभोक्ताओं पर एफआईआर दर्ज हुई है। एसडीओ अरविंद कुमार की अगुवाई में नगर क्षेत्र में सुबह बिजली चोरों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। अवर अभियंता एंव विजीलेंस टीम द्वारा हाईलॉस फीडर पर कोठी कैस्त, न्यू गुलाबबाड़ी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान 13 उपभोक्ताओं को मीटर से पहले केबिल में कट लगाकर एवं अतिरिक्त केबिल डालकर बिजली चोरी करते पाए गए । जिनके खिलाफ धारा 135 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

# शिव उपासना की भावपूर्ण प्रस्तुति के लिए प्रशस्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार ।** सेविन हिल्स स्कूल के बच्चों ने श्री नीलकंठ मंदिर पर इस वर्ष भी श्रावण मास में शिव उपासना की भावपूर्ण प्रस्तुति की। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार बाजपेई ने गुरुवार को स्कूल के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे को प्रशस्ति पत्र भेंट कर समस्त विद्यालय परिवार का आभार एवं अभिनंदन किया ।

सेविन हिल्स स्कूल के बच्चों द्वारा इस वर्ष भी सावन माह में चौथे सोमवार को मंदिर परिसर में शिव उपासना की भावपूर्ण प्रस्तुति का प्रेरक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । जिसे शिवभक्तों ने खूब सराहा। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु मंदिर समिति अध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र भेंट किया। प्रिंसिपल सौरभ दुबे ने उनका आभार जताया।


प्रिंसिपल सौरभ दुबे को प्रशस्ति पत्र देते राजेश कुमार बाजपेई । अमृत विचार

- सेविन हिल्स स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत किया था कार्यक्रम

# कलह से क्षुब्ध मजदूर व महिला ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार ।** घरेलू कलह के चलते अलग अलग स्थानों पर एक अधेड़ मजदूर व एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पहली घटना शहर में कोतवाली सदर क्षेत्र में मोहल्ला यमुना तलहटी में हुई। इसी मोहल्ला में रहने वाले 45 वर्षीय विनोद कुमार ने घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंचे टीटी चौकी प्रभारी निर्मल कुमार फोर्स व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे, टीम ने नमूने एकत्रित किए पुलिस ने जानकारी करके शव का पोस्टमार्टम करवाया। पत्नी शीला देवी ने बताया कि उनके दो मकान हैं, चार बेटियां और एक बेटे के साथ अलग रहती हूं। विनोद कुमार करनपुरा में बने मकान में रहते हैं, पारिवारिक विवाद करते थे जब बेटा और एक बेटी सुबह घर पर गए तो देखा कि कमरा अंदर से बंद है काफी आवाज लगाने के बाद भी नहीं खुला तो पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस गेट खोलकर अंदर गई तो वह जमीन पर मृतावस्था में पड़े हुए थे। मृतक की चार बेटियां हैं रोशनी, नेहा, रूबी, राखी और एक बेटा राजीव कुमार है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हिंदी वादी संगठनों और संतों ने निकाला शांति मार्च

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार ।** बांगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले रोकने की मांग, एडीएम को सौंपा ज्ञापन बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे शारीरिक आर्थिक व धार्मिक शोषण को लेकर हिंदू रक्षा समिति व हिंदूवादी संगठनों में रोष व्याप्त है। गुरुवार को समिति के साथ हिंदूवादी संगठनों के अलावा संत महात्मा व अन्य हिन्दू धर्म के लोगों ने हिंदू आक्रोश प्रदर्शन करते हुए शांति मार्च भी निकाला । कचहरी पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौपा ।

हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले सर्व हिंदू समाज के लोग व संत महात्मा राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर एकत्रित हुए । यहां से शांति मार्च निकला, शास्त्री चौराहा स्टेशन बजरिया, जिला जेल के पीछे, अंबेडकर चौराहा होता हुआ कचहरी में पहुंचा। यहां पर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव को सौंपा गया । शांति मार्च में महिलाएं व स्कूली बच्चे भी रहे जो हाथ में केसरिया पताकाएं व तख्तियां लेकर चले।

ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के पूजा स्थलों पर हमले हो रहे हैं। बांग्लादेश में अराजकता तथा निष्प्रभावी कानून व्यवस्था के कारण अतिवादी जिहादी तत्वों द्वारा हिंदुओं का आर्थिक तथा शारीरिक शोषण किया जा रहा है। से हिंदू रक्षा समिति तथा अन्य हिंदू संगठनों के द्वारा बांग्लादेश में व्याप्त इन अत्याचारों से पीड़ित हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की है।

प्रदर्शन में सिद्धपीठ पिलुआ हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर महंत हरभजन दास महाराज, सुबोधानंद महाराज, भागवतार्य साकेत बिहारी महाराज, रामजी तिवारी महाराज, इस्कॉन के गोविंद गिरधारी दास, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, श्रीमननारायण तिवारी, अवनीश वर्मा, अनुपम, सीमा जादौन, अवधेश भदोरिया, विहिप के जिलाध्यक्ष अमित दीक्षित, भानु प्रताप सिंह, धर्मेंद्र जैन, शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार शुक्ला रहे।


प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एवं महंत हरभजन दास। । अमृत विचार

**कड़ी निगरानी** शासन के सख्त आदेश के चलते परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं का अधिकारियों ने बारीकी से किया निरीक्षण

# सिपाही भर्ती परीक्षा आज, प्रशासन व पुलिस निगरानी को तैयार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार ।** सिपाही भर्ती परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो जाएगी, सभी तैयारियां पूरी कर लीं गईं हैं। जिला प्रशासन व पुलिस पूरी तरह एलर्ट पर है। गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय तथा एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने परीक्षा केंद्रों निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं देखीं।

शुक्रवार से आयोजित होने वाली सिपाही संवर्ग सीधी भर्ती परीक्षा-2023 के लिए इटावा के 11 कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिलाधिकारी, एसएसपी ने जनपद इटावा के परीक्षा केन्द्र सनातन धर्म इण्टर कालेज का निरीक्षण कर परीक्षा से संबंधित अवांछनीय तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा परीक्षा को नकलविहीन और सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गए।

परीक्षा के दिन भी परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा कराई जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं और सीसीटीवी की निगरानी में ही परीक्षाएं कराई जाएंगी। इसी तरह सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। यह स्टेटिक मजिस्ट्रेट पूरी परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र पर ही मौजूद रहेंगे। पूरी परीक्षा पर निगरानी बनाए रखेंगे। परीक्षाकेन्द्रों पर मोबाइल, घडी केलकुलेटर आदि सामान ले जाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। मुख्य गेट पर ही परीक्षार्थियों की पूरी चेकिंग की जाएगी। उसके बाद ही उसे परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश करने दिया जाएगा। यह परीक्षा पांच दिन चलेगी और कुल मिलाकर दस पालियों में परीक्षा कराई जाएगी।


एसडी कालेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व एसएसपी ।अमृत विचार

### रोडवेज बसों में रहेगी मुफ्त यात्रा की सुविधा

- **इटावा।** इस बार सभी अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र जिले के बाहर दूसरे जिलों में रखा गया है। इसके चलते परीक्षार्थियों को उन जिलों में जाना होगा लेकिन सरकार की ओर से यह व्यवस्था की गई है कि इन परीक्षार्थियों को रोडवेजे की बसों में फ्री यात्रा की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए इन परीक्षार्थियों को अपना एडमिट कार्ड दिखाना होगा और फिर उनसे किराया नहीं लगेगा।

### बसों की नहीं रहेगी कमी

- **इटावा।** रोडवेज ने परीक्षा को देखते हुए बसों के विशेष इंतजाम किए हैं ताकि परीक्षार्थियों को आने जाने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सभी बसे रुट पर रहेंगी। रोडवेज के एआरएम डीएम सक्सेना ने बताया है कि परीक्षा के दौरान रोडवेज की सभी बसें रुट पर रहेंगी और परीक्षार्थियों की आवश्यकता को देखते हुए उन्हे भेजा जाएगा। बसो की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाएगी। जरुरत पड़ने पर संबंधित रुट पर बस की व्यवस्था की जाएगी।

### परीक्षा केन्द्र

- बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक इटावा, जीआईसी इटावा, जीजीआईसी इटावा, एचएमएस इस्लामिया इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, कर्म क्षेत्र महाविद्यालय, पंचायतीराज गवर्नमेंट गर्ल्स पीजी कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, शीतल प्रसाद शोराबाद गर्ल्स इंटर कॉलेज तथा तिवारी ज्वाला प्रसाद आर्य कन्या इंटर कॉलेज

### इस तरह रहेगा रुट डायवर्जन

- **इटावा।** पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन 23,24,25,30 एवं 31 अगस्त को होना प्रस्तावित है। इस लिखित परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के लिए रोड वेज बसों का डायवर्जन किया गया है।
- इटावा रोडवेज बस स्टैण्ड से फरूखाबाद, मैनपुरी की बसों के अलावा कोई बस चौधरी पेट्रोल पम्प की ओर नहीं आ सकेगी ये बसे बस स्टैण्ड से पक्का बाग होकर अपने गंतव्य को जा सकेगी ।
- जो रोड वेज बसें आगरा, मैनपुरी की ओर से इटावा रोडवेज बस स्टैण्ड की ओर आना चाहती है वह बसें आईटीआई चौराहा, एसएसपी चौराहा होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगी ।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार नदी में गिरा

**जसवंतनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव मलाजनी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार उछलकर 50 फुट गहरी सिरसा नदी में जा गिरा। नदी के अंदर पानी का बहाव तेज नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी में गिरे युवक को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। औरैया के अछल्दा कस्बे का रहने वाला एक बाइक सवार 25 वर्षीय मनसुख मोटर साइकिल से अपनी बहन के घर जसवंतनगर में आ रहा था, जैसे ही नदी के पुल पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार देने से युवक उछलकर सिरसा नदी में जा गिरा। मौके पर पहुंचे निरीक्षक रामसहाय सिंह और क्राइम निरीक्षक रमेश कुमार ने कांस्टेबल के सहयोग से युवक को नदी से निकाल कर एंबुलेस से सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां से उसे सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

### हादसे में घायल बच्ची ने भी दम तोड़ा, मृतक संख्या 5 हुई

**इटावा।** नेशनल हाईवे पर थाना इकदिल क्षेत्र में बुधवार सुबह खड़े ट्रक से टकराई कार के परखचे उड़ गए थे। इसमें दंपति सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक दंपति की बेटी और नाती नातिन को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, इसमें तीन साल की मासूम नातिन राखी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

महोवा कोतवाली क्षेत्र के गांव एचाना में मूल निवास शिव नारायण प्रजापति अपने बीमार बेटे को देखने के लिए पत्नी, समधी , बेटी, नाती नातिन के साथ टैक्सी बुक करके मेरठ के ड्राइवर आशु गुप्ता के साथ दिल्ली से महोबा जा रहे थे, रास्ते में उक्त स्थान पर खड़े ट्रक से कार टकरा गई थी। जिसमें शिव नारायण उसकी पत्नी , समधी तथा ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, बेटी सुमन, आठ साल के नाती जितेंद्र तथा तीन साल की नातिन राखी को नाजुक हालत में सैफई रेफर किया गया था, वहां राखी ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

### प्रेमिका से मिलने जा रहे युवक को ग्रामीणों ने चोर समझकर पीटा

**बसरेहर ।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा में अपनी प्रेमिका से मिलने जा रहे युवक को ग्रामीणों ने चोर समझकर जमकर लाठी डंडों से पीट दिया। उसके बाद युवक को पेड़ से बांध कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है। जिसमें युवक पेड़ से बंधा हुआ दिखाई दे रहा है। हाथ में लाठी डंडे लिए ग्रामीणों से छोड़ने की गुहार लगा रहा है। घटना बीती रात करीब साढ़े 11 बजे की है। युवक फिलहाल थाने में है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। रम्पुरा गांव में एक युवक जिसका नाम सुधीर बताया जा रहा है। वह गांव में अपनी प्रेमिका से मिलने जा रहा था। बीच रास्ते में ही ग्रामीणों ने युवक सुधीर को चोर समझ लिया। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए। हाथों में लाठी डंडे लेकर युवक के साथ पहले जमकर मारपीट की है। फिर उसको एक पेड़ से बांधकर बंधक बना लिया। युवक के लाख समझाने के बावजूद भी ग्रामीणों ने उसकी एक नही सुनी। थाना चौबिया पुलिस क्षेत्र में रात्रिगश्त कर रही थी। पुलिस ने जब ग्रामीणों की भीड़ देखी तो उसने जानकारी ली। युवक को अपनी हिरासत में लेकर थाने ले गई। इस मामले पर थाना चौबिया प्रभारी बेचन सिंह ने बताया कि युवक से पूछताछ की गई है। जिसमें उसने बताया कि युवक अपनी प्रेमिका से मिलने जा रहा था। ग्रामीण उसको चोर समझ बैठे। बाद में मामले को रफा-दफा कर दिया गया।

### वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने 7 लोगों को पकड़ा

**जसवंतनगर।** रेलवे स्टेशन रोड के मोहल्ला लुधपुरा में एक स्कूली छात्रा से कमेंट करने फब्तियां कसने के मामले में फिरोजाबाद जिले से आने वाले दो मनचले युवकों को सुबह साढ़े सात बजे गिरा गिराकर जमकर जूतों चप्पलों से पीटा गया । इस मामले में पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर सात लोगों के खिलाफ कार्यवाही की। वायरल वीडियो की अमृत विचार अखबार पुष्टि नहीं करता है प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि फिरोजाबाद जिले के नगला खंगर थाना क्षेत्र के गांव नगला फतेह के रहने वाले शिवम व शैलेंद्र कुमार स्कूल जाने वाली छात्रा को देखकर अश्लील कमेंट कर रहे थे। वहां खड़े कुछ युवकों ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में आपस में मारपीट होने लगी । पुलिस ने सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उन्होने बताया कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

### मारपीट करने में 6 दोषियों को 2-2 साल की सजा

**इटावा।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट द्वितीय दिनेश गौंड ने मारपीट के ग्यारह साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए छह लोगों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें 2-2 साल की सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर ढाई ढाई हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि चौबिया थाना क्षेत्र के गांव भूटा निवासी अवनीद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 26 जून 2013 को वह अपने दरवाजे पर बैठा था तभी गांव के प्रधान राम वीर उससे मिलने के लिए आए ।वह बातचीत कर वापस अपने घर चले गए इसी बात से नाराज होकर उसके पडोस में रहने वाले किशोरी लाल पुत्र अजब सिंह वीर भान पुत्र अजब सिंह सत्येंद्र पुत्र किशोरी लाल विजय पुत्र वीर भान सुनील पुत्र लाल बहादुर व सुभाश पुत्र किशोरी लाल लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। उक्त लोगों ने कहा कि वह प्रधान को अपने दरवाजे पर क्यों बैठाता है। जब उसने विरोध किया तो इसी बात को लेकर उक्तलोगों ने मारपीट की। मारपीट में उसके फ्रेक्चर हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की । बाद में उनके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट द्वितीय में हुई अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने किशोरी लाल, वीरभान, सत्येंद्र, विजय , सुनील व सुभाष को दोषी पाया और उन्हें दो दो साल की सजा व ढाई ढाई हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया।

### कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**इटावा।** उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आहवान पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्ट्रेट तथा तहसील में कार्यरत लिपिक संपर्क के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। 22 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा। इसका नेतृत्व करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने कहा कि 22 सूत्री मांगों के लिए संघर्ष किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन मांगों में कार्मिकों का वेतन उच्चीकृत करने, कलेक्ट्रेट संवर्ग सेवा नियमावली को पूर्ववत लागू करने तथा नवसृजित तहसीलों में प्रशासनिक अधिकारी का पद सृजित किए जाने की मांग शामिल है। इसके साथ ही भूलेख लिपिक का पद पूर्व की भांति कलेक्ट्रेट को वापस किए जाने तथा सहायक बाकिल बाकी नवीस के रिक्त पदों पर एक साथ समायोजित किए जाने की मांग शामिल है। एक बार फिर पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने की मांग भी की गई है। सामूहिक बीमा की रकम को 10 लाख रुपये किए जाने की मांग में शामिलहै। अरविंद शर्मा ने साफ कहा कि यदि 17 सितंबर तक इन मांगों को पूरा नहीं किया जाता तो 18 सितंबर को लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर मनोज कुमार श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, जितेंद्र हरिओम सविता, श्याम सुंदर, हर गोविंद सिंह, अंजू तिवारी, अनीता यादव, सुरेंद्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

### पत्रकार को धमकी देने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**बकेवर, इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सामाजिक वानिकी के पास खनन कर रहे खनन माफिया व उसके चचेरे भाई सहित 2 अज्ञात लोगों ने कवरेज करने गए रिपोर्टर का मोबाइल छीन कर जान से मारने की धमकी दी। जिसका मुकदमा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दर्ज किया गया। लखना के कालिका मुहाल निवासी कुलदीप कुमार ने बताया कि विगत 15 जुलाई को दिन में 11 बजे सामाजिक वानिकी के पास जेसीबी से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। जिसका कवरेज करते समय मेरा मोबाइल छीन लिया। जान से मारने की धमकी दी । एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने आरोपी मिट्टी खनन माफिया व उसके चचेरे भाई सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर से किशोर की मौत

**बकेवर, इटावा।** सड़क किनारे खड़े खराब आटो में बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें एक किशोर की उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित नें थाने में मामला दर्ज कराया। ग्राम कुंअरा भरथना निवासी अतुल कुमार ने बताया कि 19 अगस्त को वह एक आटो पर सवार होकर अपनी पत्नी मोनिका, पुत्र गणेश व एन्जल के साथ जा रहे थे। आटो के खराब होने के कारण हम लोग आटो से उतरकर नीचे खड़े हो गये। तभी तेज व लापरवाही से आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने पुत्र गणेश को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। निजी नर्सिंग होम कानपुर ले गये जहां उसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### चेहल्लुम, जन्माष्टमी पर सौहार्द बनाए रखने की अपील

**जसवंतनगर, इटावा।** चेहल्लुम और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व अन्य त्योहारों के अवसर पर आयोजित होने वाले जुलूस और शोभायात्राओं को लेकर थाना में शांति कमेटी की बैठक हुई। उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने अध्यक्षता की और सभी वर्ग के लोगों से अपने त्योहारों को भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की ।बैठक में बिजली के झूलते तार, जुलूस के दौरान तेज आवाज पर प्रतिबंध, डीजे की आवाज कम रखने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने जुलूस और शोभायात्रा निकालने वाले आयोजकों को शासन की गाइडलाइन और उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों-निर्देशों की जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने कहा कि इस दौरान कोई भी असामाजिक हरकत करने वाले पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

## एक नजर

### किराने की दुकान से पकड़ी कच्ची शराब

फतेहपुर। आबकारी निरीक्षक रमेश सिंह और घोष पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर खुर्द पिपरवा का डेरा तथा ग्राम कोरका में दबिश दी। दबिश के दौरान ग्राम कोरका में किराने की दुकान तथा मकान से 18.4 लीटर अवैध देसी शराब बरामद हुई। थाना अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मामले में आबकारी एक्ट के तहत दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। क्षेत्र में लगातार अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है।

### महिला से चेन छीन कर फरार हुए बाइक सवार

फतेहपुर। सदर कोतवाली के फूलबाग कालोनी निवासी कमलेश सिंह पत्नी प्रेम सिंह गुरुवार दोपहर में अपने घर से निकलकर कुछ दूर रहने वाले अपने बड़े भाई के घर जाने के लिए निकली थीं। जैसे ही वह कुछ ही दूर निकली थीं कि तभी एक युवक उनके पास आया और गले से सोने की चेन छीनने का प्रयास करने लगा। चेन न छीन पाने से युवक ने कटर से चेन काट ली और आगे की ओर भागा जहां बाइक में एक युवक हेलमेट लगाकर खड़ा था। बाइक में बैठकर बदमाश मौके से भाग निकला। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना से मोहल्ले में हड़कंप मच गया।

# अधिकारी पात्रों को योजना का लाभ अवश्य दिलाएं: जिलाधिकारी

## प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा की, पात्रता की जांच व जीओ टैगिंग पर जोर दिया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में गुरुवार को डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पात्र लोगों को योजना का लाभ अवश्य दिलाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सभी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों की पात्रता की जांच एवं जीओ टैगिंग समय से के साथ सर्वेयर करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेयर द्वारा की गई जांच की रैंडम भी जांच करें। पात्रों को योजना का लाभ अवश्य दिलाएं। उन्होंने अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं परियोजना निदेशक डूडा को निर्देशित किया कि नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों, सभासदों के साथ बैठक करा लें जिसमें उन्हें स्पष्ट सन्देश दिया जाय कि नियमानुसार कार्रवाई कर पात्रों को ही लाभ दिया जाए। किसी भी सूरत में अपात्रों को लाभ नहीं दिया जाय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों के जो आवास निर्माण के कार्य अपूर्ण है को समय से पूरा कराए साथ ही द्वितीय, तृतीय किस्तों के भुगतान के लिए कार्यवाही पूरी कर धनराशि मुहैया कराई जाए। जिससे आवास पूर्ण हो सके और जनपद की रैंकिंग सही रहे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, प्रभारी परियोजना निदेशक डूडा अभिनीत कुमार, अधिशाषी अधिकारियों सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देतीं जिलाधिकारी सी. इंदुमती। अमृत विचार

### डीएम ने वेयर हाउस का किया वाह्य निरीक्षण

- जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने जिला निर्वाचन कार्यालय, वेयर हाउस का सुरक्षा के दृष्टिगत वाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के ताले की सील, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन सिलेंडरों की वैधता आदि को देखा जो सही पाए गए।

# कड़ी सुरक्षा में जिले के नौ परीक्षा केंद्रों में होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। परीक्षा 9 अलग-अलग केंद्रों पर 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का मौका मिले। प्रत्येक दिन एक शिफ्ट में लगभग 2800 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश से पहले बायोमेट्रिक जांच से गुजरना होगा। यह कदम परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए उठाया गया है। बायोमेट्रिक जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की धांधली की संभावना को खत्म किया जा सके। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए, जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास के सभी साइबर कैफे और फोटोकॉपी की दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहेगा, जो केंद्रों पर निगरानी रखेगा और शांति व्यवस्था बनाए रखेगा। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था भी की है, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।



- एक शिफ्ट में लगभग 2800 परीक्षार्थी होंगे शामिल

### आधार कार्ड के सत्यापन को दो घंटे पहले पहुंचें

सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन में अपने आधार नंबर का उल्लेख नहीं किया है, उन्हें अनिवार्य रूप से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर जाकर आधार कार्ड का सत्यापन कराना होगा। अन्य अभ्यर्थियों को भी इसी तरह दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पूर्व किसी को भीतर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

### इन सामग्रियों पर रहेगा प्रतिबंध

परीक्षा केंद्र पर पाठ्य सामग्री, कागज के टुकड़े, ज्यामितीय-पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, क्रेडिट-डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबिल, इलेक्ट्रानिक पेन, स्कैनर, डिजिटल पेन, मोबाइल, चाभी, कैमरा, घड़ी, ज्वेलरी, स्मार्ट वाच, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, माइक्रो फोन, पेजर, हेल्थ बैंड प्रतिबंध रहेगा।

# भारत बंद के विरोध में निकाला जुलूस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अमृत विचार। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति के आरक्षण में वंचित दलितों का उपवर्गीकरण किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए विभिन्न दलित संगठनों ने इस फैसले का समर्थन किया है। इन संगठनों ने आरक्षण का उपवर्गीकरण करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

अखिल भारतीय भंगी महासभा, बाल्मीकि जन कल्याण महासमिति, स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ और अति पिछड़ा शोषित वंचित कल्याण संगठन जैसे संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए आरक्षण के उपवर्गीकरण की मांग की है। इन संगठनों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय वंचित दलितों और अति पिछड़े समाज के लोगों के हक में है और इसे जल्द लागू किया जाना चाहिए। इन संगठनों ने आरक्षण के लाभ से वंचित अति पिछड़े समाज के लोगों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन का भी विरोध किया। संगठनों ने चेतावनी दी है कि जो लोग आरक्षण के उपवर्गीकरण को लागू करने में बाधा डाल रहे हैं, उनके खिलाफ नारेबाजी की जाएगी और विरोध किया जाएगा।

ज्ञापन भेजकर मांग की गई कि आरक्षण का उपवर्गीकरण किया जाए ताकि वंचित दलित और अति पिछड़े समाज के लोगों को लाभ मिल सके। इस मौके पर अखिल भारतीय भंगी महासभा के राष्ट्रीय संचालक बौद्धाचार्य राजकुमार तिलक, बाल्मीकि जनकल्याण महासमिति के जिलाध्यक्ष चौधरी भक्त दास, देवनाथ धाकड़े, दुर्गापुरी, शंकर लाल, रमेश सेठ, प्रकाश अम्बेडकर, स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष राजू बाबू, कमल बिहारी बाब समेत अन्य तमाम लोग शामिल रहे।

## हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ाहार में एक महिला पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित महिला रन्नो देवी ने तहरीर में बताया कि वह अपने पति श्याम कुमार और बेटी शुभी के साथ घर पर बैठी थी। आरोप है कि जमीनी विवाद के चलते उसका ससुर लखनपाल व देवर रामकुमार अचानक लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंचे और श्याम कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया। जब श्याम लहूलुहान हो गए तो हमलावरों ने उन्हें ईंट से कुचलने का प्रयास किया। रन्नो देवी ने बताया कि जब उसने पति को बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उस पर भी बेरहमी से हमला किया, जिससे उसके कई दांत टूट गए। गंभीर रूप से घायल श्याम कुमार को तुरंत कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस ने रन्नो देवी की शिकायत पर लखनपाल और रामकुमार के खिलाफ हत्या के प्रयास और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# मुख्यालय में अब होगा दो सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- दिल्ली जाने वालों के लिए बड़ी राहत
- गुरुवार और शुक्रवार को रुकेंगी दोनों ट्रेनें

अमृत विचार। रेलवे स्टेशन पर दो स्पेशल ट्रेनों का ठहराव होगा। इन गाड़ियों के स्टॉपेज से दिल्ली का सफर करने वाले जिला के लोगों को आसानी होगी। यह ट्रेनें गुरुवार और शुक्रवार से स्टेशन पर रुकेंगी। दिल्ली के लिए जाने वाली फास्ट ट्रेनों के ठहराने की मांग लगातार होती रही है।

अब शहर स्थित रेलवे स्टेशन में दो सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव होगा। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन को दो स्पेशल ट्रेनों की सौगात दी है। इन गाड़ियों का ठहराव गुरुवार से स्टेशन पर किया गया। अब जिले के लोगों का दिल्ली का सफर आसान होगा। यह जानकारी उत्तर-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने दी। ट्रेनों के ठहराव के साथ ही फतेहपुर से दिल्ली तक के सुपरफास्ट ट्रेनों के टिकट भी मिलने शुरू हो गए हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की बेहतर और सुखद यात्रा के लिए दो हॉलीडे स्पेशल ट्रेनों का फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया गया है। यह गाड़ियां गुरुवार यानी 22 अगस्त व 23 अगस्त से स्टेशन पर रुकेंगी।

इनमें प्रयागराज-दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन नंबर 2417 अप प्रयागराज से दिल्ली के लिए रवाना होगी। ट्रेन गुरुवार की रात 10:45 बजे फतेहपुर स्टेशन पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 2418 डाउन दिल्ली से चलकर शुक्रवार की शाम 5:18 बजे फतेहपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसी रूट पर चलने वाली दूसरी स्पेशल ट्रेन नंबर 04145 अप प्रयागराज से दिल्ली के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन शुक्रवार की रात 10:45 बजे फतेहपुर स्टेशन पर पहुंचेगी। वही 4146 डाउन ट्रेन का ठहराव फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर शाम 5:18 पर होगा।

## दहेज हत्या में पति को सात साल की कैद

फतेहपुर। दहेज हत्या के मामले में कोर्ट ने पति को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि रामचंद्र ने पुत्री राधा की शादी खागा कोतवाली के सुजानीपुर गांव के राजकुमार के साथ 2015 में की थी। शादी के बाद से ही पति अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करता था। मांग पूरी न होने पर पति ने 7 सितंबर 2019 को उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया,जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मृतका के पिता रामचंद्र की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश हरिप्रकाश गुप्ता की अदालत में मामले की अंतिम सुनवाई हुई। मामले में छह गवाह पेश हुए। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी दामाद को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का सश्रम कारावास की सजा और 10 हजार रुपयों का अर्थदंड जमा करने के आदेश दिए हैं।

# नौकरी का झांसा देकर युवक से 13.5 लाख ठगे

संवाददाता फतेहपुर

- रुपया वापस मांगने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज
- शहर के मुराइन टोला मोहल्ले का मामला

अमृत विचार। शहर के मुराइन टोला निवासी अरविंद कुमार ने लखनऊ के दो लोगों पर नौकरी दिलाने के नाम पर 13.5 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने इस गंभीर मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री से की है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मुराइन टोला निवासी अरविंद कुमार ने तहरीर में बताया कि वह बेरोजगार है। लखनऊ निवासी रामराज और कुलदीप कुमार ने उन्हें नौकरी दिलाने का वादा किया था। इस नौकरी के बदले उससे अलग-अलग तारीखों पर 13.5 लाख रुपये की मांग की गई। उन्होंने यह धनराशि अपनी माता-पिता की चल-अचल संपत्ति बेचकर जुटाई और बड़ौदा यूपी बैंक की फतेहपुर शाखा से कुलदीप के खाते में ट्रांसफर की। इसके अलावा आरोपियों ने उनसे चार ब्लैंक चेक और कुछ मूल दस्तावेज भी गारंटी के तौर पर ले लिए थे। नौकरी नहीं मिली तो उन्होंने रामराज और कुलदीप से अपने पैसे और दस्तावेज वापस मांगे। लेकिन दोनों आरोपियों ने उन्हें बार-बार समय मांगकर टाल दिया। 28 जून 2023 को लखनऊ में एक मुलाकात के दौरान, अरविंद ने जब अपनी राशि और दस्तावेज वापस मांगे तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने इस घटना के बाद नजदीकी पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। न तो उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया और न ही आरोपियों के खिलाफ तत्काल कदम उठाए गए। शिकायतकर्ता ने उपमुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनकी ठगी की गई राशि और दस्तावेज वापस दिलाए जाएं।

## कानपुर नगर

# टीवी चैनल मालिक संजीव दीक्षित के घर छापा

### अवनीश-1

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सिविल लाइंस में नजूल की 1000 करोड़ की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में जेल गए प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित के फाइनेंसर और करीबी टीवी चैनल, स्कूल तथा शराब ठेकों के मालिक संजीव दीक्षित के सूटरगंज स्थित पुराने घर पर गुरुवार को दो एडीसीपी के नेतृत्व में कई थानों की फोर्स ने छापेमारी की। संजीव दीक्षित के नहीं मिलने पर पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रिमांड के दौरान अवनीश ने फाइनेंसर के रूप में संजीव दीक्षित का नाम खोला था। इसी के बाद पुलिस कमिश्नर के आदेश पर कार्रवाई शुरू की गई है।

28 जुलाई रविवार को सिविल लाइंस में मैरी एंड मैरीमैन की नजूल की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में अवनीश दीक्षित समेत अन्य आरोपियों के विरुद्ध जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के आदेश पर लेखपाल विपिन कुमार और वादी पीड़ित सैमुअल ने संगीन धाराओं में दो अलग-अलग मुकदमे कोतवाली में दर्ज कराए थे। मामला मिशनरी का होने के कारण विदेश से राजधानी तक फोन घनघना गए थे। घटना के कुछ देर बाद अवनीश दीक्षित को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस को न्यायालय से उसका 10 दिन का रिमांड मिला है। अवनीश से एसआईटी पूछताछ कर रही है। एसआईटी टीम डीवीआर और कुछ दस्तावेज बरामद कर चुकी है। रिमांड पर पूछताछ के दौरान फाइनेंसर के रूप में अवनीश ने शहर के बड़े कारोबारी जेएमडी टीवी चैनल, जेएमडी वर्ल्ड स्कूल और शराब ठेकों के मालिक संजीव दीक्षित का नाम खोला तो अधिकारी सन्न रह गए। टीम ने जांच कर उसकी बात का सत्यापन किया तो बयान की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार, एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा, एसीपी अनवरगंज आईपी सिंह, इंस्पेक्टर कर्नलगंज, ग्वालटोली, बेकनगंज, नजीराबाद, मूलगंज, बादशाहीनाका, बजरिया, स्वरूपनगर, कोतवाली थानों की फोर्स ने संजीव दीक्षित के यहां छापेमारी की। एडीसीपी सेंट्रल ने बताया कि संजीव मौके पर नहीं मिला। उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।



सूटरगंज स्थित संजीव दीक्षित के घर पर छापेमारी करती फोर्स। अमृत विचार

### जीतू शुक्ला के अशोक नगर आवास पर भी हुई छापेमारी

अवनीश दीक्षित के पार्टनर और बालाजी फर्म के मालिक जीतू शुक्ला के घर अशोक नगर में छापेमारी की गई तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीएफ घोटाले में वांछित जीतू शुक्ला के घर पर कुछ समय पहले बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री आए थे। पुलिस जांच में सामने आया है, कि जीतू की फर्म ने केस्को में करोड़ों का फंड घोटाला किया है। नगर निगम में भी नाला सफाई का ठेका लेकर करोड़ों का घालमेल किया है। जीतू ने अवनीश के संरक्षण में कम समय में करोड़ों रुपये कमाए हैं।

# अभिनव शुक्ला व जीतेश झा के छिपे होने की मिली थी सूचना

### अवनीश-2

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। संजीव दीक्षित के दो ठिकानों और सुनील शुक्ला के यहां छापेमारी के बाद शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो अंडरग्राउंड आरोपी 25 हजार के इनामी अवनीश के बेहद करीबी फोटो जर्नलिस्ट अभिनव शुक्ला उर्फ मोंटी और जितेश झा इनके घरों पर छिपे हैं। इसके साथ ही जमीनों के कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज इनके यहां रखे गए हैं। अब पुलिस इन दोनों को संरक्षण देने वालों को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस देगी।

अवनीश के करीबी और जमीन कब्जा कांड के बाद भूमिगत हुए जितेश झा और क्रिस्टल पार्किंग में वसूली समेत तीन मुकदमों में नामजद अभिनव शुक्ला की तलाश में पुलिस लगातार छापे मार रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि संजीव दीक्षित के घर में दोनों छिपे हैं। इस पर यहां छापेमारी की गई। संजीव दीक्षित के पुराने मकान के हिस्से में ताला लगा था और वहां नीचे के हिस्से में किराएदार रहते हैं। किराएदारों ने बताया कि काफी दिनों से संजीव दीक्षित यहां नहीं आया है। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार के अनुसार पुलिस को जानकारी हुई कि उसका सिविल लाइंस में भी एक घर और उसी में ऑफिस है। इस पर वहां भी फोर्स पहुंचा पर ताला लटकता मिला।

### बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस देगी पुलिस

एडीसीपी के अनुसार पुलिस को दोनों फरार आरोपियों के बारे में जानकारी मिली है कि अवनीश को फंडिंग करने के अलावा यह लोग उसे संरक्षण भी दिए थे। दोनों को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस दिया जाएगा। पुलिस कमिश्नर के अनुसार ऐसी सूचना मिली है कि अवनीश की विदेश यात्रा की फंडिंग भी इन्हीं लोगों ने की थी।

### फार्म हाउस की थी असलहा वाली फोटो

पुलिस के अनुसार अवनीश दीक्षित और अन्य की असलहा के साथ जो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। वह इन्हीं के फार्म हाउस की थी। जांच में पता चला है कि अवनीश या उसकी पत्नी प्रतिमा के नाम पर कोई शस्त्र लाइसेंस नहीं है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के अनुसार असलहा किसका था और अवनीश के पास क्या कर रहा था। फार्म हाउस में असलहों का प्रदर्शन क्यों किया जा रहा था। इन सभी मुद्दों पर इनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

### अवनीश-3

### फरार इनामियों की नहीं गिरफ्तारी, बढ़ेगी राशि

कानपुर। नजूल की 1000 करोड़ की जमीन पर कब्जे के प्रयास में पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, सपा नेता राहुल वर्मा, हरेंद्र मसीह, मौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अर्पण एरियल, जीतेश झा, मोहित बाजपेई, संदीप, विक्की चार्ल्स, अब्बास, जितेंद्र और अन्य अज्ञात 20 व्यक्तियों के खिलाफ लेखपाल विपिन कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई थी। दूसरी एफआईआर सैमुएल गुरुदेव सिंह ने जितेश झा, राहुल, अब्बास, विक्की चार्ल्स, अवनीश दीक्षित, मोहित बाजपेई, नीरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अर्पण एरियल, संदीप, हरेंद्र मसीह व 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अवनीश दीक्षित और राहुल वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेकिन अन्य फरार आरोपियों की 25 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने मामले में 9 आरोपियों अली अब्बास, विसेंट विक्रम उर्फ विक्की चार्ल्स, संदीप शुक्ला, अर्पण एरियल, नीरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल उर्फ सोनू, हरेंद्र मसीह, जितेश झा के ऊपर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है।

## पटरी पर व्यवस्था

### हैलट अस्पताल परिसर में लगी मरीजों की भीड़, मिला इलाज

# काम पर लौट आए जूनियर डॉक्टर, खुली ओपीडी



हैलट अस्पताल में मरीजों की भीड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के गुस्से में इंसाफ की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने 8 दिनों से जारी हड़ताल गुरुवार को खत्म कर दी। इससे हैलट अस्पताल की ओपीडी खुलने से मरीजों को इलाज मिला। ओपीडी में जूनियर डॉक्टरों ने काम किया, लेकिन उनका कहना है कि घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन अभी जारी रहेगा।

कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना को लेकर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर 14 अगस्त से हड़ताल पर थे। 16 अगस्त की सुबह से उन्होंने हैलट की ओपीडी बंद करा दी थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले का संज्ञान लेने और सुनवाई शुरू करने के बाद गुरुवार को जूनियर डॉक्टर काम पर लौट आए।

### 2000 मरीजों को देखा गया, 128 किए गए भर्ती

हैलट अस्पताल की ओपीडी खुलने से 2000 से अधिक मरीजों को लाभ मिला। सबसे अधिक भीड़ मेडिसिन और चर्मरोग विभाग में रही। यहां कानपुर के साथ आसपास के 17 जिलों से मरीज इलाज के लिए आते हैं। हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि गुरुवार को खुली ओपीडी में 2200 मरीजों को देखा गया है, इनमें से 128 मरीजों को भर्ती किया।

# डीवीआर, मोबाइल बरामदगी बड़ी चुनौती

### अवनीश-4

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अवनीश की पुलिस रिमांड 24 अगस्त को सुबह 10 बजे खत्म हो जाएगी। पुलिस को इससे पहले उसे जेल में दाखिल करना होगा। ऐसे में मोबाइल और डीवीआर की बरामदगी बड़ी चुनौती है।

फरार पत्नी को खोजने में जुटी पुलिसः पुलिस मानकर चल रही है कि अवनीश की करतूतों में पत्नी प्रतिमा का भी पूरा हाथ है। इसी कारण वह फरार है। पुलिस टीमें उनकी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है, कि अवनीश के मोबाइल की बरामदगी के लिए पत्नी के पकड़े जाने के बाद दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ होगी।

### वरिष्ठ पत्रकार पर पुलिस की नजर

पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष के संरक्षणदाता एक वरिष्ठ पत्रकार और प्रभावशाली व्यक्ति तक भी पुलिस सुबूतों के आधार पर पहुंच सकती है, इसे लेकर चर्चा गर्म रही। दोनों की ही सत्ता शासन में अच्छी पकड़ है।

### बड़े स्तर पर जुआं खिलवाते थे अवनीश

अवनीश जुआरियों को संरक्षण देकर पुलिस को साथ मिलाकर रखता था। उस पर अवैध पार्किंग, जमीनों पर कब्जे के सिंडीकेट और नगर निगम के ठेके के साथ बड़े उद्योगपतियों को ब्लैकमेल करके करोड़ों की संपत्ति खड़ी करने के भी आरोप की जांच जारी है।

# ग्राम सभा की जमीन पर बने स्कूल की बाउंड्री और मेन गेट पर चला बुलडोजर

## स्कूल प्रबंधक ने कहा प्रशासन कर रहा मनमानी, हाईकोर्ट में अपील कर मांगेंगे न्याय

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन ने एक शिकायत मिलने के बाद सेहुद ग्राम पंचायत की 10 एकड़ ग्राम सभा की जमीन पर कब्जे की जांच की। जिसमें वहां ग्राम सभा की भूमि पर गलत तरह से स्कूल का निर्माण होना पाया गया। इस पर स्थानीय लेखपाल ने स्कूल प्रबंधक और तत्कालीन राजस्व कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। गुरुवार को इस संबंध में प्रशासन ने एक्शन लिया। सुबह पुलिस फोर्स के साथ तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर बुलडोजर से स्कूल की बाउंड्री और गेट गिरवा दिया। उधर स्कूल प्रबंधक ने इसे जिला प्रशासन की मनमानी बताया और हाईकोर्ट जाने की बात कही है।


विद्यालय की बाउंड्री गिराता बुलडोजर। अमृत विचार

तहसीलदार रणवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 1971-72 की फर्जी प्रविष्टि के सहारे अवैध तरीके से 52 साल से काबिज लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हुई है। जमीन पर बनाए गए जनता महाविद्यालय व जनता माध्यमिक विद्यालय की वर्तमान प्रबंधक मिथलेश कुमारी समेत फर्जी प्रविष्टि में शामिल रहे तत्कालीन राजस्व कर्मियों के खिलाफ क्षेत्रीय लेखपाल ने दिबियापुर थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। तहसीलदार ने बताया कि बिधूना के देवरांव गांव निवासी चंद्रमणि बाजपेई ने साल 1971-72 के फर्जी आवंटन को दर्शाकर सेहुद ग्राम पंचायत के मजरा देवराय का पुर्वा में औरैया दिबियापुर रोड किनारे बेशकीमती 10 एकड़ जमीन हथिया ली थी।

वह ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर काबिज हो गए थे। काबिज होने के साथ ही यहां पर इमारत बनवाते हुए शिक्षण संस्थान

- ग्राम सभा की 10 एकड़ जमीन पर कब्जे की जांच की गई थी

खोले। जनता माध्यमिक विद्यालय व जनता महाविद्यालय के प्रबंधक बने। 52 साल बाद जमीन के इस फर्जीवाड़े की हकीकत सामने आई। पारिवारिक कलह के बीच हुई शिकायत में जमीन का मुद्दा उठा। शिक्षण संस्थान के तत्कालीन प्रबंधक चंद्रमणि बाजपेई के देहांत के बाद उनके भतीजे विनोद बाजपेई की पत्नी मिथलेश कुमारी को प्रबंधक बनाया गया था।

गुरुवार सुबह तहसीलदार रणवीर सिंह क्षेत्रीय लेखपाल जय प्रताप के साथ जनता महाविद्यालय पहुंचे और बुलडोजर से स्कूल की बाउंड्री और मेन गेट गिरवा दिया। प्रबंधक मिथलेश कुमारी ने इसे प्रशासन की मनमानी बताया है। कहा कि पहले भी जांच हो चुकी तब सब सही निकला था। कहा कि वह न्याय के लिए हाईकोर्ट की शरण लेंगी।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- फफूंद क्षेत्र में 9 साल पहले हुई थी वारदात, दोषी पर 1 लाख रूपये अर्थदंड भी

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना फफूंद क्षेत्र में करीब नौ वर्ष पूर्व एक किशोरी का अपहरण व दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है। दोषी पर कोर्ट ने एक लाख रूपये अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले के सह अभियुक्त नंदलाल के उपस्थित न होने से उसकी पत्रावली पृथक कर दी गई है।

इस बाबत अभियोजन को ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा के अनुसार वादी ने थाना फफूंद में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 25 जनवरी 2015 को निमंत्रण में बाहर गया था। उसकी पत्नी घर में किसी कार्य में व्यस्त थी। तभी शाम 7 बजे उसकी नाबालिग पुत्री लैट्रिन जाने के लिए घर से निकली जो काफी देर तक वापस नहीं आई। गांव वालो ने बताया कि उसकी लड़की मोटरसाइकिल से नन्दलाल निवासी इटावा व अनिल निवासी शेरपुर सरैया के साथ गई है। इस सूचना पर वादी ने फफूंद में केवल एक आरोपी अनिल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने भी विवेचना कर कोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत की। इस मामले के सह अभियुक्त नंदलाल को दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 319 के तहत न्यायालय ने विचारण हेतु तलब किया, किन्तु नंदलाल के उपस्थित न होने के कारण उसकी पत्रावली पृथक कर दी गई। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मनराज सिंह की कोर्ट में चला। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने नाबालिग से सामूहिक बलात्कार करने वालों को कठोर दण्ड देने की बहस की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से डीएलए डीसी ने उसे निर्दोष बताकर रहम की मांग की। दोनो पक्षों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने अभियुक्त अनिल निवासी शेरपुर सरैया फफूंद को आजीवन कारावास व एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया।


अवैध कब्जा हटवाते अधिकारी। अमृत विचार

# अभियान चलाकर कई जगह हटाए गए कब्जे

संवाददाता अयाना,औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर गुरुवार को अयाना क्षेत्र के असेवटा व जसवंतपुर में एसडीएम अमित त्रिपाठी ने राजस्व टीम के साथ भूमि विवादों का निस्तारण करवाया।

असेवटा में राजस्व निरीक्षक अरविंद बाबू, एडीओ पंचायत विनय यादव, लेखपाल, गिरजेश कुमार, सौरभ सिंह, नीतू, योगेंद्र सिंह व राजेंद्र बघेल ने अभियान चलाया। जिसमें गाटा संख्या 94, 146, 246 स्थित रास्ता को खुलवाया गया। लेखपाल आवास की पैमाइस कर कब्जा हटवाया गया। वहीं जसवंतपुर में एसडीएम अमित त्रिपाठी, कानूनगो रणवीर सिंह, बीडीओ बब्बन प्रसाद मौर्य, लेखपाल विनय कुमार, सरिता, सत्यम गुप्ता, राजकमल दुबे, आशीष कुमार ने चिन्हित जगहों पर अतिक्रमण हटवाया। एसडीएम ने बताया कि अभियान चलाकर भूमि विवाद के मामलों निस्तारित होंगे।

# जिलाधिकारी ने मौके पर देखा क्या हुई कार्यवाही

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ.इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने मिशन समाधान के तहत सरकारी भूमि, चकरोड तथा नाली, शमशान सहित अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा एवं आपसी विवादों को निस्तारित कराने के लिए तहसीलवार गठित राजस्व व पुलिस की टीमों की कार्यवाही को ग्राम पंचायत जमुही व वैसुन्धरा में पहुंचकर निरीक्षण किया। संबंधित अफसरों को निर्देशित किया कि कब्जा मुक्ति व आपसी मामलों के निस्तारण को नियमानुसार व निष्पक्षता के साथ करते हुए स्थाई समाधान सुनिश्चित करें व सीमा चिन्हांकन किया जाए जिससे पुनः अवैध कब्जा, विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही की फोटो, वीडियोग्राफी भी कराए और यदि निस्तारण के उपरांत किसी


हटाए गए अवैध कब्जे का स्थलीय निरीक्षण करते जिलाधिकारी डा इंद्रमणि त्रिपाठी एवं एसपी चारु निगम। अमृत विचार

- सरकारी भूमि पर अतिक्रमण व अवैध कब्जों को मुक्त कराने के दिए निर्देश

के द्वारा शांतिभंग अथवा कोई विवाद पैदा किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान ग्राम वैसुन्धरा में बनाए जा रहे मार्ग की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया। यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीणों को आगाह करें कि मार्ग पर पशु आदि न बांधें। जिससे आवागमन बाधित हो। उन्होंने तहसीलदार, नायब तहसीलदार व लेखपाल से कहाकि मिशन समाधान के अंतर्गत सरकारी भूमि, चकरोड, नाली, शमशान, चरागाह, कृषि भूमि आदि के अवैध कब्जों के साथ-साथ आमजन के आपसी भूमि विवादों को भी नियमानुसार कार्यवाही करते हुए स्थाई समाधान करें।

### जमीन पर कब्जा होने पर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**औरैया।** सहार थाना क्षेत्र के पुरवा रावत गांव निवासी महिला शबनम ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जमीन पर अवैध कब्जा होने की शिकायत की है। आरोप है कि वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे उसकी जमीन पर कब्जा करा रहे हैं, । महिला ने बताया कि उसके पति के नाम जमीन है इसके बावजूद जबरन कब्जा किया जा रहा है। महिला ने प्रार्थना पत्र में कहाकि पुर्वा रावत जनपद औरैया की रहने वाली हूं। पति शरीफुद्दीन के नाम एक किता गाटा सं0-687 ग ग्राम पुर्वा रावत सहार में है जो कन्नौज से दिबियापुर रोड पर स्थित है। पति का राजस्व कागजात नाम खतौनी व खसरा मे भी दर्ज है। उसी के ठीक बगल में गाटा सं0-687च व 687ड़ जो कि गीता भारती पत्नी कमल कुमार से श्रीकृष्ण व लाल सिंह ने उक्त जगह का बैनामा कराया है तथा संतोष कुमारी द्वारा उसी चक में दीपेन्द्र कुमार सेजमीन खरीदी है। महिला ने बताया कि उपरोक्त लोग उसकी जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहे है।

# संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के पास स्थित एक मन्दिर के पास एक शव पड़े होने की सूचना क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को दी। शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव बीघेपुर बल्लापुर के पास स्थित काली माता मंदिर के पास झाड़ियों में आ रही बदबू पर लोगों का ध्यान गया। वहां एक शव पड़ा देख हड़कंप मच गया। सूचना पर आसपास गांव के लोग भी वहां पहुंचे। जानकारी मिलने पर पुलिस फोर्स के साथ कोतवाल राजकुमार सिंह मौके पर पहुंचे। शव की शिनाख्त बीघेपुर - बल्लापुर गांव निवासी श्यामवीर ने भाई राजवीर (32 वर्ष) के रूप में की।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर निकाला जुलूस

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे शारीरिक, आर्थिक व धार्मिक अत्याचार के विरोध में हिंदू रक्षा संगठन सहित विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया। इससे पहले नगर के मुख्य मार्गो से हिंदू संगठनों द्वारा जुलूस निकाला गया और बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों व उनके पवित्र पूजा स्थलों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उत्पीड़न, शोषण व मानवीय अत्याचारों से समस्त बांग्लादेशी हिंदू व अन्य अल्पसंख्यक व्यथित हैं। बांग्लादेश



हिंदू संगठनों ने जुलूस निकाल बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की। अमृत विचार

में निष्प्रभावी कानून व्यवस्था के कारण अतिवादी जिहादी तत्वों द्वारा बड़े पैमाने पर हिंदुओं का आर्थिक तथा शारीरिक शोषण किया जा रहा है। हिंदुओं के धार्मिक तथा व्यावसायिक स्थलों पर लूट व तोडफोड़ की जा रही है। कट्टरपंथियों द्वारा बहन, बेटियों तथा छोटे बच्चों पर किए जा रहे कृत्यों के चित्र आदि देखकर हिंदू आक्रोशित है। भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख सौरभ भूषण शर्मा, अवधेश भदोरिया, अनिल दीक्षित, शरद वर्मा, विनोद कुमार,अभिषेक त्रिपाठी,दीपक वर्मा, प्रमोद विश्नोई, सुनील मिश्रा,शिव महेश दुबे,आनंद विश्नोई, अनीता मिश्र,नेपाल पांडे आदि रहे।

### श्रीराम युवा सेना ने निकाली जन आक्रोश यात्रा

**औरैया।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे नरसंहार एवं मन्दिरों के तोडफोड़ के विरोध में श्री राम युवा सेना दिबियापुर द्वारा गुरुवार को अपराह्न 3 बजे जन आक्रोश यात्रा निकाली गई। आक्रोश यात्रा नारायणी मंडपम से शुरू होकर औरैया रोड,थाने के सामने ,स्टेशन रोड, नहर बाजार , सहायाल रोड ,बेला रोड होते हुए मंडी समिति में यात्रा का समापन हुआ। जन आक्रोश यात्रा में श्री राम युवा सेना के अध्यक्ष आशीष दुबे,महिला विंग श्रद्धा मनु चौहान,गोविंद दुबे,अंकित दुबे,शिवम, पियूष, रीतेश,ब्रज किशोर,सुशील,गिरीश ,कंचन, राइजिंग क्वींस की अध्यक्षा सपना गुप्ता,नंदनी सेंगर, वर्षा,रोहित दुबे,अर्चित, रोहित पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# बाइक सवार दो युवक घायल, रेफर

**अजीतमल।** कस्बा क्षेत्र के अनन्तराम हाइवे स्थित टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से जा टकराई। जिससे बाइक सवार दो युवक गम्भीर घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल भेजा गया।

वुधवार की देर शाम जनपद आगरा के जैतपुर गांव निवासी वीरू खां (30 वर्ष) और उसका साथी इरफ़ान खां (26 वर्ष) बाइक से जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया। दोनों घायलों को हाईवे एंबुलेंस से सीएचसी अजीतमल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने दोनों को रेफर कर दिया। इरफ़ान ने बताया कि वह और वीरू दोनों लोग महेवा के पास हाईवे किनारे स्थित एक ढाबे पर काम करते हैं।

**अखाड़ा** क्योंटरा में दो दिवसीय दंगल में आए नामी पहलवानों ने दिखाया अपना दम

# दंगल में पहलवानों ने आजमाए दांव-पेच

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** जनपद के विकासखंड औरैया क्षेत्र के ग्राम क्योंटरा में 20 व 21 अगस्त को दो दिवसीय विशाल दंगल का आयोजन किया गया। प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडे ने फीता काटकर दंगल की शुरुआत की। दंगल में दूरदराज से आए नामी पहलवानों ने अपने-अपने दांवपेंच दिखाए। इस दौरान कई पहलवानों की कुश्ती आकर्षण का केंद्र रही। 5000 की बड़ी कुश्ती पर सभी की नजर रही।

औरैया विकासखंड क्षेत्र के ग्राम क्योंटरा में रक्षाबंधन के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार व बुधवार को विशाल दंगल का आयोजन परम्परागत होता है। इसी क्रम में


पहलवानों के हाथ मिलवाते ग्राम पंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय एवं अन्य

20 व 21 अगस्त को दंगल का आयोजन किया गया। इस दौरान नीरज दीक्षित एडवोकेट, सौरभ पाठक, हीरा शुक्ला, संदीप पाठक, अखिलेश पांडे ग्राम प्रधान के क्योंटरा, अंकुर अवस्थी, अमित दासपुर प्रधान, मनोज पहलवान, अरविंद सविता प्रधान भगोतीपुर, का विशेष सहयोग रहा। दंगल के दौरान कुश्ती में अंकित माथुर व बकराक सहारनपुर की कुश्ती हुई जिसमें दोनों बराबर रहे। लकी थापा नेपाल के काठमांडू ने सोनू हरियाणा को हराया कुश्ती। 5000 रुपए की बड़ी कुश्ती में मोहित सहारनपुर ने मोनू फिरोजाबाद को हराया। 2500 रुपए की कुश्ती परवेज मेरठ, इंद्रजीत पाठक दतिया मध्य प्रदेश की कुश्ती बराबरी पर रही। विपिन यादव व मोहित सहारनपुर 2500 रुपए की कुश्ती मोहित ने जीती। इसी तरह से अन्य पहलवानों ने भी कुश्ती के दौरान आकर्षक प्रदर्शन किया। जीते हुए पहलवानों को दंगल कमेटी द्वारा पुरष्कृत किया गया।

पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश (प्रचलित नाम राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन) के पदाधिकारी विवेक अवस्थी ब्लॉक अध्यक्ष भीतरगांव एवं जिला संयोजक ग्राम प्रधान संगठन कानपुर नगर उत्तर प्रदेश, रवि शंकर अग्निहोत्री लाल जिला अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन कानपुर नगर, अखिलेश पांडे मंडल महामंत्री ग्राम प्रधान संगठन कानपुर मंडल कानपुर उत्तर प्रदेश, दिनेश मिश्रा प्रदेश महासचिव ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के अलावा ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।


गाड़ी में चढ़ने के लिए स्टेशन पर भीड़। अमृत विचार

# त्योहार की वापसी व सिपाही भर्ती परीक्षा से ट्रेन-बस फुल

संवाददाता अछल्दा,औरैया

**अमृत विचार।** रक्षाबंधन त्योहार मनाने के बाद लौट रहे लोगों की भीड़ उमड़ी तो रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर इंतजाम कम पड़ गए। सीट पाने के लिए यात्रियों में मारामारी मची रही। लोगों को जान जोखिम में डालकर सफर तय करना पड़ रहा है। वहीं सिपाही भर्ती परीक्षा की वजह से अभ्यर्थियों की भीड़ से हालत और खराब हो गए। बसों व ट्रेनों में यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की होती रही। गुरुवार को रक्षाबंधन मनाकर घरों से लौट रहे लोगों की वजह से सुबह से ही ट्रेनों और बस अड्डा पर यात्रियों की भीड़ होनी शुरू हो गई। कानपुर- टुंडला मेमो और बस अड्डे पर हालत खराब हो गए। वहीं सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए जा रहे छात्र- छात्राओं की वजह से तमाम ट्रेनें, मेमो फुल हो गई थीं।

## सार-संक्षेप


तुलसी के पौधा वितरित करती सखी ग्रुप की पदाधिकारी। अमृत विचार

### तुलसी सखी ग्रुप ने 101 तुलसी के पौधे बांटे

**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति की महिला शाखा तुलसी सखी ग्रुप के सदस्यों ने जीवनदायी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को फूलमती मंदिर में लोगों को 101 तुलसी के पौधे बांटे। इस मौके पर तुलसी सखी ग्रुप की संरक्षक लक्ष्मी बिश्नोई ने बताया कि तुलसी शाखा का उद्देश्य हर घर में तुलसी का पौधा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जिस घर में तुलसी विराजमान होती हैं, वह घर मंदिर का स्वरूप होता है। तुलसी 24 घंटे ऑक्सीजन देती है। तुलसी दल का दैनिक उपयोग करने से तमाम असाध्य बीमारियां दूर रहती हैं। सखी ग्रुप की सदस्यों द्वारा सार्वजनिक रूप से अभी तक 2675 तुलसी के पौधे भेंट किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि घर-घर तुलसी का पौधा पहुंचाने का अभियान अनवरत चलता रहेगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष एकता गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मधु शर्मा, शांति गुप्ता, मंगला शुक्ला, अनीता पोरवाल, रजनी बिश्नोई, सीता अवस्थी, माधुरी विश्नोई, सीमा कुशवाहा, मम्पू बिश्नोई, मुन्नी सोनी, इंदु विश्नोई, रानी अग्निहोत्री आदि सदस्य मौजूद रहीं।

### कार्यशाला में दी गई इंस्पायर अवॉर्ड योजना की जानकारी

**अजीतमल,औरैया।** भारत सरकार द्वारा 2010 से चलाई जा रही इंस्पायर अवॉर्ड योजना के तहत गुरुवार को बीआरसी अजीतमल में एक दिवसीय कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रत्येक उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में अध्ययनरत 6 से 8 कक्षा के 5-5 छात्रों का इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत पंजीकरण कराना अनिवार्य है। जिला विद्यालय निरीक्षक ब्रजेश कुमार और बीएसए संजीव कुमार के निर्देशन पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार की उपस्थिति में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चलाई गई इंस्पायर अवॉर्ड योजना के पंजीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रवक्ता मोहित कुमार व राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार प्राप्त मनीष कुमार ने इंस्पायर अवॉर्ड योजना के तहत विद्यालय के पंजीकरण की प्रक्रिया और लॉगइन आईडी पासवर्ड जेनरेशन के बाबत भी विस्तार से जानकारी दी। जिससे छात्र पंजीकरण में कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि इसके लिए छात्रों का जीरो अकाउंट वैलेंस खाता अनिवार्य है। इसकी सुविधा के लिए छात्र नजदीकी डाकघर की शाखा और राष्ट्रीकृत किसी भी बैंक में जाकर खाता खुलवा सकते है।

### 5 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**औरैया।** विगत 26 जुलाई को जिलाधिकारी व एसपी द्वारा एआरटीओ. कार्यालय में मारे गए छापे के दौरान गिरफ्तार पांचों आरोपियों को सत्र न्यायालय से जमानत नहीं मिली। अपर सत्र न्यायालय ने सभी आरोपियों पर गंभीर धाराएं लगी होने पर उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी। 26 जुलाई को ककोर मुख्यालय स्थित एआरटीओ कार्यालय पर जिले के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी। पुलिस ने कार्यालय में दलालों के जमघट को लेकर कार्यवाही की तथा मौके से पांच लोगों को मय सामान के गिरफ्तार कर लिया। इस घटना को लेकर थाना दिबियापुर के प्रभारी ने गिरफ्तार विजय यादव, विकास दीक्षित, हिमांशु, नितिन उर्फ गोल्डी व गोपाल उर्फ स्वदेश पर गंभीर धारायें लगाकर उन्हें जेल भेज दिया था। सभी आरोपी जिला कारागार इटावा में बंद हैं। पुलिस ने 10 लोगों को फरार दिखाकर कुल 15 लोगों को एफआईआर में नामजद किया। जेल में बंद आरोपियों की ओर से जमानत याचिका सत्र न्यायालय में प्रस्तुत की गई। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद एडीजे सैफ अहमद ने पांचों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### कौशल किशोर बने राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के प्रदेश प्रभारी

**अजीतमल,औरैया।** कस्बा क्षेत्र के ग्राम ऊंचा निवासी कौशल किशोर पाण्डेय को राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। कौशल किशोर को यह दायित्व राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चन्द्र द्विवेदी ने सौंपा है। कौशल किशोर ने बताया कि संगठन को और सशक्त बनाने की वह पूर्ण कोशिश करेंगे। उनको मिले इस दायित्व के चलते लोगो ने उन्हे बधाई दी है।


कौशल किशोर पांडे

### असलहा के साथ वीडियो वायरल, केस दर्ज

**अछल्दा,औरैया।** सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा असलहा का प्रदर्शन करने का एक वीडियो वायरल है। इसको संज्ञान लेकर पुलिस ने वीडियो में दिख रहे युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला नेविल गंज निवासी अमर बहादुर उर्फ राहुल भदौरिया का सोशल मीडिया पर गाली गलौज करते हुए तथा लाइसेंसी शस्त्रों के साथ एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने एक वीडियो जारी कर बयान दिया कि युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। असलहे के लाइसेंस निरस्तीकरण एवं जमा कराने की प्रक्रिया की जा रही है।

### युवक को पीटने में 4 लोगों पर एफआईआर

**अछल्दा,औरैया।** कस्बा के एक युवक के साथ गालीगलौज कर मारपीट करने वाले 4 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कस्बा के नेविल गंज निवासी अमर बहादुर उर्फ राहुल भदौरिया की तहरीर पर मारपीट एवं गाली गलौज करने के आरोप में ईशान सिंह, राहुल भदौरिया,वीपी ठाकुर,आकाश ठाकुर के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि 20 अगस्त की दोपहर नामजद चारों लोगों ने युवक को पकड़कर गालीगलौज कर लात घूंसो एवं डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया था।

### वीसीवी पैनल बदलने से आज नहीं आएगी बिजली

**ककोर,औरैया।** औद्योगिक नगर दिबियापुर में वीसीबी पैनल मशीन बदलने के कारण पावर हाउस द्वितीय में काम किया जाएगा। पैनल बदलने के कारण दिबियापुर नगर में शुक्रवार सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। दिबियापुर उपखंड अधिकारी ए.के. सिंह ने बताया सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि सुबह सभी लोग टंकी में पानी भर लें तथा इनवर्टर का उपयोग करें।

### बंजारा समाज पर अपमानजनक टिप्पणी पर जताया विरोध

**ककोर,औरैया।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पुलिस की मौजूदगी में बंजारा समाज का नाम लेकर गालियां देने का कड़ा विरोध किया जा रहा है। जिसमें जिला औरैया में गौर सेवा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मंगल सिंह नायक और प्रदेश संगठन मंत्री संत कुमार नायक ने इस आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि मध्य प्रदेश के जिला उज्जैन में किसी प्रकरण को लेकर दलित युवक की पहल करने के लिए राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप सिंह बबलू कांग्रेस नेता हेमंत चौहान ने अपने साथियों के साथ बंजारा समाज का नाम लेकर गालियां दी। जिससे बंजारा समाज बहुत आहत है। बंजारा समाज से करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस नेता माफी मांगे। प्रदेश सचिव दिनेश नायक प्रदेश, ग्राम प्रधान रूप सिंह नायक, उत्तम सिंह नायक, गगन सिंह नायक, दिनेश, राहुल नायक, सोबरन नायक, शैलेंद्र, रोहित नायक, वेदप्रकाश नायक, वीरेंद्र नायक, साहेब सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**औरैया।** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ डा राकेश सिंह ने गुरुवार को सीएचसी दिबियापुर का निरीक्षण कर डाक्टर एवं चीफ फार्मासिस्ट को मरीज संबंधी जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में ड्यूटी पर ड्रेस कोड में रहने और मरीज देखते वक्त हर उपकरण साथ में जरूर रखने को कहा। वही गैर संचारी मरीजों का रजिस्टर में नाम अंकित जरूर करें। अस्पताल में साफ सफाई रखें।

### ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर घायल, कानपुर रेफर

**औरैया।** दिबियापुर के फफूंद रेलवे स्टेशन पर बीती रात्रि नॉनस्टाप फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर कन्नौज निवासी युवक पारस (27) ने फफूंद स्टेशन पर ट्रेन न रुकने पर तेज गति ट्रेन से कूद गया। जिससे उसका एक पैर कट गया। सूचना पर पहुंचे आरपीएफ सिपाहियों ने उसे सीएचसी दिबियापुर में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया।

### युवती को बंधक बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**औरैया।** थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर एक बजे के करीब एसआई संजीव कुमार ने मुरादगंज नहर पुल के पास से जालौन के कालपी थाना क्षेत्र के हीरापुरा निवासी संतोष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पुष्पं पुष्पं विचिन्वीत मूलच्छेदं न कारयेत् ।
मालाकार इवारामे न यथाङ्गरकारक : ॥

जैसे बगीचे का माली पौधों से फूल तोड़ लेता है ,पौधों को जड़ों से नहीं काटता , इसी प्रकार राजा प्रजा से फूलों के समान कर ग्रहण करे । कोयला बनाने वाले की तरह उसे जड़ से न काटे ।

## संपादकीय

# युवाओं में बेरोजगारी

भारत की आर्थिक गति बरकरार है। इसके बावजूद रोजगार के अवसर कम हैं, जिसके परिणामस्वरूप विशेष रूप से शहरी युवाओं और युवा महिलाओं के बीच उच्च बेरोजगारी दर है। यानि देश युवा रोजगार संकट का सामना कर रहा है। हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत में बेरोजगार लोगों का करीब 83 फीसदी हिस्सा युवा है। गुरुवार को जारी वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में कहा गया कि आर्थिक समीक्षा में जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान सही जान पड़ता है। जीडीपी में 6.5 से 7 प्रतिशत वृद्धि हासिल करने की उम्मीद है। अर्थव्यवस्था में होने वाली वृद्धि के बावजूद उन लाखों युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां नहीं पैदा हो पा रहीं हैं, जो हर साल श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। भारत में विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जो आने वाले दशक में और बढ़ेगी। भारत की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। इस युवाओं एवं उनकी रचनात्मक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण के लिए इस्तेमाल करना वास्तव में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था श्रम शक्ति में वृद्धि का समर्थन करे और युवाओं के पास उचित शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता एवं अन्य सुविधाएं मौजूद हों, ताकि वे अर्थव्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में उत्पादक रूप से योगदान कर सकें।

गौरतलब है कि बेरोजगारी एक बहुआयामी समस्या है। विभिन्न मोर्चों पर नीतिगत कार्रवाई की जरूरत है। यह मूल रूप से एक आर्थिक पक्ष है, लेकिन इसके कई सामाजिक और राजनीतिक आयाम भी हैं। इस दृष्टि से भारत के लिए ये काफी मुश्किल समय है कि देश की युवा आबादी का एक बड़ा हिस्सा बेरोजगार है। ऐसे में भारत को अपनी इस युवा आबादी का जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल पा रहा है। हालांकि कृषि और निर्माण क्षेत्र में नौकरियां काफी हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में उतने कुशल श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं जितनी उम्मीद की जाती है। यही वजह कि नव शिक्षित वर्ग श्रम क्षेत्र की मांगों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यानी उन क्षेत्रों में नौकरियां भी हैं और नौकरी चाहने वाले भी, लेकिन काम के हिसाब से योग्यता और कौशल की कमी है। समावेशी विकास के लिए जरूरी है कि तेजी से नौकरियां न सिर्फ उन्हें मिलें, जो वेतन और कौशल वितरण के शीर्ष पर हैं, बल्कि उन्हें भी मिलें जो निचले स्तर पर हैं। इसलिए रोजगार योजनाओं और नीतियों की प्रभावशीलता की निगरानी के लिए तंत्र को सुदृढ़ बनाया जाए।

# जो मनुष्य को बदले वह है असली शिक्षा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

शिक्षक का काम पाठ तैयार करना कराना नहीं है, वह नोट्स तैयार करने का काम नहीं करता, शिक्षक का काम किताब की चीजों को रटाना या दोहराना नहीं है। वह तोते तैयार नहीं करता, उसे पढ़ाने की कला विकसित करनी चाहिए।

आप देश में कहीं पर भी जाइए आपको विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों में एक बड़ा तबका मिलेगा जो सहज और स्वाभाविक तौर पर सांप्रदायिक और जाति चेतना संपन्न है। स्थानीय तौर पर अनेक मसलों पर ये लोग सांप्रदायिक या जातिवादी नजरिए से सोचते हैं। इस तरह की चेतना कांग्रेस के जमाने में भी थी और आज भी है। सवाल यह है कि शिक्षकों में यह चेतना कहां से आती है? हम अपनी शिक्षा और शिक्षकों को सांप्रदायिक और जातिवादी चेतना से मुक्त क्यों नहीं कर पाए? असल में हमारी शिक्षा परिवर्तन विरोधी है, परिवर्तनकामी को शिक्षा में शक की नजर से देखते हैं। एक अन्य बुनियादी सवाल यह है कि क्या हमारे विश्वविद्यालय और कॉलेज तर्क और विवेक के आधार पर चल रहे हैं या स्टीरियोटाइप नजरिए से चल रहे हैं? शिक्षक अपने विद्यार्थियों को तर्क, विवेक और वैज्ञानिक नजरिए से पढ़ाते हैं या स्टीरियोटाइप नजरिए से पढ़ाते हैं? अंदर की हकीकत यह है कि हम अपने विद्यार्थी को स्टीरियोटाइप पद्धति से पढ़ाते हैं। वास्तविकता यह है कि हमारे विकास और परिवर्तन की गारंटी स्टीरियोटाइप नजरिया नहीं है। हमें यदि बदलना है और नया समाज बनाना है तो तर्क और विवेक के आधार पर चीजों को देखने, समझने और परखने के संस्कार पैदा करने होंगे। ये चीजें ही शिक्षा की सार्थकता की गारंटी हैं।

> विश्वविद्यालय और कॉलेज का नाम आते ही पहला शब्द जेहन में आता है वह है ज्ञान या नॉलेज। सवाल यह है हम ज्ञान कैसे अर्जित करते हैं? ज्ञान कैसे संप्रेषित करते हैं? जानना या खोज की भूख पैदा करना बेहद जरूरी है, लेकिन हमारा समूचा पठन-पाठन ज्ञान की भूख पैदा नहीं करता, खोज की इच्छा पैदा नहीं करता। इसके विपरीत हमने यह मान लिया है कि हमें किसी तरह डिग्री हासिल करनी है, नौकरी हासिल करनी है और इसके लिए जितना जरूरी है उतना ही पढ़ो, रट लो और फिर काम पर निकल लो। यानी ज्ञान के साथ हमने प्रयोजनमूलक संबंध बनाया है, ज्ञानकेंद्रित नहीं बनाया है। शिक्षा में प्रयोजनमूलक दृष्टि हमें पुराने संस्कारों, मूल्यों और संबंधों से मुक्त करने में मदद नहीं करती। यही वजह है कि हम जैसे पढ़ने आते हैं डिग्री पाने के बाद भी वैसे ही बने रहते हैं। यही दशा शिक्षकों की भी है। वे शिक्षित होकर भी अवैज्ञानिक बातें करते हैं, तर्कहीन और अविवेकपूर्ण बातें करते हैं।

विश्वविद्यालय और कॉलेज का नाम आते ही पहला शब्द जेहन में आता है वह है ज्ञान या नॉलेज। सवाल यह है हम ज्ञान कैसे अर्जित करते हैं? ज्ञान कैसे संप्रेषित करते हैं? जानना या खोज की भूख पैदा करना बेहद जरूरी है,लेकिन हमारा समूचा पठन -पाठन ज्ञान की भूख पैदा नहीं करता,खोज की इच्छा पैदा नहीं करता। इसके विपरीत हमने यह मान लिया है कि हमें किसी तरह डिग्री हासिल करनी है,नौकरी हासिल करनी है और इसके लिए जितना जरूरी है उतना ही पढ़ो,रट लो और फिर काम पर निकल लो। यानी ज्ञान के साथ हमने प्रयोजनमूलक संबंध बनाया है,ज्ञानकेंद्रित नहीं बनाया है। शिक्षा में प्रयोजनमूलक दृष्टि हमें पुराने संस्कारों, मूल्यों और संबंधों से मुक्त करने में मदद नहीं करती। यही वजह है कि हम जैसे पढ़ने आते हैं डिग्री पाने के बाद भी वैसे ही बने रहते हैं। यही दशा शिक्षकों की भी है। वे शिक्षित होकर भी अवैज्ञानिक बातें करते हैं, तर्कहीन और अविवेकपूर्ण बातें करते हैं,अपरिवर्तित बने रहते हैं।

शिक्षक का काम पाठ तैयार करना कराना नहीं है, वह नोट्स तैयार करने का काम नहीं करता, शिक्षक का काम किताब की चीजों को रटाना या दोहराना नहीं है। वह तोते तैयार नहीं करता, उसे पढ़ाने की कला विकसित करनी चाहिए। शिक्षक कोई माध्यम मात्र नहीं है, वह किताब और छात्र के बीच का सेतु नहीं है,बल्कि वह मनुष्यता का माध्यम होता है। शिक्षक की कक्षा करने का अर्थ है मानवीय बनना,आलोचनात्मक विवेक अर्जित करना। वह सच्चे ज्ञान का दाता नहीं होता, वह तो मनुष्य है और मनुष्य की तरह संवाद करना और जीना सिखाता है। बार-बार अपने विद्यार्थियों का ध्यान ज्ञान और समाज की समस्याओं की ओर खींचता है।

अच्छी कक्षा वह है, जो कक्षा के विवाद घर तक ज्ञान के विवादों को ले जाए। खाली समय में विद्यार्थियों को बहस के लिए, संवाद के लिए उदबुद्ध करे। शिक्षा में क्राइम का आरंभ झूठ से होता है, जब कोई शिक्षक-शिक्षिका झूठ बोलने लगे, अफवाह फैलाने लगे, चरित्र हनन करने लगे तो अकादमिक जगत में अपराधकर्म की शुरुआत होती है। जब कोई शिक्षक अपने अकादमिक कार्यों को प्राथमिकता न देकर गिरोह बनाकर या संगठनबद्ध होकर अन्य का चरित्रहनन करे, राजनीतिक नजरिए के आधार पर हमले करे, व्यक्तिगत तौर पर अपमान करे, छात्रों का निहित स्वार्थ के लिए दुरुपयोग करे तो अकादमिक जगत का अपराधीकरण करता है।

असली शिक्षा वह है,जो मनुष्य को बदले, मनुष्य के अंदर बैठे पशुबोध को नष्ट करे, लेकिन वास्तविकता यह है कि हम न तो बदलते हैं और न हमारे अंदर का पशुबोध मरता है, बल्कि शिक्षित होने के बाद यह प्रबल और शक्तिशाली हो जाता है। यथास्थिति बनी रहती है और इसे बनाने में स्टीरियोटाइप पठन-पाठन की केन्द्रीय भूमिका है। यही वह बुनियादी जगह है,जहां पर सांप्रदायिक और जातिवादी चेतना फल-फूल रही है। शिक्षा में लगे लोग जाने-अनजाने जिस शैली का शिक्षण के लिए इस्तेमाल करते हैं,उस पर कभी घर जाकर सोचते होंगे इस पर मुझे संदेह है। शिक्षण शैली के तीन स्टीरियोटाइप पहलू हैं। पहला, प्रस्तुति की स्टीरियोटाइप शैली, दूसरा, स्टीरियोटाइप पाठ्यक्रम, तीसरा, ज्ञान का स्टीरियोटाइप दार्शनिक नजरिया, वर्ग और राष्ट्र का स्टीरियोटाइप नजरिया। पढ़ाते समय इन तीनों ही किस्म के स्टीरियोटाइप से बचने की जरूरत है।

शिक्षण सर्जनात्मक होता है, वह तयशुदा चीजों और बातों से शुरू तो हो सकता है,लेकिन उसका लक्ष्य तयशुदा लक्ष्य को प्राप्त करना नहीं है, बल्कि तयशुदा से परे जाकर नए की खोज करना उसका लक्ष्य है, तयशुदा के बारे में सवाल खड़े करना, संवाद-विवाद पैदा करना यदि स्टीरियोटाइप फ्रेमवर्क में ही चीजें पेश की जाती हैं तो संवाद पैदा नहीं होगा। सवाल खड़े नहीं होंगे। खोज और जिज्ञासा की भावना पैदा नहीं होगी। खोज और जिज्ञासा की भावना के बिना आप आधुनिक नहीं बन पाएंगे, यही वजह है हमारी शिक्षा पूर्व-आधुनिक मनोभावों और मूल्यों से मुक्त नहीं करती। कहने का मतलब यह कि स्टीरियोटाइप नजरिया और अभ्यास शिक्षक और छात्र दोनों को नुकसान पहुंचाता है।

हिंदी फिल्मों में ऐसी फिल्में बनी हैं,जो स्टीरियोटाइप को चुनौती देती हैं। मसलन "तारे जमीन पर" (2007) में ऐसा शिक्षक है,जो एकदम खुले दिमाग का है और पूर्वाग्रहों से रहित है। "मैं हूं ना" (2004 ) फिल्म में शिक्षक-छात्र मित्रता पर जोर है। शिक्षक बोरिंग नहीं होता। "चक दे इंडिया" (2007) में शिक्षक की भूमिका है। टीम को एकजुट करने की,"थ्री इडियट"(2009) में बोमन ईरानी (वीरू सहस्त्रबुद्धे ,शिक्षक का नाम) जीनियस और अहंकारी शिक्षक है, वहीं आमिर खान (रैंचो) का चरित्र है,जो लगातार यही बताता है कि डिग्रियां कहीं नहीं ले जातीं। असली ज्ञान तो क्लास रूम और किताबों के बाहर है। "ब्लैक" फिल्म में अमिताभ बच्चन ( देवराज सहाय) बताता है कि शिक्षक किस तरह अर्थपूर्ण जीवन बना सकता है। इसी तरह "मोहब्बतें" फिल्म में जोर है कि शिक्षक को नरम दिल होना चाहिए तब ही वह छात्रों की संवेदनाएं समझ सकता है।

## प्रसंगवश

# वो गांव बहुत याद आता है

बहुत याद आता है,मेरा भोला सा गांव, आईने सी बहती नदी, चंचल पोखर और पीपल की छांव, दरख्त से बांधी, थिरकती छोटी सी नांव, महावर लगे, चढ़ते-उतरते वे पांव बहुत याद आता है, मेरा भोला सा गांव। नटखट बछड़ा, रंभाती गैया, रसोई बनाती यशोदा सी मैया,चोटी पकड़ खींचता,चिढ़ाता था भैया, छेड़ते जब चाचा, चाची कहती 'हटो जाव, सुधरोगे कब कन्हैया !

हम सबको किसी न किसी बहाने अपना गांव याद आता है। पेट की मजबूरी कह लें या जेब की फांका मस्ती, शहर में आया गवई गांव को याद तो करता है,लेकिन अब वह गांव लौटना नहीं चाहता। मैं जानता हूं कि समस्याएं चिन्हित करना एक बात है और उसके समाधान के रास्ते खोजना अलग बात है। हमारे गांवों में अशिक्षा है, बेरोजगारी है, बीमारियां है, जमीनों के खूनी विवाद है, अदालती मुकदमेबाजी है,मुकदमेबाजी से तो शायद ही कोई घर अछूता हो, जात-पात की सामाजिक समस्याएं अब भी जस की तस बरकरार हैं। हां शोषण का वह रंग अब नहीं दिखाई देता है, जैसा प्रेमचंद के उपन्यासों में मुखर होता है। कथित उच्च वर्ग को खेतों में काम करने में अरूचि, दलित वर्ग में शिक्षा में अरूचि जस की तस बनी हुई है? बड़े शहरों की ओर पलायन कम होने की जगह और बढ़ा है,यही हाल रहा तो एक दिन गांव विरान हो जाएंगे,अब भी गांवों में नवयुवकों की संख्या नगण्य होती जा रही है।




डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

गांवों की सबसे बड़ी खासियत और ताकत सामाजिक एकता,पारिवारिक एकता उसमें भी अब दरार आने लगी है। देखने में आता है कि हमारा प्रधान सारे गांव का प्रधान नहीं हो पाता,वह सिर्फ अपने समर्थकों का ही प्रधान बना रहता है? अशिक्षा, गरीबी,बेरोजगारी से उसका कोई वास्ता ही नहीं है। स्वास्थ्य सेवा का तो और भी बुरा हाल है, सरकार ने अस्पताल तो बना दिए है,लेकिन उसमें डॉक्टर नदारद हैं। अंधविश्वास पर इतनी जागरूकता फैलाने, जोर देने के बावजूद लोग आज भी झाड़, फूंक, ओझा बाबाओं पर विश्वास करते हैं। बुजुर्ग संस्कृति को गरीबों की धोती ने संभाल रखा है वरना जवान अमीरी ने तो पैंट-शर्ट अपना लिया है। ईट-पत्थर के घरों ने सुविधा, सुरक्षा तो बढ़ा दी है, लेकिन मिट्टी के घरों की वो मोहकता,वो लगाव खत्म कर दी है। गांवों का आपसी अपनत्व बिखरता जा रहा है। प्रेम भाईचारे के ताने-बाने में बुने लोगों में आपसी स्नेह के रिश्ते जो गावों की पहचान हुआ करते थे,आज वेंटिलेटर पर पड़े-पड़े अपनी आखरी सांसे गिन रहे हैं। परिवार-समाज में आपसी कलह के चलते घर-खेत बंटते चले जा रहे हैं, इसलिए खेतों का आकार पहले से छोटा हो गया है,फिर भी पहले से पैदावार तो बढ़ी है। साथ ही साथ खाने वाले पेट भी बढ़े हैं, शायद इसलिए गरीबी जस की तस कायम है।

पीने के पानी ने लोटे और मटके की जगह शहरों की तरह प्लास्टिक की बोतलों और फ्रीज में अपनी जगह बना ली है। भूजल स्तर में दिन प्रतिदिन हो रही कमी ने भी घरों के नल सुखा दिए हैं या फिर पानी की कमी से जूझने के लिए उसको गहराइयों में स्थापित करने के लिए विस्थापित कर उसका इस्तेमाल करना मजबूरी हो गई है। पंगत में बैठकर पत्तल में खाने की परंपरा शहरी बफे सिस्टम ने लगभग खत्म सी कर दी है। आज से पच्चीस-तीस साल पहले तक शादी समारोह तीन-तीन दिन तक चलते थे,वह भी तब जब गावों में गरीबी ज्यादा थी,आधुनिकता ने इसे छोटा कर दिया,अब लोग शादी-ब्याह में जाने की औपचारिकता भर निभाते हैं,शामियाने में खाकर तुरंत ही घर को लौट चले आते हैं। पहले शादियों में आर्केस्ट्रा नहीं होते थे,लेकिन आज होते हैं, ऑर्केस्ट्रा आम हो गए हैं तो शराब की खपत भी बढ़ी है। इसलिए नशे में मार-पीट की घटनाएं थी बढ़ीं हैं। शायद इसलिए ही तमाम झंझटों से बचने के लिए अब गांवों में भी शादियां घर-दुआर खलिहानों में न होकर मैरिज हॉल में होने लगी हैं।

कुल मिलाकर गावों में भी शहर ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है। आज के शहरीकरण में गांव कही खोते जा रहे हैं,आधुनिकता से कदम ताल करने में असमर्थ होकर लड़खड़ा रहे हैं। गांवों को बचाना है तो उसकी आत्मा की रक्षा करनी पड़ेगी,सबसे बड़ी कमी हमारी इच्छा शक्ति और सोच में है, हम सलीके से बदलना नहीं चाहते? बेतरतीब से अपने गांवों को खत्म करते जा रहे हैं। मानता हूं कि बदलाव प्रकृति का नियम है,लेकिन यह भी जानता हूं कि "बदलने और खोने में काफी फर्क होता है"।

# लोक चेतना विभक्त चेतना नहीं होती



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> सच तो यह है कि लोक चेतना अध्यात्म है। सत्ता के तर्कशास्त्री जो कहना चाहें कहते रहें, सच यह है कि आस्था के बिना लोक चेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था, सामान्य के प्रति आस्था। अध्यात्म का माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम् का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है,जिसमें सर्व समाया हुआ है,जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। आजादी की लोक चेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी। सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्रवाक्य बना- सत्यमेव जयते।/ सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है।

यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है, मजहबी चेतना है, पंथ चेतना है, वर्ग चेतना है, क्षेत्र चेतना है, संकीर्ण भाषा चेतना है, लोक चेतना नहीं है। लोक चेतना सर्व चेतना होती है,अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है।

स्वतंत्रता के संग्राम में लोक चेतना जागरित थी। भारत की जनता अंग्रेजों के सामने एक सशक्त और समन्वित इकाई के रूप में संघर्ष कर रही थी। स्वराजी की चेतना विभक्त चेतना नहीं थी, वे भिन्नताएं और वे रेखाएं जो आज इतनी गहरी हो गई हैं, उस समय भी थीं, किंतु स्वराज की चेतना के सामने वे उसी प्रकार से अस्त हो गईं थीं, जैसे सूर्य के प्रकाश में ग्रहनक्षत्रों का अतित्व दिखता नहीं। स्वराज का सरोकार सर्वजन का सरोकार था, सामान्यजन का सरोकार था, समष्टिजन का सरोकार था और मनुष्यता का सरोकार था। व्यापकता का सरोकार था। सत्ता का सरोकार लोकमानस को विभक्त करता है। इसलिए जब स्वराज आता दिखने लगा तब जाति, पंथ, भाषागत-संकीर्णता , संकीर्ण प्रांतीयता, दलगत स्वार्थ के भेद उभरे और उभारे जाते रहे।

इस विभक्त चेतना को तत्कालीन सत्ता से ऊर्जा मिली और उस विभक्त चेतना का परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया। तत्कालीन सत्ता का यह षडयंत्र ही था कि उसने रियासतों को सत्ता सौंपी। जाति, पंथ की विभक्त चेतनाओं को सर्वजन चेतना पर प्रहार का मौका मिल गया और जाति, पंथ की विभक्त चेतनाओं ने सर्वजन चेतना पर प्रहार किया। विभक्त चेतनाओं को बल मिला और सर्वजन चेतना निर्बल हुई। गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोक चेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था, समष्टि जन चेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्यजन पर प्रहार था, सामान्यजन,जो बिना सुरक्षातंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो,परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था,क्योंकि सत्तास्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था।

जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव,दंगे आगे भी हुए,होते रहे। आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोक चेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई। व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो,जो समष्टिहित से प्रेरित न हो, जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिकसत्ता सर्वजन, समष्टिजन और सामान्यजन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए। संविधान में स्वतंत्रता, समानता और न्याय के दर्शन की प्रतिष्ठा लोक चेतना की ही प्रतिष्ठा है।

सच तो यह है कि लोक चेतना अध्यात्म है। सत्ता के तर्कशास्त्री जो कहना चाहें कहते रहें, सच यह है कि आस्था के बिना लोक चेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था,सामान्य के प्रति आस्था। अध्यात्म का माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम् का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है, जिसमें सर्व समाया हुआ है,जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। आजादी की लोक चेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी। सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्रवाक्य बना- सत्यमेव जयते।/ सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है।

## सोशल फोरम

# सिपाही भर्ती

आगामी 31 अगस्त तक चलने वाली उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा प्रदेश सरकार के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। पिछली कई भर्तियों में हुए पेपर लीक के मामलों ने परीक्षा कराने वाली एजेंसियों की विश्वसनीयता को कटघरे में खड़ा कर दिया है, इसीलिए उप्र सरकार परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

उप्र में 60 हजार पुलिस सिपाहियों की भर्ती के लिए लगभग 44 लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जिनके लिए 67 जिलों में 1174 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में अनुचित साधन के प्रयोग रोकने के लिए जिला पुलिस के अतिरिक्त एएटीएफ तथा एलआईयू को भी सक्रिय किया गया है तथा लीक हुई अन्य परीक्षाओं से भी सबक लिया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद भी असफल अभ्यर्थी न्यायालय का रुख अवश्य करेंगे और न्यायालय के रुख पर परीक्षा परिणाम निर्भर रहेगा। पिछली शिक्षक भर्ती इसका एक उदाहरण मात्र है।

सकुशल परीक्षा परिणाम के बाद 60 हजार सिपाहियों को प्रशिक्षित करना भी दुष्कर कार्य है। प्रदेश में सब मिलाकर एक साथ लगभग 25000 सिपाहियों के प्रशिक्षण की ही व्यवस्था है, फिर शेष का क्या होगा? क्या प्रशिक्षण किस्तों में होगा या केंद्रीय पुलिस बलों और अन्य प्रदेश के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों का उपयोग किया जाएगा? यदि दूसरा विकल्प लिया गया तो प्रशिक्षण के स्तर में गिरावट आएगी, क्योंकि उन संस्थाओं में हमारे आंतरिक विषयों के योग्य प्रशिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। यदि किस्तों में प्रशिक्षण दिया गया तो पहले तथा बाद में प्रशिक्षित सिपाहियों के वेतन भत्तों को लेकर न्यायालय में चुनौती मिलेगी। सिपाहियों की यह परीक्षा प्रति वर्ष न कराकर कई वर्ष बाद हो रही है,इसीलिए पद अधिक हैं।

यदि प्रत्येक वर्ष परीक्षा हो तो पद कम होंगे और उनका प्रशिक्षण प्रदेश में ही संभव होगा। प्रति वर्ष परीक्षा कराने में,बेरोजगारी का हाल देखते हुए,अभ्यर्थियों की संख्या में कमी नहीं आएगी और हर साल सकुशल परीक्षा कराने में वही कठिनाइयां आएंगी, जो कुछ साल बाद एक साथ कराने में आती हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्या बलात्कार शाश्वत प्रक्रिया है

पश्चिम बंगाल की एक महिला डॉक्टर से बलात्कार और तदोपरांत मृत्यु का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। सुप्रीम कोर्ट तक ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू कर दी है। चूंकि उस प्रदेश में विपक्षी ममता बनर्जी का शासन है, अतः सत्ता दल, उसके सहयोगी और सत्ता परस्त मीडिया इसे ज्यादा ही उछाल रहा है। कांड तो इससे भी अधिक वीभत्स हुए हैं। निर्भया कांड किसे भूला है, जिसके नाम पर सख्त से सख्त कानून भी बनाया गया। मणिपुर में कुकी समुदाय की नारियां सड़क पर नंगी घुमाई गईं और अभी उदयपुर में सरकारी स्कूल में एक हिंदू लड़के को मुस्लिम लड़के ने चाकू मारा, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। उदयपुर में जबरदस्त बवाल हुआ, किंतु इन दोनों जगहों में भाजपा शासन है,अतः मीडिया ने इतना तूल नहीं दिया। वैसे केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतागण भी बलात्कार/नारी अस्मिता से खिलवाड़ करते रहे हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कांग्रेस से जुड़े भारी भरकम वकील अभिषेक मनु सिंघवी पर एक महिला वकील ने यौन शोषण के खुले आरोप लगाए थे। उसे सिंघवी ने जज बनवाने का लालच देकर शोषित किया गया था। तब सत्ता में कांग्रेस थी। अतः कुछ नहीं हुआ। ऐसे ही आरोप सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति रहे रंजन गोगोई पर उनकी असिटेंट कर्मचारी ने लगाए थे। ये लोग भगवान तुल्य माने जाते हैं। अतः उल्टे आरोप लगाने वाली लड़की ही परेशान की गई। उसे निलंबित किया गया था। तब भाजपा और कांग्रेस दोनों से जुड़े शीर्ष वकीलों अरुण जेटली तथा कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति महोदय के पक्ष में प्रेस से वार्ता की थी। पीड़ित महिला एकदम अकेली असहाय हो गई थी।

तुलसीदास जी ने सही ही कहा है, सामरथहिं नहिं दोष गोसाईं। रवि पावक सुरसरि की नाईं'। थोड़ा और पीछे पुराणेतिहास काल में जाएं, तो कुंती के साथ सूर्यदेव का और सत्यवती के साथ ऋषि पाराशर का कृत्य बलात्कार ही था। इनमें नारियों की सहमति नहीं थी। इसके बाद भी सूर्य और पाराशर का समाज ने तिरस्कार भी नहीं किया था, दंड देना तो दूर! वे आदरणीय बने रहे। लगता है ऐसे प्रकरणों में सदा दोहरे मानदंड अपनाए जाते रहे हैं। भर्तिहरि ने अपने 'श्रृंगार शतक' में कामदेव की वंदना की है। शम्भुः स्वयंभु हरियो हरिणेक्षाणानां/ येनाःक्रियन्ति सततं गृह कर्म दासाः वाचामगोचर चरित्र विचित्रताय/ तस्मै नमो भगवते कुसुमायुधाय।। हालांकि नारी अस्मिता से छेड़छाड़ करने वाले सभी कृत्यों की निंदनीय और दंडनीय मानता हैं।

## आपका पत्र

### अतीत पर एकांगी वाचन

लोक जीवन में आधा सच पूरे झूठ से भी ज्यादा खतरनाक और घातक माना जाता है। आजकल प्रदेश सरकार के मुखिया वर्तमान और अतीत दोनों पर एकांगी वाचन कर रहे हैं। बुधवार को कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर अखिलेश यादव और वर्तमान सपा पर वे जो बोले इसका प्रत्युत्तर अखिलेश और सपा के नेता/प्रवक्ता देंगे। पर सपा को लेकर जो मिथ्या कथन कहा उस पर जरूर प्रकाश डालूंगा, क्योंकि उस समय मैं सपा की बौद्धिक इकाई का अध्यक्ष और प्रवक्ता दोनों था। इस तथ्य को भुलाना नहीं चाहिए कि जब भाजपा ने कल्याण सिंह को दरकिनार कर दिया था तो राजनीतिक समुद्र का किनारा, उन्होंने सपा की कश्ती पर सवार होकर ही पाया था। उनके पुत्र राजूभैया को भी सपा में राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया था। सदन में और सदन के बाहर भी गलत बयानी की जा रही है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था दूसरे स्थान पर है जबकि चौथे स्थान पर है। हमारा सकल घरेलू उत्पाद 19.7 लाख करोड़ रुपए है,जो महाराष्ट्र (31 लाख करोड़), तमिलनाडु व गुजरात से कम है जबकि हमारी आबादी तीनों प्रांतों से अधिक है।

**- दीपक मिश्र,** लखनऊ।

### गर्व की बात

'अमूल दूध पीता है इंडिया' यह स्लोगन वर्षों से देश के कोने कोने दीवारों होल्डिंग्स और दूध के पैकेटों अन्य टीवी और रेडियो विज्ञापनों पर मिलेगा। अमूल की स्थापना 19 दिसंबर 1946 को व्यापारियों और एजेंटों द्वारा छोटे डेयरी किसानों के द्वारा हो रहे शोषण के खिलाफ की गई थी। अमूल गुजरात के आनंद स्थित गुजरात मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन नामक भारतीय बहुराष्ट्रीय सहकारी समिति का संक्षिप्त नाम (आनंद मिल्क यूनियन लिमिटेड)। अमूल को दुनिया के सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है। नवीतम खाद्य एवं पेय 2024 की रिपोर्ट में पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

डेयरी प्रॉडक्ट्स के मामले में अमूल पहले से हो प्रथम स्थान पर है। अब अमूल का ब्रांड मूल्य 11 प्रतिशत बढ़कर 3.3 अरब डॉलर हो गया है। दुनियाभर में अमूल की पहचान अपने तमाम प्रॉडक्ट्स के लिए है। अमूल सहकारिता की स्थापना डॉक्टर वर्गीज कूरियन ने की थी, जिन्हें देश में श्वेत क्रांति का जनक भी कहा जाता है। आज भी अमूल सहकारिता पर आधारित नीतियों पर काम कर रहा है, इस समय अमूल कंपनी के कुल 7.64 लाख मेंबर्स हैं। कंपनी रोजाना 33 लाख लीटर से ज्यादा दूध का कलेक्शन करती है। कंपनी की रोजाना 50 लाख लीटर की हैंडलिंग क्षमता है। कंपनी का पूरी दुनिया के दूध उत्पादन में 1.2 प्रतिशत हिस्सा है। संस्कृत भाषा के शब्द अमूल्य से लिए गए "अमूल" को दुनियाभर में मिली शोहरत पर देश वासियों को गर्व है।

**-संजीव मेहरोत्रा,** बरेली।

## एक नजर

### रोजगार मेले में 41 युवाओं को मिला रोजगार

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें टीम प्लस एचआर सर्विस प्रा.लि. लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लि. हमीरपुर, एलआईसी हमीरपुर द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित मेले में कुल 79 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें से कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 41 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन किया गया। प्रतिभागी कंपनी टीम प्लस एचआर सर्विस प्रा.लि. लखनऊ द्वारा 23, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लि.हमीरपुर द्वारा 10 तथा एलआईसी हमीरपुर द्वारा 08 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया। रोजगार मिलने से चयनित छात्रों के चेहरों में खुशी नजर आई।

### बारिश ने दिलाई राहत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** गुरुवार को दोपहर झमाझम बारिश होने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। गुरुवार को सुबह से लोग गर्मी एवं उमस के चलते परेशान थे। तेज धूप ने बुरा हाल कर रखा था। करीब 1 बजे मौसम ने अचानक पलटी मारी और 1 घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी एवं उमस से राहत मिली। शाम तक आसमान में काले घने बादल छाए हुए थे। इससे भारी बारिश की संभावना बनी हुई है।

# बांग्लादेश में अत्याचार के खिलाफ सड़क पर प्रदर्शन

## हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाला जुलूस, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले गुरुवार को संत मंडली समेत समग्र हिंदू समाज के लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं बौद्धों व अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार व कदाचार के विरोध में विशाल जुलूस निकाला। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिला अधिकारी को सौंपा। जिसमें मांग की गई सरकार वहां हिंदुओं हुआ बौद्धों की रक्षा के लिए त्वरित कदम उठाए।

शहर के रमेड़ी मोहल्ले से दोपहर करीब एक बजे जुलूस निकाला गया। जो मुख्य बाजार से होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। जहां पर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के बाद भीड़ का नेतृत्व कर रहे महामंडलेश्वर स्वामी रामदेव ने बताया कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही यहां के अतिवादी जिहादी हिंदुओं का बौद्धों के निशाने में लेकर उन पर जघन्य अत्याचार कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए।


गुरुवार को एडीएम को ज्ञापन देते हिंदू रक्षा समिति के लोग। अमृत विचार

- हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले सड़क पर उतरे लोग
- प्रधानमंत्री से हिंदुओं की रक्षा करने की उठाई मांग

साध्वी पूनम ने कहा कि हिंदू बहन बेटियों के साथ जो हुआ है उसके दृश्य देखकर दिल दहल जाता है। इन घटनाओं से भारत का संपूर्ण हिंदू समाज व्यथित है। ज्ञापन में मांग की है कि वहां के हिंदुओं बौद्धों के संरक्षण के लिए शीघ्र से शीघ्र कठोर कदम उठाए जाएं। इस मौके पर नगर प्रचारक धनंजय सिंह, सरस्वती शरद द्विवेदी, सीमांत शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, कौशलेंद्र सिंह, डॉ.आराधना, बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन शर्मा, दुष्यंत सिंह (रज्जन सिंह) जिला पंचायत सदस्य, दीपक मिश्रा, चेयरमैन कुलदीप निषाद, कथावाचक बाबूराम अवस्थी, डॉ.एके मिश्रा, राजन द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की चली गई जान

**पौथिया (हमीरपुर)।** हमीरपुर राठ हाईवे पर बुधवार रात करीब दस बजे मुस्करा निवासी बाइक सवार की सिकरी श्रमदान के पास अज्ञात वाहन से भिड़ंत हो गई। गंभीर रूप से घायल को थाना ललपुरा पुलिस जिला अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बुधवार रात हमीरपुर से धर्मेंद्र (28) पुत्र मनफूल निवासी मुस्करा बाइक से जा रहा था। तभी हमीरपुर राठ हाईवे पर सिकरी श्रमदान चौराहे के पास अज्ञात वाहन से उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर अचेत हो गया। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां उसकी मौत हो गई।

ललपुरा थाना प्रभारी मयंक चंदेल ने बताया कि मृतक धर्मेंद्र (28) पुत्र मनफूल मुस्करा गांव का रहने वाला था। बताया यह शराब के नशे में धुत था। जिसकी रात में किसी वाहन से टक्कर हो गई। घायल को जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। बताया मृतक के परिजनों को सूचना देकर बुलाया है।


जान जोखिम में डालकर रेलवे पटरी पार करते लोग। अमृत विचार

# बगैर सूचना के रेलवे फाटक बंद

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** बगैर किसी सार्वजनिक सूचना के बांदा क्रॉसिंग के गेट संख्या 31 को 24 घंटे के लिए बंद कर देने से राहगीर कासे परेशान रहे। लोगों को रूट बदलकर यात्रा करने को मजबूर होना पड़ा। वहीं दोपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर पटरियां पार करते नजर आए।

मौजूदा समय में भीमसेन से खैरार जंक्शन के मध्य दोहरीकरण का कार्य जारी है।इसमें यमुना साउथ बैंक से मौदहा के मध्य दोहरी लाइन पर संचालन भी शुरू हो गया है। कस्बे में बांदा मार्ग में बनी रेलवे क्रॉसिंग 31में पुरानी लाइन की मरम्मत के लिए बुधवार की रात 9:00 बजे अचानक बंद करके कार्य शुरू कर दिया। बगैर किसी सार्वजनिक सूचना के अचानक गुरुवार रात 9:00 बजे तक रेलवे क्रॉसिंग बंद कर देने से राहगीर परेशान रहे। बांदा एवं सिसोलर मार्ग से आने वाले सभी भारी वाहन पचखुरा खुर्द से होकर हाईवे पर पहुंचे। वहीं हमीरपुर से बांदा की ओर जाने वाले वाहन खन्ना टोल प्लाजा से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पकड़ कर बांदा पहुंचे। इस तरह लोगों को कई किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर काटना पड़ा। रेलवे की तकनीकी टीम ने सूचना के नाम पर गेट पर ही सूचना चस्पा कर रखी है। गेट बंद होने से सर्वाधिक परेशानी धर्मेश्वर बाबा एवं पंधरी के निवासियों को उठानी पड़ी। रेलवे के अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यदायी संस्था केपीटीएल द्वारा मीडिया में प्रकाशन के लिए सूचना दी जानी थी। लेकिन नहीं दी गई यह घोर लापरवाही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

- दोपहिया वाहन चालकों ने जान जोखिम में डालकर पार की रेलवे पटरी

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

संवाददाता, कुरारा

**अमृत विचार।** रक्षाबंधन के दिन एक गांव में मेहंदी लेने गई किशोरी को जबरन गांव के चौराहे से पकड़ कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं गुरुवार को पीड़िता के कलम बंद बयान कोर्ट में दर्ज कराए गए।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय पीड़िता मंगलवार रात करीब आठ बजे दुकान से मेंहदी लेने गई थी। तभी उसी के पड़ोस का रहने वाला दिलीप उर्फ दीपक वर्मा ने उसे जबरन पकड़कर चौराहे के पास एक झोपड़ी में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के बाएं गाल में दांतों से काट लिया। छीना झपटी में पीड़िता के गर्दन व शरीर में चोंट के निशान आए हैं। पीड़िता ने घर आकर सारी बात अपने परिजनों को बताई। पीड़ित होमगार्ड पिता उसे लेकर थाने आया और आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी दिलीप उर्फ दीपक वर्मा को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जबकि पीड़ित मां का आरोप है कि दो आरोपियों ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। उसके पति ने दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने एक आरोपी का नाम हटा दिया है। कहा कि पुलिस आरोपी को बचाने का प्रयास कर रही है।

- पुलिस ने पीड़िता के कलमबंद दर्ज कराए बयान

थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कहा कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को बचाने का आरोप निराधार है। पीड़िता के कलमबंद बयान कराने के लिए कोर्ट भेजा गया है। कहा कि पीड़िता के बयान व साक्ष्यों के आधार पर आगे की विवेचना की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट कर्मियों का धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** विभिन्न मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान कर्मियों ने मुख्यमंत्री से सम्बोधित 22 सूत्री मांग पत्र अतिरिक्त एसडीएम को सौपा।मांग पूरी ना होने पर उन्होंने आगामी 18 सितंबर को लखनऊ में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष/ जिलाध्यक्ष जगदीश निगम के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट से जुड़े कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर गुरुवार को कार्य बहिस्कार कर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया।इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश निगम ने कहा कि कर्मचारियों की मांग लंबे समय से लंबित पड़ी है।

ज़ोनल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि लंबित मांगो की लड़ाई आर पार की लड़ाई है, जिसे सबको एक होकर लड़ना है। ज्ञापन में उन्होंने पटल सहायकों को लेखा संवर्ग का वेतन दिए जाने, कलेक्ट्रेट का नाम मिनी/जनपद सचिवालय घोषित करने, लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को नायब तहसीलदार के 10 प्रतिशत पदों पर प्रोन्नति प्रदान करने,पुरानी पेंशन योजना बहाल करने सहित 22 सूत्री मांग शामिल है।


गुरुवार को धरना-प्रदर्शन करते कलेक्ट्रेट कर्मचारी। अमृत विचार

- मांगें पूरी न होने पर लखनऊ में 18 सितंबर को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी
- अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा गया 22 सूत्रीय मांगपत्र, लंबित मांगें पूरी करने की उठाई मांग

इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रमोद सोनकर, शफी मोहम्मद, प्रकाश सौरभ, लल्लू कुशवाहा, आशीष कौशल, आनंद कुटार, सुभाष चंद्र, जितेन्द्र अवस्थी, राजकुमार त्रिवेदी, अवधेश अवस्थी, प्रदीप निगम, गोविन्द शर्मा, जितेन्द्र यादव, प्रभात तिवारी सहित अन्य कलेक्ट्रेट कर्मचारी मौजूद रहे।

## मारपीट कर रुपये व मोबाइल छीना

**मौदहा।** बीते दो दिन पहले रास्ते में जा रहे युवक के साथ दबंगों ने मारपीट कर मोबाइल और रुपये छीन लिए। इतना ही नहीं बीच बचाव करने आए परिजनों के साथ भी दबंगों ने मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खण्डेह निवासी सुनील पुत्र मूलचंद ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते 21 अगस्त को जब वह अपने चाचा के घर से बाहर गांव की ओर जा रहा था। तभी गांव के शराब ठेका के पास शिवम पुत्र बलिया, बदलू पुत्र खलभल, अंकित पुत्र कल्लन तथा कमलेश पुत्र अज्ञात, नेता पुत्र अज्ञात आदि लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि जब उसने बचाने के लिए शोर मचाया तो उसके परिजन आ गए तो उक्त लोगों ने लाठी डंडे और लात घूसों से उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप


बंद पड़े नलकूप को दिखाते किसान। अमृत विचार

### दो साल से खराब पड़ा बरहरा का राजकीय नलकूप

**सरीला।** बरहरा गांव के किसानों ने अधिशासी अभियंता को प्रार्थना देकर दो वर्ष से खराब पड़े राजकीय नलकूप को ठीक कराए जाने की मांग की है। बरहरा गांव निवासी किशन सिंह, विनय कुमार, आशीष कुमार, भारत सिंह, इंद्रपाल, भूपेंद्र सिंह, मंगल, रत्नेश राजपूत सहित एक दर्जन किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बरहरा मौजा में राजकीय नलकूप संख्या 41 आरजी लगभग दो वर्ष से खराब पड़ा है।


गुरुवार को बैठक करते सपा के जिला स्तरीय पदाधिकारी। अमृत विचार

### विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान

**हमीरपुर।** सपा कार्यालय में पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने उपस्थित नेताओं से पार्टी के कार्य में लग जाने की बात कही। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माया वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष इदरीश खान, मुन्नीलाल निषाद पूर्व चेयरमैन, शिवशरण यादव, राजेश श्रीवास, घनश्याम साहू, रहीस अहमद, विवेक यादव, रवि, सुरेन्द्र यादव, लालमन यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हाईवे पर मौत बनकर फर्राटा भर रहे ऑटो

**सुमेरपुर।** थ्री सीटर ऑटो हाईवे में एक दर्जन सवारियां लेकर फर्राटा भर रहे हैं। कस्बे में थाना और फैक्ट्री एरिया में पुलिस चौकी के सामने से ऑटो गुजरते हैं। नेशनल हाईवे 34 की पहचान खुली हाईवे के रूप में है। इस हाइवे में तमाम हृदय विदारक घटनाएं घटित हुई है। ऑटो कई मर्तबा बड़े हादसे का कारण बन चुके हैं। इंगोहटा से मकरावं के मध्य ऑटो से हुई दुर्घटना में एक वर्ष पूर्व 11 लोगों की जान चली गई थी। लेकिन इस हादसे के बाद भी ऑटो चालक सबक नहीं ले रहे है। ऑटो चालक थ्री सीटर ऑटो में एक दर्जन सवारियां लेकर हाईवे में फर्राटा भर रहे हैं। ऐसे नजारे आए दिन हाईवे में देखने को मिलते हैं। गुरुवार को मौदहा की तरफ जा रहे ऑटो में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। यातायात प्रभारी हरेंद्र सिंह ने कहा कि अगस्त माह में उन्होंने 17 ऑटो सीज किए हैं तथा 225 ऑटो के चालान किए हैं।


हाईवे में क्षमता से अधिक सवारी भरकर जाता ऑटो।

# धान के लिए नहीं मिल रही यूरिया

संवाददाता, कुरारा

**अमृत विचार।** क्षेत्र में संचालित साधन सहकारी समितियों से यूरिया खाद नदारद है। किसान समितियों की गणेश परिक्रमा कर प्राइवेट डीलरों से महंगे दामों पर खाद खरीदने के लिए विवश हो रहे हैं।

विकासखंड क्षेत्र में अधिकांश गांवों में किसानों ने करीब दो हजार हेक्टेयर में धान की फसल की रोपाई की है। धान फसल में यूरिया खाद डालने के लिए किसान सुबह से पीसीएफ केंद्र के चक्कर लगाते देखें गए। मलहरा गांव के किसान जियालाल यादव ने बताया की पीसीएफ के नगद बिक्री केंद्र में ताला लटक रहा है। कस्बे में संचालित प्राइवेट दुकानों में 310 रुपया प्रति बोरी यूरिया दुकानदार बेच रहे हैं। रसीद मांगने पर आनाकानी करते हैं। जल्ला निवासी बलबीर सिंह ने बताया कि 30 बीघा खेत में धान की फसल लगाई है। अब फसल में यूरिया खाद डालने के लिए साधन सहकारी समिति में कई बार चक्कर लगाने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। जिससे अब मजबूरी में कस्बे के प्राइवेट दुकानदारों के यहां से महंगे दामों में खाद खरीदनी पड़ रही है। जब इस बाबत में साधन सहकारी समिति के सचिव सत्यवीर से बात की उन्होंने बताया कि चेक लगा दी गई है खाद आने पर किसानों को दी जाएगी।



पीसीएफ केंद्र में पड़ा ताला। अमृत विचार

## निजी मकान खाली कराने को अनशन

**हमीरपुर।** पुस्तैनी मकान में अवैध रूप से निवासरत परिवार से मकान खाली करवाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में पीड़ित ने धरना प्रदर्शन कर अनशन शुरू कर दिया है।

शहर के मांझखोर रमेड़ी निवासी हरीनारायण शर्मा ने अनशन के दौरान बताया कि छानी बुजुर्ग गांव में उनका पुस्तैनी मकान है। जिसमें गांव के ही रावेन्द्र सिंह, ब्रजेश, दीपक सोनी, रामप्रकाश ने अवैधानिक निर्माण कराकर कर रहें थे। जिस पर उन्होंने मौके पर पहुंच कर मना किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। इसकी शिकायत उन्होंने बिवांर पुलिस से की।

# किशोरी से छेड़खानी में 3 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जरिया क्षेत्र में नौ साल पहले किशोरी से छेड़खानी व गालीगलौज कर मारपीट करने के मामले में अदालत ने अभियुक्त को तीन साल की कठोर सजा व 17 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

जरिया क्षेत्र की किशोरी की मां ने पिछले 14 मार्च 2016 को जीतू उर्फ जितेंद्र लोधी के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट करने की तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने धारा 354 बी, 504,506 व 8 पोक्सो एक्ट व 3(1)द, एससी/एसटी एक्ट में रिपोर्ट पंजीकृत की। मामले की विवेचना सरीला पुलिस क्षेत्राधिकारी योगेश कुमार ने की।

- जरिया थाना क्षेत्र में 9 साल पहले हुई थी घटना

एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग में अभियोजन विभाग से समन्वय कर समय से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी करने के फलस्वरूप न्यायालय पोक्सो कोर्ट ने अभियुक्त जीतू उर्फ जितेंद्र को दोष सिद्ध पाते हुए तीन वर्ष का कठोर कारावास तथा 17 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

**लापरवाही** नगर पंचायत की अनदेखी से समस्या बढ़ी, पशु चिकित्सा अधिकारी के पत्राचार के बाद भी ईओ चुप

# सांड़ों के आतंक से सुमेरपुर के दुकानदार खासे परेशान

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की हठधर्मिता के कारण कस्बे में बेसहारा गोवंश बवाल-ए-जान बनते जा रहे हैं। हाईवे सहित बांदा मार्ग में यह रात दिन धमाचौकड़ी मचा कर लगातार हादसे कर रहा है। बाजार में सांड़ों के आतंक से लोग आए दिन चोटिल हो रहे हैं। बुधवार को रामलीला मैदान पर आवारा सांड़ों के आतंक से दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। व्यापार मंडल की शिकायत के बाद नगर पंचायत के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

नगर पंचायत के पास खुद की कान्हा गौशाला होने के बाद नगर पंचायत बेसहारा गोवंश को संरक्षित नहीं कर रहा है। बेसहारा गोवंश का आतंक हाईवे सहित बांदा मार्ग में चप्पे-चप्पे में है। यह गोवंश आए दिन खुद घायल हो रहे हैं और राहगीरों को घायल कर रहे हैं। बुधवार को रामलीला मैदान में सांडों ने जमकर उत्पात मचाया। इससे दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। वहीं एक सांड किसी वाहन से टकराकर लहूलुहान हो गया।

इसकी सूचना व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता ने नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को दी। इसके बाद नगर पंचायत से कोई भी कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। जबकि सूचना पाकर पशु चिकित्सालय से पहुंचे पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ.आरबी यादव की टीम ने घायल सांड का उपचार किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंकुर सचान ने बताया कि वह अधिशासी अधिकारी को कई बार पत्राचार कर चुके हैं। लेकिन वह संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं हैं। ईओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया।लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।



### नीलगाय से टकराई बाइक, दो घायल

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के हमीरपुर रोड स्थित गहरा चौकी इलाके के पास तेज रफ्तार बाइक की एक नीलगाय से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के पायलट संदेश और ईएमटी शिवप्रकाश ने कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार महोबा जनपद के चरखारी थाना क्षेत्र के चंदौली गांव का निवासी परमेश्वरी दयाल पुत्र जमुना प्रसाद व बफरेता गांव का निवासी श्रीचंद बाइक पर सवार होकर मुस्करा रोड की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के गहरा चौकी इलाके के पास अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक एक नीलगाय से टकरा गई। जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार परमेश्वरी दयाल व और श्रीचंद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के पायलट संदेश कुमार और ईएमटी शिव प्रकाश ने आनन फानन में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# पारा-कैथी मार्ग पर लघु सेतु का प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर क्षेत्र के पारा कैथी मार्ग पर 257 लाख की लागत से लघु सेतु पुल का निर्माण कराए जाने के लिए लोनिवि ने प्रस्ताव तैयार का शासन को भेजा है। इस पुल के बनने से इस मार्ग से जुड़े करीब सात गांवों की 25 हजार से अधिक आबादी को आवागमन की सुविधा का लाभ मिलेगा। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद नाबार्ड योजना के तहत इसका निर्माण कराया जाएगा।

पारा-कैथी मार्ग में बरसात के सीजन में चंद्रावल नदी का पानी आने से यह मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। जिससे कैथी, सिजवाही, परहेटा, अवांरा, पारा रैपुरा सहित करीब सात गांवों का संपर्क कट जाता है। जिससे लोगों को ब्लॉक मुख्यालय आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

- लोक निर्माण विभाग ने नाबार्ड योजना के तहत प्रस्ताव भेजा
- 7 गांवों की 25 हजार आबादी को आवागमन में होगी सुविधा

> लघु सेतु के लिए 257 लाख का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर नाबार्ड योजना के तहत इसका निर्माण कराया जाएगा। 150 मीटर एप्रोच मार्ग भी बनाया जाएगा।
>
> -एमएल वर्मा एक्सईएन लोनिवि।

इन गांवों की करीब 25 हजार की आबादी गांवों में कैद होकर रह जाती है। जिसको देखते हुए लोनिवि प्रांतीय खंड ने नाबार्ड योजना के तहत इस मार्ग पर पड़ने पाली पुलिया पर 40 मीटर लंबा लघु सेतु पुल का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है।

इसमें 150 मीटर लंबा एप्रोच मार्ग भी बनेगा। जिसमें करीब 257 लाख का खर्च आएगा। कैथी के ग्राम प्रधान अरिमर्दन सिंह ने बताया कि बरसात में चंद्रावल नदी का पानी आने से पारा कैथी मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। जिससे करीब सात गांवों की 25 हजार से अधिक आबादी प्रभावित होती है। कहा कि पुल बनने से लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# खाली गौशाला का वीडियो वायरल होने पर मचा हड़कंप, सौंपी रिपोर्ट

## आनन-फानन में चिकित्सक ने किया मुआयना, कटैया डांडी की गौशाला का मामला

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** मऊ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कटैया डांडी की गौशाला का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। इसमें दिखाया गया कि शाम के समय भी गौशाला सूनी पड़ी थी और नांद में भूसा-चारा भी नहीं था। इसके बाद आननफानन में पशु चिकित्साधिकारी बरगढ़ ने गौशाला का मुआयना किया और अपनी आख्या जिलाधिकारी को दी। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

बीते दिन गांव की गौशाला का एक वीडियो सोशल मीडिया में जारी किया गया। इसमें बताया गया कि शाम हो गई है पर गौशाला में न तो कोई कर्मचारी दिख रहा है और न मवेशी। चरही (नांद) में भूसा भी नहीं था। इस संबंध में गुरुवार को पशु चिकित्साधिकारी बरगढ़ डा. सुशील कुमार ने प्रशासन को अपनी निरीक्षण आख्या भेजी। इसमें बताया कि 22 अगस्त को दोपहर सवा 12 बजे गौआश्रय स्थल का निरीक्षण किया। गौशाला में कोई गोवंश नहीं था। ग्राम प्रधान के अनुसार, कुल गोवंश 250 हैं और बताया कि चार चरवाहे मवेशियों को चराने ले गए हैं। इनकी रिपोर्ट के अनुसार, भूसा भंडार में लगभग 75 क्विंटल था और चरही में थोड़ा भूसा पाया गया। निरीक्षण के समय गौशाला की सफाई चल रही थी और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मौजूद थे। बताया कि टैंगिंग का काम हुआ है और बचे मवेशियों की टैगिंग भी जल्द पूरी की जाएगी। ग्राम प्रधान को गौशाला में कीचड़ की स्थिति को सही कराकर मवेशियों को दो कार्यदिवस के अंदर दिन के समय भी गौशाला में ही रखने को कहा है।


वीडियो में दिखाई गई खाली गौशाला का चित्र।


गौशाला की खाली पड़ी चरही।

- सभी मवेशियों की जल्द पूरी की जाएगी टैगिंग

### व्यक्तिगत विवाद से लगा रहा आरोप : बीडीओ

खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा ने बताया कि जो व्यक्ति आरोप लगा रहा है, वह चाहता है कि उसके भी मवेशी गौशाला में रखे जाएं। दिन के समय मवेशियों को जंगल भेज दिया जाता है। वर्तमान में प्रधानों को भूसा का पैसा भी नहीं दिया जा रहा।

### बीडीओ बोले, यह सरासर गलत है

बीडीओ ने प्रधान प्रतिनिधि या प्रधानपति से संबंधित कोई भी बात को गलत बताया। कहा कि यह कोई पोस्ट ही नहीं है चिकित्सक को भी मुआयने के दौरान यह बात ध्यान में रखनी चाहिए थी। उन्होने कहा कि कुछ जगहों पर जरूर प्रधान के सहायक में उसके परिजन काम करते हैं, जब वह दिव्यांग होती हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सक को तो सचिव से रिपोर्ट लेनी चाहिए थी।

### आखिर प्रधान प्रतिनिधि कौन सी पोस्ट है?

यह बात किसी से छुपी नहीं कि गांवों में महिला प्रधानों की जगह उनके प्रतिनिधि के रूप में पति या कोई अन्य रिश्तेदार पूरा काम देखते हैं पर पत्राचार में भी इस पदनाम का जिक्र आश्चर्यजनक ही कहा जाएगा। कटैया डांडी के इस प्रकरण में बाकायदा प्रधान प्रतिनिधि ने अपने नाम से डीएम को पत्र भेजा और मुआयने के दौरान पशु चिकित्साधिकारी ने भी उसकी ही उपस्थिति का जिक्र किया।

### प्रधान प्रतिनिधि ने भी रखा पक्ष

उधर, इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि मनीष कुमार ने भी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उसका कहना है कि कटैया डांडी गौशाला में 250 गोवंश संरक्षित हैं। इनकी देखरेख के लिए तीन चरवाहे रखे गए हैं। दिन में चरवाहे मवेशियों को जंगल की ओर ले जाते हैं। बरसात में गौशाला में कीचड़ की स्थिति बन जाती है, जिससे इनको चरने के लिए जंगल भेजा जाता है। मनीष ने यह भी बताया कि गांव की गौशाला मप्र की सीमा से लगती है। ऐसे में सीमा के गांवों के किसान भी अपने मवेशी गौशाला में ले आते हैं। ऐसे में सभी को गौशाला में संरक्षित करने में दिक्कत होती है।

## 30 घरों में नहीं आ रहा पानी, शिकायत

**जालौन।** गांव में स्थित पानी की टंकी से करीब 30 घरों में पानी नहीं आ रहा है। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित ग्रामीण ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर पानी की सप्लाई सही कराने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके गांव में नमामि गंगे योजना के तहत पानी की टंकी बनवाई गई और पाइप लाइन डाली गई है। पानी की टंकी से गांव में पानी की आपूर्ति शुरू भी कर दी गई है। गांव में कारसदेव बाबा के स्थान के आसपास भी पानी की लाइन डाली गई है। इस स्थान के आसपास करीब 30 परिवार रहते हैं। लाइन में खराबी के कारण इन घरों में पानी नहीं आ पा रहा है। इस बाबत वह कई बार शिकायत कर चुके हैं।

# बैंकों से संबंधित ज्यादा से ज्यादा मामलों का हो निपटारा : एडीजे

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** अपर जिला जज अनुराग कुरील प्रथम की अध्यक्षता में गुरुवार को 14 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैंक अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें अपर जिला जज ने बैंक से संबंधित ज्यादा से ज्यादा वादों के निस्तारण पर जोर दिया।

बैठक में बैंक वसूली निस्तारण योग्य मामलों के निस्तारण पर भी चर्चा हुई। राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ऋणदाताओं से संपर्क कर सुलह समझौते के आधार पर मामलों को निस्तारित कराएं। नीलू मेनवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज ने अपील की कि बैंक नोटिस समय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट के कार्यालय में भेजें। पूर्व में निस्तारित वादों से दुगने मामले इस राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हो सके। बैठक में विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि मध्यस्थ मुन्नालाल चौबे एडवोकेट द्वारा मध्यस्थता केंद्र में लंबित प्रकरण राजकुमारी बनाम दिनेश, जो दहेज उत्पीड़न से संबंधित है, को वादिया ने मुकदमे को वापस लिए जाने की सहमति दी है।


राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधी बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

- राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक में अपील

# प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं बंजर भूमि

चित्रकूट कार्यालय

- साडा की बैठक में जिलाधिकारी ने मातहतों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बंजर या परती जमीन को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं। गुरुवार को उन्होंने प्राधिकरण की बैठक में कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम ने देवांगना नगर आवासीय योजना पर विस्तार से चर्चा की। आवासीय कालोनी के विकास के संबंध में जानकारी ली। कहा कि कि प्राधिकरण ने जो डीपीआर बनाया है, उसका परीक्षण प्रयागराज विकास प्राधिकरण से कराएं। प्राधिकरण को प्राप्त होने वाले स्टांप शुल्क की धनराशि को शासन से प्राप्त करने के लिए निरंतर पत्राचार करें तथा ग्राम समाज को भूमि को प्राधिकरण अपने अधिकार में लेकर आगे की कार्रवाई करे। उन्होंने एक्सईएन विद्युत को सोनेपुर के 33 केवी विद्युत सब स्टेशन को अपग्रेड करने को कहा। साथ ही निर्देशित किया कि जिला पंचायत के योजना अंतर्गत बनाई जाने वाली सड़कों को विभागीय बजट में समाहित कराया जाए।

बैठक में एडीएम राजेश प्रसाद, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, एआईजी स्टांप श्यामसुंदर यादव, प्राधिकरण के लेखाधिकारी, चार्टर्ड अकाउंटेट व विभागीय कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## मछली पकड़ते समय युवक नहर में गिरा, मौत

**रामपुरा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मशान बाबा मंदिर कुनियपुरा के पास नहर में मछली पकड़ते समय नहर में गिरने से युवक की मौत हो गई। काफी खोजबीन के बाद युवक का शव बरामद कर लिया गया है। लोगों ने स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी योगेंद्र पटेल मौके पहुंचे, शव को नहर से बाहर निकलवाया। टीचर निवासी नवलकिशोर पुत्र स्व. तुलसीराम 35 वर्ष मछली पकड़े के लिए नहर गया था। नवलकिशोर को मिर्गी की बीमारी थी तथा दौरे भी आते थे। मछली पकड़ते समय दौरा आने से वह नहर में गिर गया।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

संवाददाता उरई

**40** हजार रुपये का लगाया जुर्माना

**अमृत विचार।** पॉक्सो एक्ट कोर्ट में ट्रायल पर चल रहे नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को 20 वर्ष की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया और 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर निवासी एक पिता ने कोतवाली पुलिस को 15 जून 2017 को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसकी नाबालिक पुत्री को मुहल्ले का ही निवासी बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जब रिपोर्ट की जानकारी आरोपी को हुई तो वह किशोरी को लेकर कोर्ट आया और पीड़िता के कोर्ट में बयान दर्ज हुए। जहां पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की बात कही। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढ़ोतरी कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जिसका मामला पॉक्सो कोर्ट में चल रहा था जिसकी गुरुवार को सुनवाई पूरी हुई। इसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर अभियुक्त को पॉक्सो एक्ट कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद कमर ने पत्रावली का अवलोकन कर नाबालिक किशोरी को अपहरण कर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का दोषी पाया। दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने उसे 20 साल की सजा सुनाई और 40 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# युवक को घर से घसीटकर मारपीट की, रिपोर्ट दर्ज

चित्रकूट कार्यालय

- आरोपियों की तलाश में जुटी कोतवाली पुलिस

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कैंप का पुरवा निवासी गुड्डू उर्फ राकेश मणि ने बताया कि 22 अगस्त की शाम वह एक व्यक्ति से मिलने गया था। वह उसके घर के बाहर खड़ा था कि इसी दौरान गोल तालाब निवासी अभिषेक बेलौंहा, ईशू निवासी बनाड़ी और दो अन्य ने उसे जातिसूचक शब्दों के साथ गालियां देते हुए मारने को दौड़े। वह घर के अंदर घुस गया तो घसीटकर लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच बचाव करने पर रोहिणी पांडेय के हाथ पर चोट आई। लोगों ने पत्थरबाजी की, जिससे घर की खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बच्चों को नहीं मिले फल, मांगा जवाब

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- एसडीएम ने किया स्कूलों का मुआयना

**अमृत विचार।** उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने सेसा गांव के स्कूलों में मीनू के अनुसार फल न बांटे जाने की जानकारी होने पर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने तीनों स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से इस संबंध में जवाब तलब किया है। उधर, छिवलहा गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई का स्तर ठीक न मिलने पर उन्होंने शिक्षिकाओं को एक माह का अल्टीमेटम देते हुए शिक्षा का स्तर ठीक करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने बताया कि 20 अगस्त को उन्होंने सेसा गांव के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालय सेसा का पुरवा का निरीक्षण किया था। इनमें बच्चों ने बताया था कि सोमवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने पर मंगलवार को मीनू के अनुसार, स्कूल में मौसमी फलों का वितरण नहीं किया गया। जबकि नियम यह है कि अगर फल या दूध वितरण वाले दिन छुट्टी हो तो अगले दिन इनका वितरण होगा। बताया कि इस पर तीनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को छिवलहा गांव के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई का स्तर ठीक पाया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय में नामांकन के सापेक्ष 50 फीसदी से कम बच्चे उपस्थित मिले। शैक्षणिक स्तर भी कमजोर मिला। इस पर वहां कार्यरत तीनों शिक्षिकाओं को चेतावनी के साथ निर्देशित किया कि एक माह में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार न हुआ तो बीएसए से कार्रवाई को कहा जाएगा।

# फूफा ने मानसिक कमजोर नाबालिग से किया दुष्कर्म

चित्रकूट कार्यालय

- जान से मारने की धमकी दी, दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कर्वी कोतवाली अंतर्गत मुहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके बहनोई ने उसकी मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग बेटी से दुराचार किया। साथ ही धमकाया कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पीड़ित पिता ने बताया कि नौ अप्रैल को उसकी 15 वर्षीया बेटी, जो मानसिक रूप से कमजोर है, घर में अकेली थी। उसका सगा बहनोई घर में घुसा और टाफी देने के बहाने जहरीला पदार्थ खिलाकर मुंह में कपड़ा बांधकर उसके साथ दुराचार किया। साथ ही धमकी दे गया कि फिर आएगा और किसी से बताया तो जान से मार देगा। उसने बताया कि उसने लोकलाज के डर से थाने में रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई। भुक्तभोगी पिता का आरोप है कि इसके बाद बीते दिनों आरोपी रास्ते में मिला और यह कहकर धमकाया कि तुमने घटना को कई लोगों को बता दिया है, तो उसे और बेटी को जान से मार देगा। वह फौज में है, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज की है।

## 225 उपभोक्ताओं को दिए नोटिस

**कालपी।** लंबे समय से बिजली का उपयोग करने के वाबजूद बिल जमा न करने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ विद्युत विभाग के द्वारा नकेल कसने की कवायद तेज कर दी हैं। 20 हजार रुपये से अधिक 225 बड़े बकायेदारों को विभाग के द्वारा बकाए देय को जमा करने के लिए नोटिस थमा दिए गए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार उपखंड क्षेत्र के तमाम उपभोक्ता अपने-अपने विद्युत बिलों के भुगतान में घोर लापरवाही बरत रहे हैं। फलस्वरूप करोड़ों रुपये का बकाया हो गया है। विभाग के द्वारा 20 हजार से ऊपर की धनराशि के उपभोक्ताओं को चिह्नित किया गया है। उपखंड अधिकारी आदर्श राज के मुताबिक बकायेदार उपभोक्ताओं को चेतावनी दी गई हैं।

# निराश्रित गोवंश की निरंतर देखभाल के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तहसील माधौगढ़ के रामपुरा कान्हा गौशाला व माधौगढ़ अस्थाई गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थल में सरंक्षित गोवंशों को गुड़ खिलाया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया साथ ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रभागीय वनाधिकारी से समन्वय स्थापित कर छायादार पौधे रोपित कराएं जिससे आने वाले समय में छाया का उचित प्रबंध हो सके। गौशाला में भूसा, हरा चारा, छाया एवं पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। गौशाला में संरक्षित गोवंश व बछिया बछड़ों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।


गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सिपाही भर्ती परीक्षा आज, केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था देखी

**चित्रकूट।** जिले के छह परीक्षा केंद्रों पर आज से सिपाही भर्ती परीक्षा होगी। इसके मद्देनजर गुरुवार को केंद्रों की चेकिंग की गई। परीक्षा केंद्रों जगद्गुरु रामभद्राचार्य राजकीय दिव्यांग विश्वविद्यालय, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज सीतापुर, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया, चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी, जीजीआईसी कर्वी और श्रीगंगा प्रसाद इंटर कॉलेज में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग की।

### नाबालिक से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुआ पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया। 12 अगस्त को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनेश पुत्र शक्दू ने घर में घुसकर 13 वर्षीया नाबालिग से छेड़छाड़ की और बहू को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। एसआई चंद्रमणि पांडेय ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में आरक्षी अतुल मिश्रा शामिल रहे।

### तालाब की जमीन पर फसल उगाने का आरोप

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील की ग्राम पंचायत पाही की प्रधान सहाना बेगम ने डीएम को पत्र भेजकर तालाब की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। सहाना ने बताया कि गांव के तालाब पर एक दबंग ने समतल कराकर कब्जा कर लिया और धान की फसल लगा ली है। इससे ग्राम पंचायत को क्षति हो रही है। तालाब खुदवाना है पर आरोपी ऐसा नहीं होने दे रहा। लेखपाल से शिकायत की गई पर कोई फायदा नहीं हुआ। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से इस संबंध में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### ग्रामोदय विवि में काउंसिलिंग शुरू

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में गुरुवार से आईटीईपी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए गुरुवार से दो दिवसीय काउंसिलिंग शुरू हो गई। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने अभ्यर्थियों का उत्साह बढ़ाया। अध्यक्ष प्रवेश समिति प्रो. आरपी बाजपेई ने बताया कि सफल अभ्यर्थियों को मोबाइल से जानकारी दी जाएगी। काउंसिलिंग के बाद आरक्षण नियमों के अनुसार मेरिट सूची बनाई जाएगी।

### दुराचार की रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाने के सेमरिया चरणदासी में 19 अगस्त को हुए नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसओ राम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

निरीक्षण | जांच रिपोर्ट आने के बाद ही तीर्थ विकास परिषद को हैंडओवर कराएं भवन

# आडीटोरियम के निर्माण की जांच कराई जाए : जिलाधिकारी

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन और सीडीओ अमृतपाल कौर ने गुरुवार को रुर्बन मिशन के अंतर्गत बने आडीटोरियम का निरीक्षण किया। डीएम ने सीडीओ को निर्देश दिए कि इसके निर्माण की जांच के लिए एक कमेटी बनाएं।

डीएम ने सीडीओ को निर्देशित किया कि इसकी पुष्टि कर लें कि जो डिजाइन प्राक्कलन में दी गई थी उसीके अनुसार आडीटोरियम बनाया गया है कि नहीं। कोई कमी तो नहीं है और फिर जांच रिपोर्ट आने के बाद ही तीर्थ विकास परिषद को हैंडओवर कराएं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, पीडी डीआरडीए, डीसी एनआरएलएम आदि मौजूद रहे। डीएम ने पर्यटन विकास के कामों को भी मौके पर जाकर देखा। गणेश बाग के पास राम वाटिका के निर्माण के संबंध में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि पार्क में बाउंड्रीवाल बन रही है।डीएम ने कहा कि पुरातत्व विभाग से एनओसी के लिए आनलाइन आवेदन करें। गणेश बाग के सुंदरीकरण का भी प्रस्ताव शासन को भेजें। तीर्थ विकास परिषद कार्यालय के निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि पहले यह म्यूजियम था। इसी में कार्यालय बनाया गया है। कार्यालय के सामने तीर्थ विकास परिषद कार्यालय निर्माण के लिए भूमि चिह्नित हो गई है। टेंडर कराया गया है, कार्यालय के साथ आवासीय भवनों का निर्माण कराया जाएगा। कोठी तालाब के मौका मुआयना के दौरान डीएम ने ईओ लालजी को निर्देश दिए कि अटल पार्क की सफाई ठीक से कराएं व इसे और विकसित करें। डीएम ने बेड़ी पुलिया में गेट निर्माण एवं चौराहे के सुंदरीकरण कार्य को भी देखा और निर्देश दिए। यात्री सुविधास्थल चितरा गोकुलपुर को तीर्थ विकास परिषद को हैंडओवर कराने के निर्देश दिए। खोही तालाब के सुंदरीकरण के संबंध में पर्यटन अधिकारी ने बताया कि चारों तरफ पाथवे, बेंच, लाइटिंग आदि का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। डीएम ने ईओ को निर्देश दिए कि चौराहे पर हाईमास्ट लाइट भी लगाई जाए। पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि यह क्षेत्र परिक्रमा मार्ग से जुड़ा हुआ है। यहां पर तीर्थयात्रियों को बैठने एवं ठहरने की अच्छी सुविधा मिले। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारी आदि मौजूद रहे।


आडीटोरियम का मुआयना करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व अन्य। अमृत विचार

### कम रैंकिंग वाले बिंदुओं पर कराएं प्रगति

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को विभागों की कम रैंकिंग वाले बिंदुओं पर प्रगति कराने और उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों को इसकी समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि सिपाही भर्ती परीक्षा केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं देख लें। आईजीआरएस के प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निस्तारण आख्या स्पष्ट होनी चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालयः ग्राम पंचायत–दुबारी, विकासखण्ड–चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/ पं0वि0/पंद0वित्त/मनरेगा/टेन्डर नोटिस/2024–25 दिनांक–

अल्पकालीन निविदा सूचना

पं0वि0/ पंद्र0वित्त/मनरेगा/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत–दुबारी द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर जैम पोर्टल में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरी से दिनांक 24.08.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है. जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री 22.08.2024 से 24.08.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | प्राककलन की धनराशि लाख रू0 में | 2% धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | दुबारी | ग्रा0पं0 दुबारी के प्रा0वि0 में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | 142836 | 2856 | 500 |

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**
ग्राम पंचायत–दुबारी, विकासखण्ड–चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट



कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं बेसिक स्कूल की छात्राएं। अमृत विचार

## कजली महोत्सव में बेसिक स्कूलों की छात्राओं के संगीत की रही धूम

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कजली महोत्सव में सांस्कृतिक मंच पर गुरुवार को बेसिक स्कूलों के बच्चों के कार्यक्रमो की धूम रही। कार्यक्रम की शुरुआत महोबा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं कबरई ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चरण कमलों में पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कराई गई। इसके पश्चात पूर्व माध्यमिक बरा के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति का बच्चों का अंदाज देखकर दर्शन भाव विभोर हो गए। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय रहेलिया के बच्चों द्वारा काकोरी कांड पर एक्शन गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कन्या प्राथमिक विद्यालय मकरबई के बच्चों द्वारा संदेशे आते हैं संदेशे जाते हैं जीत पर किया गया नृत्य खासा सराहा गया।

# अंग्रेज अफसरों ने अतीत के पन्ने खोलकर बचाया चंदेली इतिहास

नईमुर्रहमान महोबा

● कानिंधम और विल्सन गांवों का सर्वे नहीं करते तो खजुराहो के मंदिर भी गुमनामी में खो जाते

**अमृत विचार।** 6ठवीं से 12वीं शताब्दी 600 वर्ष तक चंदेल राजाओं के शासन के बावत दो अंग्रेज अफसरों ने गहन खोजबीन न की होती और जुटाई गई जानकारियों को पुस्तक के रूप में लिखा न होता तो चंदेल शासन के लोक प्रसिद्ध दो सूरमाओ आल्हा व ऊदल को कोई न जान पाता। अपने अनूठे शिल्प के लिए दुनिया में विख्यात खजुराहो का मंदिर भी गुमनामी में खो जाता। आठ सदी से भी अधिक समय 841 वर्ष से आज उत्तर भारत में अपने जलबे बिखेर रहा कजली मेला भी रो रहा होता। इसे भारतीय इतिहासकारों की चेतना शून्यता ही कहेंगे। शानदार व चमकदार अतीत के ये पन्ने यदि इनको अंग्रेज अफसरों ने न खोले होते तो चंदेलों के शौर्य पराक्रम और वीरता की अद्भुत गाथाएं इतिहास के अंधेरों में ही खो जातीं।

अंग्रेजी हुकूमत में एक शताब्दी के पूर्व दो अंग्रेज पुरातत्वविद लार्ड कानिंधम और विल्सन प्राचीन बुंदेलखंड के शत प्रतिशत भूभाग में घोड़ों से घूमकर यहां की लोक कथाओं तथा लोक काव्यों को सुना व समझा और सिर्फ उनके आधार पर जमीन पर सबूतों को भी ढूंढा। कितना कठिन और जोखिम भरा रहा होगा यह काम, मगर धुन के पक्के इन अंग्रेज अफसरों ने हौसला गवाए बिना इस महान कार्य को न केवल पूरा किया, बरन इस पर विस्तार से किताब भी लिखी कि सनद रहे और वक्त पर काम आए। इसके बहुत बाद हिन्दुस्तान इतिहासकारों की तीन पुस्तकें प्रकाशित हुईं, जिसमें चंदेल वंश राजाओं तथा अनेक शासन के बारे में बताया गया। करीब आठ दशक पहले केसवचंद्र मिश्रा के चंदेलों का राजस्तव काल, डा. अयोध्या प्रसाद पांडेय प्रयागराज की आठ वर्ष पहले लिखी चंदेल कालीन बुंदेलखंड इतिहास पुस्तक, सिर्फ एक दशक पूर्व मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के नौगांव कस्बे के प्रोफेसर डा. केएल अग्रवाल की पुस्तक चंदेलों का इतिहास है।

बुंदेलखंड के इन वीर नायक आल्हा ऊदल और चंदेल शासनकाल की सुनहरी दमकती आभा के प्रति हमारी सरकारों का रवैया भी घोर उदासीन और लापरवाही कर रहा है। बीते आठ सौ साल के यह कजली मेला लगातार श्रवण मास की पूर्णिमा के अगले दिन पलेवा को महोबा के ऐतिहासिक कीरत सागर सरोवर के तट पर लगता आ रहा है, जिसमें लाखों की भीड़ हर साल चंदेल रणबाकुरों की वीरता शौर्य व पराक्रम को सलाम करने को आज भी एकत्र होती है।



चंदेलकालीन सूर्य मंदिर।

### 800 साल पुराने मेले को नहीं मिला राष्ट्रीय मेले का दर्जा

उत्तर भारत के 800 साल पुराने कजली मेले को सरकार ने आज तक राष्ट्रीय मेला का दर्जा नहीं दिया है। जबकि इस मेले के आयोजन में फूंटी कौड़ी की भी इमदाद नहीं मिलती है। इसी तरह चंदेल कालीन ऐतिहासिक मंदिर, मठ व अन्य इमारते जिनमें किले व गढ़ियां है, जो सिलसिलेवार संजोया नहीं गया है। बुंदेलखंड के इस पठारी भाग में चंदेल राजाओं द्वारा बनवाए गए करीब तीन सैकड़ा विशाल सरोवरों का भी कोई पुरसाहाल नहीं है। 400 एकड़ के भूभाग में ग्रेनाइट, शिलाखंडों से निर्मित विशाल तटबंध किसी को भी चंदेल शासन की अति उन्नत अभियान्त्रिकी (इंजीनीयरिंग) हतप्रद कर देने वाली है, लेकिन अपार जल राशि का भंडारन करने वाले यह विशाल सरोवर अब देखरेख व मरम्मत के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आज भी ये सरोवर नागरिकों की जल की अनिवार्य को सैकड़ों वर्षों से पूरा कर रहे है।

# कजली महोत्सव : तीसरे दिन शहीद मेले में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

## हवेली दरवाजा मैदान में मेले के लिए दुकानदारों को नगर पालिका ने मुफ्त में दी दुकानें

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड के मशहूर ऐतिहासिक ग्रामीण कजली मेले के तीसरे दिन शहीदों की याद में हवेली दरवाजा मैदान में मेले का आयोजन किया गया। पुरानी परम्परा के अनुसार आज भी मेले में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटती है। इतना ही नहीं ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोग घरेलू सामान की सबसे ज्यादा खरीददारी करते हैं। कोई उलसा बेलन, चिपटा, तबा, बर्तनों की खरीददारी करता दिखाई दिया तो वहीं दूसरी तरफ प्लास्टिक और फाइवर के सामान की भी खूब बिक्री हुई। फाइवर की पलेट, कटोरी और ट्रे की दुकाने देख ग्रामीण खरीददारी मे जुट गए। वहीं बच्चों और महिलाओं ने झूलों का आनंद लिया। नगर पालिका के अधीशासी अधिकारी अवधेश कुमार और लेखाकार अरुण शुक्ला मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

कजली मेले के तीसरे दिन हवेली दरवाजा मैदान में शहीद मेला स्थल पर कजली मेले में तमाम दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें तैयार कर ली थी। तमाम दुकानदारों ने बारिश के मौसम के देखते हुए पानी से बचने के लिए वाटरप्रूफ दुकाने बनाई। इतना ही नहीं दुकानदार सुबह से ही दुकानें तैयार करके बिक्री करने में जुट गए। पालिका प्रशासन द्वारा कजली मेले को बढ़ावा देने के लिए मेला मैदान में किसी भी दुकानदार की जमीन आवंटित करने के एवज में रसीद नहीं काटी गई, जिससे दुकानदार भी खासा गदगद दिखाई दिया और पालिका प्रशासन के इस निर्णय की खासी सराहना की। तेज धूप के चलते तमाम दुकानदार सारा दिन खुले आसमान के नीचे दुकानें लगाकर बिक्री करने के लिए बैठे रहे।

गौरतलब है कि दो दशक पहले तक हवेली दरवाजा मैदान में बड़ा मैदान था, जहां पर बड़े बड़े दुकानदार और बड़े बड़े झूले मेले में लगाकर अच्छी खासी कमाई करते थे। इतना ही नहीं मेले में दुकानदारों की अच्छी खासी बिक्री होने के कारण दूर दराज से बड़े बड़े दुकानदार और झूला संचालक दो दिन तक डेरा जमाए रहते थे, लेकिन अब शहीद स्थल में तमाम लोगों द्वारा अस्थाई दुकानें बनाकर कब्जे कर लिए जाने से हवेली दरवाजा मैदान सिकुड़ गया है, जिससे यहां अब न तो बड़े बड़े झूले नहीं लग पाते है।हवेली दरवाजा मैदान में लगने वाला शहीद मेला में दुकानदार फुटपाथ पर दुकानें लगाकर मेले का आजाग तो कर देते हैं, लेकिन मेले में मैदान कम हो जाने से अब पहले जैसे खचाखच भीड़ नहीं आ पाती है। हालांकि गुदरी के मेले का आज भी क्रेज बना है, ग्रामीण अंचल से लोग कजली मेले के तीसरे दिन हवेली दरवाजा मैदान में जाना नहीं भूलते है।



मेले में दुकानों से खरीददारी करते ग्रामीण। अमृत विचार

### तीनों मेला स्थलों पर पालिका कराती है दंगल

▪ सैकड़ों साल पुराने कजली मेले में तीन स्थानों पर मेला लगने की चली आ रही परम्परा आज भी कायम है। गोरखगिरि भले ही अब दुकानदार और झूला संचालक न जाते हो, लेकिन नगर पालिका कजली मेले के पहले दिन कीरत सागर तट पर और दूसरे दिन गोरखगिरि मैदान और तीसरे दिन शहीद मेले के दिन पूल्ड हाउस कालोनी के पीछे दंगल का आयोजन कराना नहीं भूलता है। इस साल भी पालिका प्रशासन ने नामीगिरामी पहलवानों को बुलाकर शानदार कुश्तियां कराई। दबंग देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी।

### मेले के चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस नजर

▪ शहीद मेले में दो दशक पहले सुबह से देर रात तक भीड़ के जुटने के कारण भारी पुलिस फोर्स तैनात रहता था लेकिन फिरभी मार्ग पर पैदल चलना मुश्किल हो जाता था। जिसके मद्देनजर मेले में जुटी भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने शहीद मेला स्थल पर पुलिस की ड्यूटी लगा दी, जिससे हवेली दरवाजा मैदान के समीप से निकली सड़क पर चलने वाले बड़े वाहनों को रोकने के लिए पुलिस सारा दिन मशक्कत करती रही, जिससे मैदान में अव्यवस्था नहीं फैल सकी। पुलिस की चौकसी के चलते अराजकतत्व भी नजर नहीं आए।

## गीत-संगीत से देर रात तक गूंजता रहा 'युद्ध का मैदान'

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कीरत सागर तट पर आल्हा परिषद के तत्वावधान में चलाए जा रहे बुंदेली कार्यक्रम की तीसरे दिन भी धूम रही। जो मैदान कभी युद्ध भूमि था वहां आज बुंदेली कार्यक्रमों के अलावा शाम से आल्हा मंच में राई नृत्य, आल्हा गायन, तमूरा वादन, डिमरियाई नृत्य से लोगों का मनोरंजन हो रहा है। ग्रामीण अंचलों से आए ग्रामीण देर रात तक बुंदेली लोक गीत संगीत और नृत्य का आनंद ले रहे हैं। आल्हा मंच पर सुबह से देर शाम तक चलने वाले कार्यक्रमों में बुंदेली कलाकारों को बुंदेली विधाएं प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है।

जिले में बुंदेली विधाओं की कमी नहीं है। एक से एक कलाकार यहां पर होने के बाद भी उन्हें मंच न मिलने से वह अपनी बुंदेली विधाओं को प्रदर्शित नहीं कर पाते हैं, लेकिन आल्हा मंच हर साल निस्वार्थ भावना से बुंदेली कलाकारों को मंच देकर उन्हें अपनी कलाओं को प्रदर्शित करने का मौका देता है, जिससे कजली मेला दौरान बुंदेली विधाएं खुलकर लोगों के सामने आती हैं। गौरतलब है कि आल्हा मंच पर राई नृत्य, डिमरियाई नृत्य सहित तमाम बुंदेली नृत्यों के अलावा गीत संगीत कार्यक्रमों की कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई।





आल्हा मंच में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार व उपस्थित भीड़।

## मेले में भजन और डिमरियाई गीतों की सजी महफिल

कार्यालय संवाददाता महोबा

● ग्रामीण अचंलों से आए कलाकारों ने सुनाए बुंदेली गीत

**अमृत विचार।** कजली मेले के दिन तीसरे दिन हवेली दरवाजे में लगाने वाले शहीद मेले के दिन भजन, डिमरियाई और बुंदेली गीतों की सुबह से ही महफिल सज गई। ग्रामीण अचंलों से आए ग्रामीणों ने मेला मैदान के समीप बुंदेली विधा की प्रस्तुति दी।

बुंदेली गीत, डिमरियाई व गारी गीत सुनकर दर्शकों ने बहुत लुत्फ उठाया। इस मौके पर मेला देखने आई भीड़ भी बुंदेली गीतों को सुनने के लिए कलाकारों को घेर कर खड़ी हो गई और बुंदेली गीतों का आनंद लिया। ग्रामीण गायकों ने भी बड़े चाव के साथ अच्छे माहौल में प्रस्तुति देखकर दर्शकों का मनोरंजन कराया। ग्राम पसवारा से आए बुंदेली गायकों ने सादा रहो अब मस्त भजन में, पी लेना ये ही बूटी, काहे की बूटी काहे को घुटना, काहे से छानो जा बूटी, मीठी मीठी सब कोई पीले कड़बा पियो न जाए, कड़बा पी गई मीराबाई। कहत कबीर सुनो भाई साधु कड़बा पी गई मीराबाई। बुंदेली गीत सुनाकर दर्शकों को आनंदित कर दिया। डिमरियाई गीत सुनकर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाकर गायकों का उत्सह बढ़ाया। ग्राम रैपुरा से आए कलाकार ने सांच बराबर सांच है और झूठ बराबर पाप, जिसके हृदय सांच है उसके हृदय आप। सुनाकर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। कलाकारों की बुलंद आवाज सुन मेला देखने वाले लोग अपने आपको रोक नहीं पाए और कार्यक्रम कर रहे ग्रामीणों के पास पहुंच गए और बुंदेली भाषा में गाए जा रहे गीतों को सुनने और समझने को कोशिश करते हुए ढोल मंजिरों की धुन का लुफ्त उठाते रहे।



बुंदेली कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

# किसान ने खेत में जाकर खाया जहरीला पदार्थ, मौत

कार्यालय संवाददाता महोबा

● मृतक ने परिजन बोले, अन्ना मवेशी चट कर गए थे फसल आहत होकर उठाया कदम

**अमृत विचार।** ग्राम भंडरा में 35 वर्षीय किसान ने अपनी ढाई बीघा भूमि पर इस साल मूंगफली लगाकर फसल तैयार की थी, लेकिन अन्ना पशुओं के आतंक से उसकी सारी फसल बर्बाद हो गई। परिजनों के भरण-पोषण की चिंता और फसल बर्बाद होने से आहत होकर किसान ने खेत में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर जांच शुरू की। हालांकि प्रशासन इसे मौत का कारण नहीं मान रहा।

थाना श्रीनगर के ग्राम भंडरा निवासी मुकेश पुत्र बलराम ने अपने ढाई बीघा खेत में मूंगफली की फसल बोई थी। दिन रात रखवाली और देखभाल कर फसल को तैयार किया, वह खेतों में लहलहाती फसल को देखकर काफी खुश था कि इस साल वह परिवार का भरण पोषण करने के साथ अन्य जरुरतों को भी पूरा कर सकेगा। वह दिन रात फसलों की रखवाली करता रहा और रक्षाबंधन व कजली मेला होने के कारण वह खेत नहीं जा सका, जिससे अन्नापशुओं का झुंड उसके खेत में घुस गया और लहलहाती फसल को बर्बाद कर दिया। जब वह खेत पहुंचा तो फसल बर्बाद देख उसके होश उड़ गए और वहीं पर उसने जहर खा लिया। परिजनों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गईं। मृतक के भाई का कहना है कि मूंगफली की फसल अन्नामवेशियों द्वारा नष्ट कर देने से भाई खासा आहत था और उसने फसल नष्ट हो जाने से परेशान होकर जहर खा लिया। श्रीनगर थाना प्रभारी शिवपाल सिंह ने बताया कि आत्महत्या की सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ पहुंच गए और शव का पंचनामा भरने के बाद उपजिलाधिकारी को इस घटना की सूचना दे दी गई है।

बुंदेलखंड के महोबा जनपद में प्रति वर्ष किसान अन्ना जानवरों के आतंक के चलते दहशत जदा रहता है और दिन रात फसलों की रखवाली कर अपनी फसलों को बचाने की जुगत लगाता रहता है। इस साल खरीफ की फसल खेतों में बोने के बाद किसान रखवाली तो कर रहा है, लेकिन जरा सी अनदेखी होते ही अन्ना पशु खेतों में घुस कर फसलों को बर्बाद कर देते हैं।

**क्या कहते हैं नायब तहसीलदारः** ग्राम भंडरा में किसान द्वारा खेत में जहर खाकर आत्महत्या किए जाने की खबर मिलने पर उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार के निर्देश पर नायब तहसीलदार विकास गोयल ने गांव में पहुंचकर खेत का जायजा लिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि किसान की कोई फसल अन्नापशुओं ने नहीं खाई है। परिवार के लोग ही अलग-अलग बयान दे रहे हैं मौत का कारण कुछ और है।।

## महिलाओं, छात्राओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए दिया प्रशिक्षण

संवाददाता पनवाड़ी महोबा

● 6 माह का कोर्स पूरा होने पर महिलाओं को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**अमृत विचार।** छात्राओं को स्वरोजगार देने के लिए सिचाई, पार्लर आदि कोर्स कराकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं और छात्राओं को करीब छह माह तक सिलाई कढ़ाई और पार्लर में दक्ष बनाने के बाद गुरुवार को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कोर्स पूरा करने के बाद अब छात्राएं स्वरोजगार कर सकती हैं।

मालूम हो कि शिरडी सांई बाबा स्कूल निस्वारा पनवाड़ी में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता द्वारा निशुल्क सिलाई एवं पार्लर का कोर्स कराया जाता है, जहां पर कोर्स करने के बाद महिलाएं व छात्राएं आत्मनिर्भर बन कर अपनी जीविका पार्जन कर सकें। कोर्स पूरा होने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने महिलाओं और छात्राओं को कोर्स पूरा होने पर प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत से लोग धनी होते हैं, बाबजूद इसके उनमें समाज सेवा का यह जज्बा नही होता है जो स्कूल संचालक के पास है आराम करने की उम्र में तमाम समाज के लिए नेक कार्य कर रहे हैं।

## विद्यालय प्रबंधन ने वृक्ष को बांधी राखी

कार्यालय संवाददाता महोबा

● सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्यों और छात्र-छात्राओं ने बनाई बड़ी राखी

**अमृत विचार।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के अध्यापकों और छात्र छात्राओं ने एक बड़ी राखी तैयार की और वृक्ष पर बांधकर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति लोगों जागरूक करने का संकल्प लिया साथ ही प्रधानाचार्य द्वारा उपस्थित लोगों को वृक्ष की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई।

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने की। कार्यक्रम संचालक राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय के संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने रक्षाबंधन के मनाए जाने के ऐतिहासिक, सामाजिक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। आचार्य राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने भी अपना गीत प्रस्तुत किया।

अक्षत सिंह ने राष्ट्रीय गीत सलाम उन शहीदों को जो खो गए ओढ़ के तिरंगा कफन प्रस्तुत किया। जयनारायण, आदित्य, पुष्पक, अमन रिछारिया ने भी रक्षाबंधन पर अपने विचार प्रस्तुत किया। विद्यालय के आचार्य अरुण कुमार श्रीमाली ने कहा कि महाभारत के समय एक बार भगवान कृष्ण की अंगुली में चोट लग गई थी और उसमें से खून बहने लगा था, ये देखकर द्रौपदी आंचल का पल्लू फाड़कर उनकी कटी अंगुली में बांध दिया. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन से रक्षासूत्र या राखी बांधने की परंपरा शुरू हुई।



वृक्ष को राखी बांधते प्रधानाचार्य व आचार्य। अमृत विचार

## 1 दिवसीय रोजगार मेला आज

**महोबा।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर 19 जुलाई को सुबह दस बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय 23 अगस्त को एकदिवासीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में एक दर्जन से ज्यादा प्राइवेट लिमिटेट कम्पनियां भाग लेंगी।

जिला सेवा योजना सहायक अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में इंफिनिट सेल्यूशन प्रा. लि., श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एलआईसी जीवन बीमा आदि कंपनियों द्वारा इलक्ट्रिशियन, सेल्स मैनेजर, एजेंट आदि रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों को चयन करेंगी। बताया कि अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता, हाईस्कूल, इंटरमीटिएट, स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई सहित अन्य प्रमाणपत्र मेले का लाभ उठा सकते है।

आक्रोश — समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

# बंगलादेश में बंद हों हिन्दुओं पर अत्याचार

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** बंग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे शारीरिक, आर्थिक, धार्मिक शोषण के साथ साथ अत्याचार के विरोध में गुरुवार को हिन्दू रक्षा समिति कानपुर प्रांत ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में हिन्दू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं उनके पवित्र पूजा स्थलों पर हो रहे हमलों को रोकने जाने की मांग की गई। जिलाधिकारी ने ज्ञापन प्रधानमंत्री को भेजे जाने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में बताया कि पड़ोसी देश बंग्लादेश में हिन्दु अल्पसंख्यकों के साथ की जा रही ज्यादती उत्पीड़न और अत्याचार व पूजा स्थलों पर किए जा रहे हमले से भारत देश के हिन्दु समाज में खासा गुस्सा है। उत्पीड़न शोषण व मानवीय अत्याचारों से समस्त बंग्लादेशी अल्पसंख्यक हिन्दू व्यथित है। ऐसे में भारत देश को इस अत्याचार का खुलकर विरोध करने के साथ साथ अराजकता तथा निष्प्रभावी कानून व्यवस्था के कारण जिहादी तत्वों द्वारा बड़े पैमाने पर हिन्दुओं का आर्थिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है।

ज्ञापन में बताया कि हिन्दुओं को लक्ष्य बनाकर उनके धार्मिक स्थलों के साथ साथ व्यवासायिक स्थलों पर लूटपाट और तोड़फोड़ की जा रही है। ऐसी घटनाएं बग्लादेश में अक्सर होती रहती थी, लेकिन ध्वस्त सरकारी व्यवस्था के चलते घटनाओं ने विभत्स रुप ले लिया है। कट्टपंटी जिहादियों द्वारा बहु बेटियों और छोटे छोटे बच्चों पर किए जा रहे उत्पीड़न और कृत्यों को देखकर भारत देश का हिन्दु आक्रोशित है। ज्ञापन में हिन्दुओं और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की गई है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हिन्दू रक्षा समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता उरई



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रैली निकालतीं महिलाएं।

**अमृत विचार।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे, उत्पीड़न को लेकर हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त हैं। शुक्रवार को हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले विभिन्न हिंदूवादी संगठन ने पैदल मार्च निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्लोगन लिखी तख्तियां हाथ में ले रखी थी। हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले दर्जनों हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता शहर के टाउन हॉल में एकत्रित हुए और वहां से उन्होंने शहीद भगत सिंह चौराहा, आंबेडकर चौराहा, जिला परिषद होते हुए कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। इसमें बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं पर उत्पीड़न के विरोध में स्लोगन

- **हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर निकाली रैली**

लिखे थे। पैदल मार्च कलेक्ट्रेट पहुंचा और यहां पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदू व अन्य अल्पसंख्यकों के संरक्षण की मांग की है। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, क्रय विक्रय अध्यक्ष हरेंद्र विक्रम सिंह, संतोष गुप्ता, अजय इटौरिया, राजकुमार सिंह, युद्धवीर कंथारिया, डॉक्टर अखंड प्रताप सिंह, कपिल तोमर आदि उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में बंद हों हिंदुओं पर अत्याचार

संवाददाता, बांदा



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हिंदू रक्षा समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे, उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर हिंदुओं की सुरक्षा और संरक्षण दिलाए जाने की मांग की।

हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले गुरुवार को तमाम हिंदू संगठनों के पदाधिकी व कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना देकर बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में समिति के परसुराम दास, भगवानदास, प्रेमदास, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, विहिप जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन बेदी, अशोक ओमर, अमित सेठ भोलू, राकेश बाजपेई, नवीन पांडेय, जगन्नाथ पाठक, राजकुमार राज, दयाशंकर तिवारी, शांतनु चतुर्वेदी, सुरेश तिवारी सुल्ली महराज, भाजपा बड़ोखर मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल, प्रभाकर सिंह चंदेल, राममिलन तिवारी आदि मौजूद थे।

## जीएसटी जमा करवाने में तेजी लाने के दिए निर्देश

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जीएसटी संग्रह में माह अप्रैल से लगातार हो रही कमी को देखते हुए अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने जीएसटी के अधिकारियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में संग्रह में लगातार हो रही कमी पर चिंता व्यक्त की। साथ ही सुधार के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जुलाई तक संग्रह में 12 प्रतिशत की कमी आ चुकी है। इस कमी को पूरा करने के उपाये पर चर्चा की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने व्यापारियों को कर संग्रह में अपनी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, साथ ही यह भी चेताया कि जिन व्यापारियों द्वारा जानबूझकर कर चोरी कि जा रही हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करें।


बैठक लेते अपर जिलाधिकारी संजय कुमार। अमृत विचार

### एक नजर

**शिक्षाविद के निधन से नगर में शोक**

**कालपी।** एकलव्य विद्या मन्दिर स्कूल राजघाट कालपी के प्रबंधक रमन प्रकाश साधक का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। इससे नगर व क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। सरसई डेरा पराशन से कालपी आ कर इन्होंने कालपी में एकलव्य विद्यालय संचालित किया। राजनीति में ये बसपा के प्रमुख पदों पर आसीन रहे। जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

**वाहन स्वामी जमा करें लागबुक व बैंक खाते का विवरण**

**बांदा।** सहायक प्रभारी यातायात व जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टियों की रवानगी तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों के लिए प्राइवेट हल्के व भारी वाहनों का अधिकहण किया गया था। लोकसभा चुनाव को दो माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी वाहन स्वामियों ने लागबुकें तथा बैंक खातों का विवरण जमा नहीं किया। निर्धारित तिथि 20 जुलाई तक इक्का-दुक्का वाहन स्वामियों ने ही लागबुक और अपने बैंक खाते का विवरण जमा किया है।

**वारंटी गिरफ्तार**

**जालौन।** विभिन्न मामलों में वाछित चल रहे वारंटी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी बलवीर विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था।

# सिपाही भर्ती परीक्षा आज, जिलाधिकारी ने देखीं व्यवस्थाएं

## केंद्र व्यवस्थापकों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश, जिले के 10 केंद्रों में होगी परीक्षा, ट्रेनों के समय में हुआ बदलाव

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने जनपद के 10 केंद्रों में शुक्रवार (23 अगस्त) से शुरू हो रही सिपाही भर्ती परीक्षा के मद्देनजर चयनित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों व प्रधानाचार्यों को परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर, लाइट व पेयजल आदि की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

डीएम नगेंद्र प्रताप ने अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मीनिवास मिश्र के साथ गुरुवार को परीक्षा केंद्रों कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज, राजकीय इंटर कालेज तिंदवारा, राजकीय बालिका इंटर कालेज समेत अन्य केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा के समय तैनात अधिकारी, कक्ष निरीक्षक, कर्मचारी अपने परिचय पत्र के साथ ही ड्यूटी करेंगे। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा। परीक्षा केंद्र के बाहर एक कक्ष निर्धारित कर अभ्यर्थियों के मोबाइल फोन व सामग्री जमा करने के लिए व्यवस्था की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों में बायोमैट्रिक से भी अभ्यर्थियों की उपस्थित ली जाए। गहनता से चेकिंग के बाद भी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाए। कोई भी कर्मचारी मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक घड़ी, डिवाइस, कैलकुलेटर आदि सामग्री लेकर परीक्षा केंद्रों में प्रवेश नहीं करेगा।


परीक्षा केंद्रों की तैयारियों का जायजा लेते जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप।



पुलिस हेल्प डेरक का निरीक्षण करते एएसपी लक्ष्मीनिवास मिश्र। अमृत विचार

**10 परीक्षा केंद्रों में 4872 अभ्यर्थी होंगे शामिल**

सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए जनपद में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में एक सेक्टर व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा एक केंद्र व्यवस्थापक तथा एक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक निगरानी के लिए तैनात रहेंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली में शाम तीन से पांच बजे तक होंगी। यह परीक्षा 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को दोनों पालियों में कराई जाएंगी। आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में 480, आर्यकन्या इंटर कॉलेज में 480, कृषि विश्वविद्यालय में 480,डीएवी इंटर कॉलेज में 600, जीजीआईसी बांदा में 720, महिला पीजी कॉलेज में 480, इंटरमीडिएट कॉलेज तिंदवारा में 384, खानकाह इंटर कॉलेज में 384, जेएन डिग्री कॉलेज में 480, रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में 384 परीक्षार्थी इम्तिहान में शामिल होंगे। केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टेटिक व जोनल मजिस्ट्रेटों को परीक्षा के हर पल की सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों के अंदर सिर्फ पेन, पहचान पत्र व प्रवेश पत्र ही परीक्षार्थी ले जा सकेंगे। परीक्षा की सीसीटीवी से निगरानी होगी।

**परीक्षा को लेकर नियमित ट्रेनों का बदला समय**

मंडल रेल प्रबंधक (झांसी) के जनसंपर्क अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि सिपाही भर्ती परीक्षा 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त तक आयोजित होगी। परीक्षा तिथियों पर ट्रेनों के संचालन के समय में फेरबदल किया गया है। झांसी से बांदा के लिए चलने वाली मेमो ट्रेन दोपहर 12 .30 के बजाए दोपहर 1 .15 बजे चलेगी। बांदा-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मेमू अपने निर्धारित समय शाम 5 .30 बजे के स्थान पर शाम 6 .15 बजे चलेगी। वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-मानिकपुर मेमू ट्रेन झांसी से शाम 5 .25 के स्थान पर शाम 6 .25 बजे चलेगी। प्रयागराज-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मेमू ट्रेन बांदा से दोपहर 12 .45 बजे प्रस्थान करेगी। चित्रकूट से चलकर कानपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन 3 .55 की जगह 5 .30 बजे कानपुर के लिए प्रस्थान करेगी। सभी ट्रेनों का समय का संशोधन दिनांक 23, 24, 25, 30 तथा 31 अगस्त तक के लिए लागू किया गया है। बताया कि 10 सामान्य श्रेणी के कोचों के साथ दो विशेष ट्रेनों की रैक को आवश्यकता पड़ने पर महोबा और प्रयागराज के बीच प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव के साथ संचालन की योजना बनाई गई है।

**बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन में खुले हेल्प डेस्क**

शासन के निर्देश पर प्रशासन ने सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर काफी चौकस व्यवस्था की है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन परिसर में हेल्प डेस्क स्थापित किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में सिपाही भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने तथा परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशन में हेल्प डेस्क बनाया गया हैं। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों आदि की स्थिति के संबंध में हेल्पडेस्क से पूछताछ कर सकते हैं। साथ ही मोबाइल नंबर 9454403039, 7839862480 पर संपर्क कर सकते हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रो में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह समेत संबंधित कालेजों के प्रधानाचार्य तथा अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

## रक्षासूत्र बांधकर लिया धर्म, संस्कृति व देश रक्षा का संकल्प

**बांदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रक्षाबंधन महोत्सव धूमधाम से मनाते हुए एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधते हुए धर्म, संस्कृति और देश रक्षा का संकल्प लिया। संतों व महंतों ने सभी को राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का संदेश देते हुए अपना आशीर्वाद दिया। शहर के एक मैरिज हाल में गुरुवार को आरएसएस के तत्वाधान में रक्षाबंधन महोत्सव धूमधाम से आयोजित हुआ। इस मौके पर समारोह में एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधते हुए सभी ने धर्म, संस्कृति देश व एक-दूसरे की रक्षा का संकल्प लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मिथलेश नारायण ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से मनाए जाने वाले छह उत्सवों में से रक्षाबंधन महत्वपूर्ण उत्सव है। जो अपने प्राचीन वैभव को पुनः प्राप्त कर सके। महोत्सव में सिंधनकलां (पैलानी) मंदिर के महंत नरोत्तमदास व कुरसेजाधाम (तिंदवारी) महंत परमेश्वरदास महराज ने सभी को राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का संदेश देते अपना शुभाशीष प्रदान किया।

# उत्तराधिकार विरासत 2 माह में पूरा करें: जिलाधिकारी

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार विरासत को दो महीने के भीतर विशेष अभियान चलाकर आगामी 16 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाए। कहा कि आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र दिए जाने की स्थिति में आवेदक स्वयं आनलाइन अथवा जन सुविधा केंद्र पर प्रार्थना पत्र भरने के लिए राजस्व परिषद की निर्धारित बेवसाइड पर अपने मोबाइल समेत पंजीकरण कराएंगे। राजस्व अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर राजस्व ग्रामो में आगामी 31 अगस्त तक खतौनियों को पढ़ा जाएगा और लेखपाल प्रार्थना पत्र

- **उप जिलाधिकारियों को दिए निर्देश**

आनलाइन भरा जाएगा। एक से 15 सितंबर तक लेखपालों द्वारा आनलाइन ज्ञान की प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। 16 से 30 सितंबर तक राजस्व निरीक्षक जांच एवं आदेश पारित करने की प्रक्रिया के अनुसार काम करेंगे। इसी प्रकार से एक से 10 अक्टूबर तक सभी राजस्व अधिकारयों को प्रमाण पत्र देना होगा कि उनके राजस्व ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई भी मामला दर्ज होने से शेष नहीं हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि 6 से 13 अक्टूबर तक प्रत्येक तहसील में 10 फीसदी राजस्व ग्रामों की रेंडम चेकिंग की जाएगी।

# बिना मान्यता चल रहा स्कूल बंद करें

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जनपद की शिक्षण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी इन दिनों खासी मशक्कत करते नजर आ रहे हैं। बीएसए ने गुरुवार को बड़ोखर खुर्द के करीब आधा दर्जन प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया और खामियों को दुरुस्त करने की हिदायत दी। क्षेत्र के परमपुरवा में कोचिंग की आड़ में बगैर मान्यता के एक स्कूल संचालित पाया गया। जिसे तत्काल प्रभाव से बंद करने और अग्रिम कार्रवाई की हिदायत दी गई।

गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी की निरीक्षण एक्सप्रेस बड़ोखर खुर्द विकासखंड के करीब आधा दर्जन प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों पर पहुंची और वहां की व्यवस्थाओं को परखा। बीएसए श्री तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय नादिरपुरवा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोयरा मुगली, प्राथमिक विद्यालय गोयरा मुगली कंपोजिट, उच्च प्राथमिक विद्यालय परमपुरवा, प्राथमिक विद्यालय परमपुरवा और आर्या पब्लिक स्कूल परमपुरवा का औचक निरीक्षण किया। नादिरपुरवा में शिक्षा मित्र जेबा खान लंबे समय से अनुपस्थित चल रही हैं, ऐसे में उनका मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए हैं। बताया है कि कोचिंग की आड़ में संचालित आर्या पब्लिक स्कूल परमपुरवा के मान्यता संबंधी दस्तावेज नहीं मिले। ऐसे में प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से विद्यालय बंद करने के निर्देश दिए।


विद्यालय का निरीक्षण करते बीएसए अव्यक्तराम तिवारी। अमृत विचार

## छात्रा ने जिलाधिकारी से की अंक पत्र व टीसी दिलाने की मांग

**बांदा।** गुरुवार को जरर गांव निवासी दिनेश कुमार की पुत्री खुशी तिवारी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर बताया है कि गांव में ही स्थित एक कालेज में वर्ष 2023-24 में संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

अब छात्रा को स्नातक में प्रवेश के लिए विद्यालय से अपने अंक पत्र और टीसी की आवश्यकता है। लेकिन विद्यालय की ओर से अंक पत्र और टीसी नहीं दी जा रही।

### सार-संक्षेप

**6 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ कर किया सीज**

**कालपी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर एसडीएम सुशील कुमार सिंह की टीम द्वारा कालपी तहसील के लुहरगांव- इटौरा मार्ग की सड़क में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने ओवरलोड 6 ट्रकों को पकड़ कर सीज कर दिया। गुरुवार शाम को एसडीएम बालू परिवहन की वास्तविकता को परखने के लिये सड़क पर उतरे और लुहरगांव - इटौरा के मध्य की सड़क में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरंग लादे 3 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्रवाई की। इसी क्रम में जोल्हूपुर मोड़ - कदौरा रोड में बिना रायल्टी प्रपत्रों के बालू लदे तीन भारी वाहनों को पकड़ लिया। उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये सभी वाहनों को संबंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी के परिसर में खड़ा करा दिया।


ट्रकों की चेकिंग करते एसडीएम सुशील कुमार। अमृत विचार

**विकास को लगेंगे पंख** | जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त ने भूमि का किया निरीक्षण

# नवीन औद्योगिक क्षेत्र बनाने की कवायद शुरू

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** कालपी में नया औद्योगिक क्षेत्र बनाने की कवायद शुरू हो गई है। गुरुवार को अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण किया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर गुरुवार को जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त प्रभात यादव एवं कामेश्वर तथा ग्राम प्रधान कीरतपुर पवनदीप निषाद तथा हस्त निर्मित कागज उद्योग के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी के साथ ग्राम सभा कीरतपुर में सरकारी राजस्व की 6 हेक्टेयर भूमि का उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करने के बाद उद्योग विभाग के अधिकारियों ने सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि वहां तक रोड भी जिला प्रशासन द्वारा बनना आवश्यक है।


प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करते अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

इंडस्ट्रियल एरिया बनाने के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद ने कहा कि ग्राम सभा किरतपुर की प्रस्तावित भूमि कागज उद्योग के विकास के लिए समर्पित हैं। ग्राम प्रधान ने यह भी बताया कि खेत के पास तक बने लिंक रोड को अतिशीघ्र पक्का बनवाने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि कालपी के उद्योगों के विकास के लिए बड़ी इंडस्ट्रीज की आवश्यकता है। कालपी में उद्योग स्थापित हो सकते हैं। लेकिन उपयुक्त भूमि न होने के कारण काफी लोग उद्योग लगाने से वंचित हो रहे हैं। उपरोक्त समस्या को हाथ कागज निर्माता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी

- **कीरतपुर में सरकारी राजस्व की 6 हेक्टेयर है भूमि**

ने जब उद्योग बंधु में यह बात रखी तो जिलाधिकारी जालौन ने तत्काल भूमि का सर्वे कराने तथा प्रस्ताव भेजने के निर्देश उप जिलाधिकारी कालपी को दे दिए थे। इसके बाद कार्रवाई शुरू हो गई सब कुछ ठीक रहा तो अतिशीघ्र वहां पर इंडस्ट्रियल एरिया का निर्माण होना शुरू हो जाएगा। उपायुक्त जिला उद्योग के प्रभात यादव ने बताया की नई इंडस्ट्रियल एरिया में सभी अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए शासन स्तर से धनराशि भी स्वीकृत हो चुकी है केवल भूमि का चयन की औपचारिकताएं पूरी होनी हैं। इस अवसर पर हाथ कागज उद्योग के वरिष्ठ उद्यमी विनीत गुप्ता, पंकज पांडे, सोनू गुप्ता भी उपस्थित थे।

## परिषदीय विद्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**कालपी।** उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने गुरुवार को परिषदीय विद्यालय धमना का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम कालपी ने स्कूल के छात्रों को बैठने की व्यवस्था व शिक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसडीएम ने प्रधानाचार्य से जायजा लेते हुए कई जानकारियां प्राप्त की। एसडीएम को 35 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित मिले। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय परिसर में बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए साथ ही परिसर में पर्याप्त साफ सफाई के उचित इंतजाम रखें। उपजिलाधिकारी ने छात्रों से पठन-पाठन के संबंध में सीधा संवाद कर शिक्षा के स्तर को परखा।

**कार्यालय नगर पंचायत तिर्वागंज - कन्नौज**

पत्रांक: 354/न0प0ति0/ पार्किंग पड़ाव (2024-25) दिनांक:- 22.08.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज की वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 01.09.2024 से 31.03.2025 तक के लिए पाकिंग पड़ाव ठेका उठाये जाने हेतु निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न कार्यकम के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

**टेण्डर शेडयूल (www.etender.up.nic.in)**

| क्र0सं0 | नगर पंचायत तिर्वागज / ANN Stage | Veondor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | 23.08.2024 11:00AM | |
| | | Tender Download | 23.08.2024 11:10AM | 29.08.2024 11:00AM |
| | | Bid submission | 23.08.2024 11:10AM | 29.08.2024 12:00AM |
| | Close of Bid | | | 29.08.2024 01:00PM |
| | Bid Opening | | | 29.08.2024 02:00PM |

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पार्किंग पडाव का ठेका | 400000.00 | 1050 | 31 मार्च 2025 |

नियम व शर्ते:- 1-नगर पंचायत के पूर्व/वर्तमान बकायेदार ठेकेदार ई-निविदा प्रकिया में भाग लेने हेतु अर्ह नहीं है। 2-ई-निविदा के साथ जमानत धनराशि नियामानुसार एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तिर्वागंज के नाम बंधक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन प्रति टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। 3-ठेका के सामने अंकित निविदा मूल्य की धनराशि नगर पंचायत तिर्वागंज के खाता सं0-30822819160, भारतीय स्टेट बैंक (आई0एफ0एस0सी0, कोड) में जमा करके रसीद की स्कैन प्रति टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करनी होगी एंव निविदा के साथ संलग्न करना होगा, बिना निविदा मूल्य के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग निविदा मूल्य जमा करना होगा। 4- यह कि नगर पंचायत तिर्वागंज का पार्किंग पड़ाव ठेका वित्तीय वर्ष-2024-25 में 01/09/2024 से 31/03/2025 तक वैध होगें। 5-यह कि ई-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक ठेकेदारों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण पत्र नगर पंचायत तिर्वागंज द्वारा निर्गत अदेय प्रमाण पत्र, एंव आधार कार्ड टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। 6- यह कि नवीनतम शासनादेश के आधार पर स्वीकृत टेण्डर की धनराशि पर नगर पंचायत हित में निर्धारित 04 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क पर अनुबन्ध पत्र वसूली करने से पूर्व जमा करना होगा। 7-यह कि पार्किंग पड़ाव ठेका को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकारी अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पंचायत तिर्वागंज को होगा। जिसमें किसी प्रकार का कोई कारण बताया नहीं जायेगा। 8-यह कि स्वीकृत ठेका की धनराशि को तुरन्त जमा करना होगा, ऐसा न करने पर ठेकेदार की धरोहर धनराशि जब्त करली जायेगी। 9- यह कि ठेकेदार नगर पंचायत निर्धारित रेट पर ही वसूली करेगा, यदि ऐसा संज्ञान में आता है तो ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। 10-अपलोड किये गये समस्त वांछित दस्तावेजों की टेक्निकल बिड नगर पंचायत तिर्वागंज में दिनांक-29/08/2024 को 01.00 बजे अनिवार्य होगा। 11-निविदा दाता को शासन के आदेशा अनुसार यदि कोई भी अतिरिक्त टैक्स लगाया जाता है तो ठेकेदार को देय होगा। 12- यह कि शर्त को संशोधन करने का अधिकारी अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत तिर्वागंज को होगा। 13-यह कि सम्बन्धित ठेका स्वीकृत होने पर ठेकेदार को नियामानुसार शपथ-पत्र देय होगा। जिसका प्रारूप कार्यालय से प्राप्त करना होगा। 14- निविदा पार्किंग पड़ाव ठेका रू0-1050532.00 से अधिकतम 10 प्रतिशत अधिक ही मान्य होगा। 15- एकल निविदा मान्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत तिर्वागंज, कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत तिर्वागंज, कन्नौज**

## खेल डायरी

### सतीश जापान ओपन के दूसरे दौर में हारे



**योकोहामा (जापान)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सतीश कुमार करूणाकरन ने गुरुवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में थाईलैंड के कंटाफोन वांगचारोएन के खिलाफ हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। सतीश 70 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी से पहले गेम की बढ़त गंवाकर 21-18 18-21 8-21 से हार गये। इस तरह टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी खत्म हो गई। सतीश बुधवार को शुरूआती मैच में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन के रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंचे थे। सतीश ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट 2023 में ओडिशा मास्टर्स से जीता था।

### ससेक्स ने चेतेश्वर पुजारा से करार खत्म किया



**लंदन।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा अगले साल की काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम में वापसी नहीं करेंगे क्योंकि इंग्लैंड के क्लब ने ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ह्यूज की सेवाएं बरकरार रखने के लिए उन्हें कार्यमुक्त करने का विकल्प चुना है। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स इस काउंटी टीम की तरफ से चैंपियनशिप के शुरुआती मैचों में खेलेंगे। पुजारा 2024 में लगातार तीसरी बार ससेक्स की तरफ से खेले थे। ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, चेतेश्वर से करार खत्म करना आसान नहीं था लेकिन डेनियल हमारी जरूरत के अनुरूप टीम में फिट बैठे हैं और हमें खुशी है कि वह अगले पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### आईसीसी को नई महिला निदेशक की तलाश

**दुबई।** पेप्सिको प्रमुख इंदिरा नूई का छह साल का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त होने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को एक नयी महिला स्वतंत्र निदेशक की तलाश है। मौजूद अध्यक्ष (चेयरमैन) ग्रेग बार्कले के तीसरे कार्यकाल के लिए इनकार के बाद विश्व निकाय को एक नये अध्यक्ष की भी खोज करनी होगी। नूई 2018 में ICC की पहली स्वतंत्र महिला निदेशक बनीं थी। उन्होंने अपना अधिकतम कार्यकाल पूरा कर लिया है। समझा जाता है कि आईसीसी बोर्ड ने पहले ही नूई जैसे हाई-प्रोफाइल नाम की तलाश शुरू कर दी है। आईसीसी नियमों के मुताबिक, निदेशक मंडल एक व्यक्ति का चुनाव करेगा जो एक महिला होनी चाहिए और जिसे निदेशक पात्रता मानदंड को पूरा करना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्रिकेट के खेल में समानता, विविधता और समावेशित हितों का समय-समय पर उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

### किशोर ने उम्मीदें बरकरार रखीं, हरीश बाहर

**एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप**

**माले (मालदीव)।** हरीश मुथु को यहां एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के पुरुष ओपन वर्ग के क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहकर निराशा का सामना करना पड़ा जबकि किशोर कुमार ने अंडर-18 वर्ग में अंतिम आठ चरण के लिए क्वालीफाई किया। मुथु और किशोर दोनों प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल चरण में पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं जो 2026 एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा है। यहां थुलुस्धू में आयोजित प्रतियोगिता के चार श्रेणियों में आठ भारतीय सर्फर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। तमिलनाडु के हरीश को क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की जोई सतरियावान और जापान के काइसेई अडाची से कड़ी टक्कर मिली। इन दोनों ने क्रमश: पहले और दूसरे स्थान स्थान के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया जबकि हरीश खिताबी दौड़ से बाहर हो गये। किशोर के सामने शुक्रवार को खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपी के जॉन चैन और मालदीव के सैय्यद सलाहुद्दीन की चुनौती होगी।

## पहलवान साइनाथ पारधी ने जीता कांस्य पदक

**अम्मान, एजेंसी**




● अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कजाकिस्तान के येरासिल मुसान को हराया

अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के साइनाथ पारधी ने पुरुषों की 51 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में कांस्य पदक जीता। जार्डन के अम्मान में बुधवार को हुई स्पर्धा में पारधी ने कजाकिस्तान के येरासिल मुसान को 3-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

इससे पहले उन्होंने रेपेचेज राउंड में अमेरिका के मुनारेटो डोमेनिक माइकल को 7-1 से हराकर कांस्य पदक के मुकाबले में अपनी जगह बनाई थी। इससे पहले मंगलवार को एक अन्य मुकाबले में भारतीय पहलवान रौनक दहिया ने पुरुषों की जीआर 110 किलोग्राम स्पर्धा में तुर्की के इमरुल्लाह कैपकन को 6-1 से हराकर पदक अपने नाम किया।

## मेंटर के रूप में वापसी कर सकते हैं जहीर खान



**नई दिल्ली, एजेंसी**

● एक रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए फ्रेंचाइजी से चल रही है बातचीत

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में इस टूर्नामेंट में वापसी कर सकते हैं। यह 45 वर्षीय क्रिकेटर इससे पहले मुंबई इंडियंस में वैश्विक विकास का प्रमुख था। उन्होंने इसी फ्रेंचाइजी में 2018 से लेकर 2022 तक क्रिकेट निदेशक का पद भी संभाला था।

जहीर खान पहले 10 सत्र में एक क्रिकेटर के रूप में आईपीएल से जुड़े रहे। इस बीच उन्होंने तीन टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) की तरफ से कुल मिलाकर 100 मैच खेले जिनमें उन्होंने 7.59 की इकोनॉमी रेट से 102 विकेट लिए। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, जहीर खान की लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मेंटर पद के लिए फ्रेंचाइजी से बातचीत चल रही है। यह फ्रेंचाइजी गौतम गंभीर के जाने के बाद किसी भारतीय पूर्व क्रिकेटर को अपने कोचिंग स्टाफ में जोड़ना चाहती है। गंभीर के रहते हुए लखनऊ की टीम 2022 और 2023 में दो बार प्ले-ऑफ में पहुंची थी।

### भारतीय कोच की तलाश में है पंजाब किंग्स

इस बीच पंजाब किंग्स ट्रेवर बेलिस की जगह किसी भारतीय खिलाड़ी को मुख्य कोच नियुक्त करने का इच्छुक है। रिपोर्टों के अनुसार पंजाब वीवीएस लक्ष्मण को मुख्य कोच नियुक्त करना चाहता था लेकिन यह संभव नहीं है क्योंकि भारत के पूर्व बल्लेबाज ने बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख के रूप में अपना कार्यकाल बढ़ा दिया है।

## ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर अहम होंगे पंत

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा- ऋषभ के अंदर जीत की भूख



**मुंबई, एजेंसी**

● भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी

● पंत ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया था

महान बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को लगता है कि जब भारतीय टीम पांच टेस्ट की शृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी तो ऋषभ पंत उसके लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे क्योंकि पिछले दौरे पर इस विकेटकीपर बल्लेबाज की जीत की भूख शानदार रही थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह पांच मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

हेडन ने बुधवार को सीएट क्रिकेट रेटिंग अवार्ड्स के मौके पर पत्रकारों से कहा, ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी के अंदर जीत की भूख है और उसकी मसल मेमरी (प्रक्रियात्मक स्मृति) शानदार है। पिछली बार जब वह वहां खेला था तो वह अहम खिलाड़ी रहा था और ऑस्ट्रेलिया के दर्शकों को भी उसका खेल काफी पसंद आया था। उन्होंने कहा, पंत का खेल रोमांचक और बेहतरीन रहा था। फिर आपके पास अनुभवी खिलाड़ी जैसे विराट कोहली हैं जो फिर से अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। बल्लेबाजी को देखते हुए मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि भारत ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर उससे भिड़ने के लिए किस तरह की रणनीति बनायेगा।

पंत ने 2022 में गंभीर कार दुर्घटना के बाद क्रिकेट में सफल वापसी की, उन्होंने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया था जिसमें उन्होंने 97 और नाबाद 89 रन की शानदार पारियां खेलीं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे नाटकीय बदलावों में से एक में कई मुख्य खिलाड़ियों की कमी के बावजूद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया था। मेहमान टीम ने शुरुआती एडिलेड टेस्ट में 36 रन पर ऑल आउट होने के बाद वापसी करते हुए 2-1 की जीत से लगातार दूसरी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की। कोहली को एडिलेड मैच के बाद निजी कारणों से स्वदेश लौटना पड़ा था जबकि मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह और शमी समेत पांच खिलाड़ियों को चोट और फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण बाहर होना पड़ा था। हेडन ने कहा, भारतीय परिपेक्ष्य से यह चीज शानदार है कि पिछली जीत के दौरान उनके पास विराट कोहली नहीं थे। गाबा में जिस टीम ने जीत हासिल की थी, वह दूसरे दर्जे के गेंदबाजी लाइन अप वाली टीम थी। उन्होंने कहा, उस तरह के आत्मविश्वास की आप इस भारतीय इकाई से उम्मीद कर सकते हैं जो हमारी सरजमीं पर जाकर कहे, हमने पहले भी ऐसा किया है।

## गुकेश ने प्रज्ञाननंदा के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली

**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी**



● सिंकफील्ड कप के तीसरे दौर में दोनों भारतीय खिलाड़ी अंक बांटने पर सहमत हो गए

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के अंतिम टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप के तीसरे दौर में हमवतन आर प्रज्ञाननंदा के खिलाफ मुश्किल परिस्थितियों में होने के बावजूद बाजी ड्रॉ कराई। एक समय लग रहा था कि यह बाजी आसानी से ड्रॉ हो जाएगी लेकिन तभी गुकेश गलती कर बैठे।

प्रज्ञाननंदा हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए और आखिर में दोनों भारतीय खिलाड़ी अंक बांटने पर सहमत हो गए। यह दोनों अभी समान 1.5 अंक लेकर संयुक्त जीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञाननंदा ने 2022 के बाद क्लासिकल बाजी में गुकेश को नहीं हराया है। फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोज़ा ने भी कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हमवतन मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई। फिरोजा दो अंक लेकर रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ अभी शीर्ष पर बने हुए हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव भी अच्छी स्थिति में दिख रहे थे लेकिन उन्हें एक गलती बेहद महंगी पड़ी जिसका फायदा उठाकर फैबियानो कारूआना टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने में सफल रहे। तीसरे दौर में दूसरे विजेता नेपोम्नियाचची थे, जिन्होंने नीदरलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ अपेक्षाकृत आसान जीत हासिल की। मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन ने भी वेस्ली सो के खिलाफ अपने लिए पर्याप्त मौके बनाए, लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाए और आखिर में उन्हें अंक बांटने पड़े।

## अर्चना कामत ने टेबल टेनिस को अलविदा कहा

**नई दिल्ली।** अर्चना कामत को भारतीय जर्सी की कमी महसूस होगी लेकिन यह टेबल टेनिस खिलाड़ी भविष्य में अलग तरीके से अर्थशास्त्री के तौर पर देश की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल में पेरिस ओलंपिक में जर्मनी से क्वार्टर फाइनल में भारत की हार के कुछ दिनों बाद बेंगलुरु की 24 वर्षीय खिलाड़ी अर्चना ने अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी में लोक नीति में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने का फैसला किया। अर्चना ने जब अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की थी तब वह किशोरी थी इसलिये टेबल टेनिस से दूर जाने का फैसला उनके लिए काफी भावनात्मक रहा। लेकिन उन्हें अपने स्कूल के दिनों से ही पढ़ाई काफी पसंद थी। वह 10वीं और 12वीं में क्रमशः 98.7 और 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके टॉपर रही थीं।

## लीड्स, बर्मिंघम, लॉर्ड्स, मैनचेस्टर ओवल करेंगे टेस्ट मैचों की मेजबानी

**लंदन, एजेंसी**

● 31 जुलाई से चार अगस्त 2025 तक होगा भारत का इंग्लैंड दौरा

● अगला डब्ल्यूटीसी चक्र 2025 से 2027 तक चलेगा

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अपने अगले चक्र का आगाज इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के साथ करेगी, जिसका शुरुआती मुकाबला 20 जून को तेज गेंदबाजों अनुकूल हेडिंग्ले में होगा। अगला डब्ल्यूटीसी चक्र 2025 से 2027 तक चलेगा और यह वर्तमान चक्र के फाइनल के ठीक बाद शुरू होगा। मौजूदा डब्ल्यूटीसी फाइनल भी इंग्लैंड में खेला जायेगा।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने रणनीतिक रूप से उन स्थानों पर मैच रखे हैं जहां इंग्लैंड के स्विंग गेंदबाजों को विशेष लाभ मिलेगा। दूसरा टेस्ट दो से छह जुलाई तक बर्मिंघम के एजबेस्टन में होगा। तीसरा टेस्ट 10 से 14 जुलाई के बीच लॉर्ड्स मैदान पर होगा, जबकि मैनचेस्टर का ओल्ड ट्रैफर्ड 23 से 27 जुलाई के बीच चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में अंतिम टेस्ट के साथ समाप्त होगा। शृंखला के पहले और दूसरे टेस्ट में एक सप्ताह जबकि तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच आठ दिनों का अंतराल है ताकि खिलाड़ियों को तरोताजा होने का पूरा मौका मिल सके।

### पहली बार महिला टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा लॉर्ड्स

**लंदन।** ईसीबी ने गुरुवार को घोषणा की कि ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान 2026 में भारत और इंग्लैंड के बीच महिला टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। यह पहली बार होगा जब यह मैदान इन दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि जुलाई 2025 में भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के बाद भारतीय टीम 2026 में एकमात्र टेस्ट के लिए वापस आयेगी। भारतीय टीम अगले साल 28 जून से 12 जुलाई के बीच पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला खेलेगी। टीम इसके बाद क्रमश: 16 (साउथम्पटन), 19 (लंदन) और 22 जुलाई (चेस्टर ली स्ट्रीट) को तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला खेलेगी। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गौल्ड ने कहा, यह वास्तव में एक विशेष अवसर होगा।

## आर श्रीधर बने अफगानिस्तान के सहायक कोच

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के पूर्व क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर को अपनी टीम का सहायक कोच बनाया है। वह न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के होने वाली सीरीज में टीम के साथ जुड़ेंगे। श्रीधर लेवल-3 सर्टिफाइड कोच हैं। एसीबी ने कहा है कि भविष्य में श्रीधर का अनुबंध लंबे समय बढ़ाया जा सकता है। नब्बे के दशक में हैदराबाद के लिए बतौर बाएं हाथ के स्पिनर खेलने वाले श्रीधर ने अपने कोचिंग करियर की शुरुआत 2001 में की थी। वह 2014 अंडर-19 विश्व कप के समय में भारत की जूनियर टीम से जुड़े। इसी वर्ष उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में किंग्स इलेवन पंजाब की टीम के साथ भी काम किया। इसके बाद वह 2014 से 2021 तक लगातार सात सालों तक भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच रहे।

## कभी कभार थोड़े से भाग्य की जरूरत होती है : द्रविड़

**मुंबई, एजेंसी**



● द्रविड़ को सीएट क्रिकेट रेटिंग अवार्ड्स के दौरान लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला था

महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ मानते हैं कि कभी कभी थोड़ी सी किस्मत भी बड़े मैच के नतीजों को प्रभावित कर सकती है, जिसके लिए उन्होंने वनडे विश्व कप फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार और टीम की टी20 विश्व कप फाइनल में द. अफ्रीका के खिलाफ शानदार जीत का उदाहरण दिया।

भारत पिछले साल लगातार 10 मैच में जीत के बाद वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचा था लेकिन टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम जब खिताबी मुकाबले में आस्ट्रेलिया से भिड़ी तो उसके लिए कुछ भी कारगर नहीं रहा। छह महीने बाद कप्तान रोहित शर्मा और द्रविड़ ने मिलकर अधूरी कसर पूरी की। टी20 विश्व कप फाइनल में मजबूत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किस्मत ने भारतीय टीम का साथ दिया। द्रविड़ को सीएट क्रिकेट रेटिंग अवार्ड्स के दौरान लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा, मुझे इस पर विचार करने का समय मिला। मुझे उन बहुत सी चीजों को सोचने का समय मिला जो हमने की।

## रिजवान-शकील की शतकीय पारियों ने खड़ा किया बड़ा स्कोर

**रावलपिंडी।** विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और उपकप्तान सउद शकील की शतकीय पारियों और पांचवें विकेट के लिए 240 रन की साझेदारी के दम पर पाकिस्तान ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट पर 448 रन पर पारी घोषित कर दी। रिजवान ने 239 गेंद में 11 चौके और तीन छक्के लगाकर 171 रन (नाबाद) की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जबकि बायें हाथ के बल्लेबाज शकील ने लाल गेंद प्रारूप में अपनी शानदार लय जारी रखते हुए 261 गेंद में नौ चौके की मदद से 141 रन रन बनाये। दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने 12 ओवर में बिना किसी नुकसान के 27 रन बना लिये। सलामी बल्लेबाज शदमन इस्लाम 12 और जाकिर हसन 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है।

## बॉलीवुड हलचल

### सलमान के नए गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के नये गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज हो गया है। सलमान खान ने फिल्म इंडस्ट्री में कई स्टार्स को लॉन्च किया है और उनका करियर बनाया है। सलमान ने हाल ही में अपनी भांजी अलीजेह अग्निहोत्री को लॉन्च किया था और अब वह अपने भांजे अयान अग्निहोत्री का करियर बनाने में लगे हुए हैं। अयान, सलमान खान की बहन अलवीरा अग्निहोत्री और अतुल अग्निहोत्री का बेटा है। हाल ही में, अयान यानी अग्नि का पहला गाना और म्यूजिक वीडियो पार्टी फीवर रिलीज हुआ था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब अग्नि का एक और नया गाना यू आर माइन आ रहा है, जिसका टीजर सामने आ गया है। इस गाने को सलमान ने अपनी आवाज दी है और अग्नि ने इसमें रैप किया है। सलमान खान ने गाना यू आर माइन का टीजर अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि सलमान पेंटिंग करते हुए नजर आ रहे हैं और अग्नि उनके पास आकर मस्ती भरे अंदाज में उनसे उनके आर्टवर्क के बारे में सवाल पूछते हैं। साथ ही उन्हें रैप करके भी दिखाते हैं।

### 25 को होगा फिल्म क्रू का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई।** करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन के अभिनय से सजी फिल्म क्रू का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर रविवार, 25 अगस्त को दोपहर एक बजे ज़ी सिनेमा पर होगा। फिल्म क्रू मध्यम वर्ग के संघर्षों को दर्शाती है, जिनमें पैसों, नैतिकता और अनचाही नौकरियों को लेकर संघर्ष दिखाए गए हैं, जिन्हें एक मनोरंजक और विश्वसनीय कहानी के जरिए बखूबी परोसा गया है। फिल्म क्रू के निर्देशक राजेश कृष्णन ने कहा, क्रू का सफर शुरू से अंत तक शानदार रहा। तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन जैसे शानदार कलाकारों के साथ काम करना खुशकिस्मती की बात है। उनकी केमिस्ट्री और सेट पर हमने एक-दूसरे को जो आज़ादी दी, उसने किरदारों और कहानी में कुछ इस तरह से जान फूंकी, जिसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। मेरा लक्ष्य एक ऐसी फिल्म बनाना था, जिसमें हास्य और जज़्बातों का स्वाभाविक संतुलन हो और कलाकारों की सहजता ने इसे आसान बना दिया। मेरा मानना है कि दर्शकों को क्रू पसंद आएगी क्योंकि यह अपने विषय पर एक नया नज़रिया पेश करती है और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं। फिल्म क्रू तीन बिंदास फ्लाइट अटेंडेंट्स की कहानी है, जो सोने की तस्करी के जाल में फंस जाती हैं। जो किस्सा मस्ती और खेल से शुरू होता है, वो तब एक बड़ा मोड़ लेता है, जब उनकी अंतरात्मा जाग जाती है और फिर उनकी ज़िंदगी और ज्यादा उलझ जाती है।

## नवीन पटनायक ने हॉकी टीम को किया सम्मानित

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

● पेरिस ओलंपिक में भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर जीता था कांस्य पदक

● ओडिशा के पूर्व सीएम ने उम्मीद जताई की टीम लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतेगी



ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस महीने की शुरुआत में पेरिस में ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कुछ सदस्यों को गुरुवार को यहां सम्मानित किया। पेरिस ओलंपिक में भारत ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता था। पटनायक की अगुवाई वाली ओडिशा की पिछली सरकार ने भारतीय हॉकी को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। ओडिशा 2018 से राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों को प्रायोजित कर रहा है। पटनायक ने उम्मीद जताई की टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतेगी।

पटनायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। मुझे उम्मीद है कि अगली बार आप स्वर्ण पदक लाएंगे। इस मौके पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के साथ सुमित, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक और संजय मौजूद थे। सुमित ने उस समय हॉकी का समर्थन करने के लिए पटनायक को धन्यवाद दिया जब खेल को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता थी। ललित ने कहा कि ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री ने व्यापक पैमाने पर इस खेल का उद्धार किया। इससे पहले भारतीय टीम का बुधवार को यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया था और ओडिशा सरकार ने उसे सम्मानित किया। राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने टीम के सदस्यों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की जिसमें राज्य के स्टार खिलाड़ी अमित रोहिदास को चार करोड़ रुपये दिए गए। भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश को 50 लाख रुपये दिए गए जबकि टीम के अन्य खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपये दिए गए। सहयोगी स्टाफ को 10-10 लाख रुपये दिए गए।

### मीराबाई चानू और नीलकांत सम्मानित



**इंफाल।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू और हॉकी खिलाड़ी नीलकांत शर्मा को बुधवार को मणिपुर पुलिस ने सम्मानित किया। यहां जारी बयान के अनुसार पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने यहां एक समारोह में मीराबाई और नीलकांत को सम्मानित किया। नीलकांत पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। भारत ने तीसरे स्थान के मैच में स्पेन को हराकर लगातार दूसरे ओलंपिक खेल में कांस्य पदक हासिल किया। बयान के अनुसार, मणिपुर पुलिस को उनकी उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर गर्व है और उनके भविष्य के प्रयासों में हर संभव प्रोत्साहन और समर्थन का आश्वासन दिया जाता है। मीराबाई राज्य पुलिस में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हैं, जबकि नीलकांत भारतीय रेलवे में काम करते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### गोविंदराजन विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** देश में आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान के अग्रदूत प्रोफेसर गोविंदराजन पद्मनाभन को गुरुवार को प्रतिष्ठित विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विज्ञान श्री, विज्ञान युवा शांति स्वरूप भटनागर और विज्ञान टीम श्रेणी में वैज्ञानिकों को 33 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किए।

### ब्राजील में प्रवेश नहीं पाएंगे कुछ एशियाई देशों के लोग

**साओ पाउलो।** ब्राजील एशिया के ऐसे नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने जा रहा है जो अमेरिका और कनाडा में प्रवास करने के लिए इस दक्षिण अमेरिकी देश का उपयोग करते हैं। यहां के न्याय मंत्रालय के एक आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक, हवाईअड्डे पर शरण के लिए 70 प्रतिशत से अधिक अनुरोध भारतीय, नेपाली या वियतनामी राष्ट्रीयता वाले लोगों से आते हैं।

### फ्रांसीसी पोत ने लाल सागर में 29 नाविकों को बचाया

**दुबई।** लाल सागर में संदिग्ध हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए सिलसिलेवार हमले में क्षतिग्रस्त तेल टैंकर पर सवार 29 नाविकों को यूरोपीय संघ मिशन के तहत एक फ्रांसीसी विध्वंसक पोत ने बचा लिया है। साथ ही इलाके में बम ले जाने वाली एक ड्रोन नौका को भी नष्ट कर दिया।

### पुतिन ने चीन के प्रधानमंत्री ली से की मुलाकात

**मॉस्को।** राजनीतिक और आर्थिक सहयोग के लिए चीन पर बढ़ती रूस की निर्भरता के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग से बुधवार को मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मजबूत होते व्यापारिक संबंधों की सराहना की। पुतिन ने रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास 'क्रेमलिन' में हुई बैठक के दौरान कहा कि हमारे व्यापारिक संबंध सफलतापूर्वक विकसित हो रहे हैं।

### रासायनिक संयंत्र में बम मिलने पर 582 को निकाला

**प्राग।** चेक गणराज्य पुलिस ने बुधवार को देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में रासायनिक संयंत्र में एक बम मिलने पर आस-पास से 582 लोगों को निकाला। चेक रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा कि लिट्विनोव, मोस्ट डिस्ट्रिक्ट के पास ऑर्लेन यूनिपेट्रोल प्लांट के एक सुदूर हिस्से में खुदाई के दौरान द्वितीय विश्व युद्ध का एक बिना फटा हवाई बम मिला।

### टिम वाल्ज होंगे डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार

**शिकागो।** मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी बुधवार रात स्वीकार कर ली। वाल्ज ने 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन' में अपने संबोधन के दौरान वहां मौजूद लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम सभी आज रात यहां एक ही वजह से एकत्र हुए हैं और वह यह है कि हम इस देश से प्यार करते हैं।

## फेरोअन अनोर्थोसाइट से बनी है चंद्रमा की मिट्टी

चेन्नई, एजेंसी।

- चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा के शुरुआती विकास का खोला राज



भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने अपने शोध में कहा है कि चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा के शुरुआती विकास का राज खोला है। टीम ने अपने शोध में कहा कि चंद्रयान -3 मिशन के प्रज्ञान रोवर से मिली जानकारी के अनुसार चंद्रमा की सतह मैग्मा के महासागर से ढका हुआ था।

यह विश्लेषण चंद्रमा पर मिट्टी की माप को लेकर था। ये आंकड़े प्रज्ञान रोवर ने चांद की सतह पर रिकॉर्ड किए थे। इन आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि चंद्रमा की मिट्टी एक प्रकार की चट्टान फेरोअन अनोर्थोसाइट से बनी है। प्रज्ञान रोवर पर अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) द्वारा किए गए मापों का उपयोग करके दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास चंद्र मिट्टी की पहली इन-सीटू मौलिक प्रचुरता की रिपोर्ट की है। इस अध्ययन ने चंद्र मैग्मा महासागर परिकल्पना का समर्थन करने वाले साक्ष्य प्रदान किए हैं, जो भविष्यवाणी करता है कि आदिम चंद्र क्रस्ट हल्के एनोर्थाइट प्लेगियोक्लेज़ के तैरने से बना था लेकिन एपीएक्सएस ने मैग्नीशियम युक्त खनिजों की अधिक प्रचुरता का भी पता लगाया।

## विटामिन बी-12 और डी की क्यों होती है कमी, क्या हैं लक्षण

विटामिन बी-12 और डी दोनों ही शरीर के सामान्य कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बी-12, जिसे कोबालामिन भी कहा जाता है, रक्त कोशिकाओं के निर्माण, तंत्रिका तंतुओं के स्वास्थ्य, और डीएनए संश्लेषण के लिए आवश्यक है। विटामिन डी हड्डियों और दांतों के स्वास्थ्य के लिए कैल्शियम और फास्फोरस के अवशोषण को बढ़ाता है। बी-12 की कमी अक्सर शाकाहारी आहार या पाचन समस्याओं के कारण होती है, जबकि विटामिन डी की कमी सामान्यत: धूप की कमी या आहार की अनियमितता से होती है। इन विटामिनों की कमी से शरीर में थकान, अनीमिया, हड्डियों में दर्द, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। उचित आहार और सप्लीमेंट्स के माध्यम से इनकी कमी को दूर किया जा सकता है, लेकिन अत्यधिक सेवन से हानि भी हो सकती है। आइए इन दोनों विटामिनों की कमी, लक्षण, हानि, और भूमिकाओं को जानते हैं।



### विटामिन बी-12

विटामिन बी 12 (कोबालामिन) शरीर में रेड ब्लड सेल्स के निर्माण, डीएनए संश्लेषण, और तंत्रिका तंतुओं के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। मुख्य रूप से शाकाहारी आहार लेने वालों को विटामिन इसकी कमी हो सकती है क्योंकि यह मुख्य रूप से मांस, मछली, और डेयरी उत्पादों में मिलता है। पाचन तंत्र की समस्याओं के कारण विटामिन बी 12 का अवशोषण सही तरीके से नहीं हो पाता।

### लगातार सेवन से हानि

विटामिन बी 12 का अत्यधिक सेवन सामान्यत: हानिकारक नहीं होता क्योंकि यह पानी में घुलनशील विटामिन है और अतिरिक्त मात्रा सामान्यत: शरीर से बाहर निकल जाती है।

- **शाकाहारी आहार :** विटामिन बी 12 के प्राकृतिक स्रोत मांस और डेयरी उत्पाद हैं, इसलिए शाकाहारियों को इसका ध्यान रखना जरूरी है।
- **लक्षण :** थकान और कमजोरी, अनीमिया (खून की कमी), सांस लेने में कठिनाई, मानसिक भ्रम, तंत्रिका तंतुओं में समस्याएं जैसे कि हाथ-पांव में सुन्नपन या झनझनाहट

### बिना दवाओं के बी12 और विटामिन डी की पूर्ति

विटामिन बी12 और डी की पूर्ति के लिए दवाओं के बिना भी प्रभावी उपाय किए जा सकते हैं। इनमें आहार और दिनचर्या में बदलाव शामिल हैं। विटामिन बी12 मुख्य रूप से मांस, मछली, अंडे, और डेयरी उत्पादों में पाया जाता है। शाकाहारियों के लिए, बी12 युक्त अनाज और प्लांट-बेस्ड दूध का सेवन किया जा सकता है। विटामिन डी की कमी को सूर्य की धूप से पूरा किया जा सकता है।

### विटामिन-डी

विटामिन डी कैल्शियम और फास्फोरस के अवशोषण को बढ़ाता है, जो हड्डियों और दांतों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह इम्यून सिस्टम को भी सपोर्ट करता है और सूजन को नियंत्रित करने में मदद करता है। विटामिन डी का मुख्य स्रोत धूप है। अगर शरीर को पर्याप्त धूप नहीं मिलती, तो विटामिन डी की कमी हो सकती है। विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थ जैसे कि फेटी फिश, युक्त दूध और अनुकूलित अनाज का कम सेवन। कुछ लोग विटामिन डी का अवशोषण ठीक से नहीं कर पाते हैं, जैसे कि लिवर या गुर्दे की बीमारियों के कारण।

- **लक्षण :** हड्डियों में दर्द या कमजोरी, थकान और कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द, हड्डियों की बीमारियां जैसे कि रिकेट्स (बच्चों में) या ऑस्टियोमलाशिया
- **लगातार सेवन से हानि :** अत्यधिक विटामिन डी की खुराक से हाइपरकैल्सेमिया (खून में कैल्शियम का उच्च स्तर) हो सकता है, जो किडनी की समस्याओं, हड्डियों में दर्द, और हृदय की समस्याओं का कारण बन सकता है। इसलिए, उच्च खुराक लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।

### यूक्रेन की यात्रा पर जाने से पहले बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, किसी भी संघर्ष का समाधान युद्ध से नहीं

# शांति के लिए भारत हर सहयोग को तैयार

वारसॉ, एजेंसी

यूक्रेन की अपनी यात्रा से एक दिन पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत का दृढ़ता से मानना है कि किसी भी संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं निकाला जा सकता और वह क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। मोदी ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद यह बात कही। बैठक में दोनों नेताओं ने भारत-पोलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील करने का निर्णय लिया।

दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में, मोदी करीब सात घंटे के लिए कीव में होंगे। वह यूक्रेन की राजधानी के लिए आज शाम एक ट्रेन से रवाना होंगे और इस यात्रा की अवधि करीब 10 घंटे की होगी। मोदी ने टस्क के साथ बातचीत के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष हम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत का दृढ़ता से मानना है कि युद्ध के मैदान में किसी भी समस्या का समाधान नहीं ढूंढा जा सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसी भी संकट में निर्दोष लोगों की जान जाना समूची मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। हम शांति एवं स्थिरता शीघ्र बहाल करने के लिए वार्ता और कूटनीति का समर्थन करते हैं।

उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत, अपने मित्र देशों के साथ हर संभव सहायता देने को तैयार है। मोदी बुधवार को वारसॉ पहुंचे, जो करीब आधी सदी में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड की पहली यात्रा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत और पोलैंड के बीच संबंधों के लिए विशेष महत्व का है। 45 साल बाद, आज कोई भारतीय प्रधानमंत्री पोलैंड आया है। मोदी ने कहा कि इस साल हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर, हमने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील करने का निर्णय लिया। मोदी ने कहा कि भारत और पोलैंड अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक-दूसरे के साथ सहयोग करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार वक्त की दरकार है।



अपने पोलिश समकक्षी डोनाल्ड टस्क से बात करते प्रधानमंत्री मोदी।

### रणनीतिक साझीदारी स्थापित करने का फैसला

**वारसॉ।** भारत एवं पोलैंड ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी का स्वरूप देने तथा आर्थिक सहयोग को व्यापक बनाने पर सहमति जताने के साथ संयुक्त राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को आतंकवाद सहित वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम बनाने के लिए उनमें व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। पोलैंड की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मेज़बान प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के बीच यहां प्रतिनिधि मंडल स्तर की द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए। दोनों देशों ने शहरी विकास, तकनीकी उन्नयन एवं सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए अनेक फैसलों की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो लोकतांत्रिक देशों के रूप में, हमारी संसदों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आर्थिक सहयोग को व्यापक बनाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में पोलैंड विश्व में अग्रणी है, हम चाहते हैं कि पोलिश कंपनियां भारत में बन रहे मेगा फूड पार्क से जुड़ें। भारत में तेजी से हो रहे शहरीकरण से जल उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में हमारे सहयोग के नए अवसर खुल रहे हैं।

## इजराइल ने गाजा में किए टैंक व ड्रोन से हमले, 17 की मौत

यरूशलम, एजेंसी

- हिजबुल्ला ने इजराइली कब्जे वाले क्षेत्र पर दागे 50 से ज्यादा रॉकेट, कई मकान धराशायी

गाजा में बुधवार को इजराइली टैंक और ड्रोन हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई। ये हमले मध्य गाजा के दीर अल-बलाह और दक्षिण में खान यूनिस में हुए। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि अल-बलाह और खान यूनिस में इजराइली हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई। इस बीच, लेबनान के हिजबुल्ला ने बुधवार को 50 से ज्यादा रॉकेट दागे, जिनसे इजराइली कब्जे वाले 'गोलान हाइट्स' में कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। हिजबुल्ला ने कहा कि ये हमले मंगलवार रात को लेबनान में इजराइल के हमले के जवाब में किए गए। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब एक ही दिन पहले अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा के दौरान गाजा में युद्ध विराम समझौता करने के राजनयिक मिशन के तहत मिस्र और कतर में अपने साथी मध्यस्थों से मुलाकात की थी। ईरान और लेबनान में हमास और हिजबुल्ला के दो शीर्ष कमांडर की हाल में निशाना बनाकर हत्या किए जाने से समझौते की आवश्यकता और बढ़ गई है। दोनों कमांडर की हत्या के पीछे इजराइल का हाथ बताया जा रहा है। दूसरी ओर, ईरान और हिजबुल्ला ने दोनों कमांडर की मौत का बदला लेने का संकल्प लिया है। इस बीच, अहम मध्यस्थ देश मिस्र ने इस समझौते को लेकर बुधवार को संदेह व्यक्त किया।

### गाजा, मिस्र सीमा से सेना वापस नहीं लेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को इस बात से इनकार किया कि वह हमास के साथ संभावित युद्धविराम समझौते के तहत गाजा-मिस्र सीमा से सैन्य बलों को वापस लेने पर सहमत हुए हैं। सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने पहले दावा किया था कि गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए वर्तमान अमेरिका समर्थित प्रस्ताव में फिलाडेल्फी कॉरिडोर (प्रमुख क्षेत्र गाजा पट्टी और मिस्र) से इजरायली सैनिकों की वापसी शामिल है।

## दोहा पुलिस द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब को कब्जे में लेना अनादर : धामी

**अमृतसर/चंडीगढ़।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने गुरुवार को दोहा, कतर में स्थानीय पुलिस द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब की दो पवित्र छवियों के कब्जे पर विदेश मंत्री और कतर में भारतीय राजदूत से हस्तक्षेप करने की मांग की है। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का सम्मान सिख समुदाय के लिए सबसे ऊपर है और पुलिस द्वारा अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वहीं, शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने गुरुवार को विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर से कतर में पुलिस हिरासत से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के दो स्वरूपों को छुड़वाने की अपील की है।

## पोस्टमार्टम हाउस में सफाईकर्मी महिला कर रहे थे अश्लील हरकतें

नोएडा, एजेंसी।

- वीडियो सोशल मीडिया में वायरल, लोग उठा रहे व्यवस्था पर सवाल

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में स्थित एक पोस्टमार्टम हाउस के अंदर सफाईकर्मी और एक महिला के बीच प्रेम-प्रसंग का विचित्र मामला सामने आया है। इस प्रेम प्रसंग का एक 6.17 मिनट का वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर बुधवार से वायरल हो रहा है जिस पर लोग तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे हैं।

यह मामला नोएडा के सेक्टर 94 में स्थित पोस्टमार्टम हाउस का है जहां पर मौत के कारण का पता लगाने के लिए लोगों के शवों का पोस्टमार्टम किया जाता है। यहां पर अस्पताल की तरफ से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का दावा किया जाता है क्योंकि कई पोस्टमार्टम काफी संवेदनशील प्रकृति के होते हैं और शवों के साथ की गई छेड़छाड़ से आरोपी बच सकते हैं। यहां कार्यरत सफाईकर्मी एक बाहर की महिला को प्यार करने के लिए पोस्टमार्टम हाउस में बुलाता है। वायरल वीडियो में वह महिला के साथ जमीन पर बिछी चादर पर आपत्तिजनक स्थिति में दिख रहा है। सफाईकर्मी महिला से जोर जबरदस्ती करता भी दिखाई दे रहा है। इस बाबत पोस्टमार्टम हाउस के नोडल अधिकारी और गौतमबुद्ध नगर के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (डिप्टी सीएमओ) डॉक्टर जयेश लाल ने कहा कि अभी तक उन्हें कोई वीडियो प्राप्त नहीं हुआ और ना ही किसी ने शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद जांच कराई जाएगी।

## तिब्बतियों के मानवाधिकारों की रक्षा को अमेरिका प्रतिबद्ध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार की एक शीर्ष अधिकारी ने दलाई लामा से मुलाकात की और राष्ट्रपति जो. बाइडन की ओर से तिब्बतियों के मानवाधिकारों की रक्षा तथा उनके विशिष्ट ऐतिहासिक, भाषाई, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संरक्षण के प्रयासों के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई। दलाई लामा 28 जून को घुटने की सफल 'रिप्लेसमेंट' सर्जरी के बाद से न्यूयॉर्क में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। तिब्बती नेता की अमेरिकी विदेश विभाग की शीर्ष अधिकारी के साथ बैठक राष्ट्रपति बाइडन द्वारा एक कानून पर हस्ताक्षर किए जाने के कुछ महीनों बाद हुई है, जो तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन को बढ़ाने और विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की बात करता है।

## हमेशा को अंतरिक्ष में फंस सकती हैं सुनीता

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बुच विल्मोर के साथ पिछले दो महीने से अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में फंसी हुई हैं। उन्हें आठ दिन में ही इस मिशन को पूरा कर लौटना था, लेकिन स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी आ जाने के बाद उनकी वापसी में देरी हो रही है। अब एक विशेषज्ञ ने चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा है कि सुनीता और बुच विल्मोर ऐसी परिस्थिति में भी फंस सकते हैं, जहां उनके पास केवल 96 घंटे की ऑक्सीजन बचेगा। अमेरिकी सैन्य अंतरिक्ष प्रणालियों के पूर्व कमांडर रूडी रिडोल्फी ने मीडिया से कहा कि अगर स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान गलत कोण पर पृथ्वी में प्रवेश करने का प्रयास करता है तो वह वायुमंडल से टकराकर वापस कक्षा में बना रह सकता है।

### विशेषज्ञ ने जताई आशंका, मात्र 96 घंटे का बचेगा ऑक्सीजन

रिडोल्फी ने कहा कि ऐसी स्थिति में सुनीता और बुच मात्र 96 घंटे की ऑक्सीजन सप्लाई के साथ ही अंतरिक्ष में फंसे रह सकते हैं। वहीं उन्होंने दो और परिस्थितियों की संभावना जताई, जो घटित हो सकती है। रिडोल्फी ने कहा कि एक अन्य संभावना में स्पेसक्राफ्ट गलत एलाइनमेंट के कारण पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश करने में विफल हो सकता है। यदि ऐसा होता है तो स्टारलाइनर अनिश्चित काल के लिए अंतरिक्ष में फंसा रहेगा। अंतिम संभावना के बारे में रिडोल्फी ने कहा कि इसमें अंतरिक्ष यात्रियों के जीवन को खतरा भी हो सकता है। यदि अंतरिक्ष यान सीधे कोण पर प्रवेश करने की कोशिश करता है तो अत्यधिक घर्षण और गर्मी के कारण उसकी हीट शील्ड फेल हो सकती है। स्पेसक्राफ्ट सतह पर पहुंचने से पहले ही जल जाएगा।

### सुरक्षित वापसी को विकल्प तलाश रहा नासा

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द सुरक्षित वापस लाने के विकल्प तलाश रहा है, लेकिन अभी भी कई संभावित जोखिम हैं। नासा स्पेस एक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान में भी अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने पर भी विचार कर रहा है, जो कि सितंबर 2024 में प्रस्थान करेगा।

## बोत्सवाना में मिला 2492 कैरेट का हीरा

**गाबोरोने।** बोत्सवाना ने दावा किया है कि अब तक का सबसे बड़ा हीरा उसकी एक खदान से प्राप्त हुआ है और गुरुवार को इसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। बोत्सवाना की सरकार का मानना है कि 2,492 कैरेट का यह विशाल रत्न देश में खोजा गया सबसे बड़ा प्राकृतिक हीरा और किसी खदान से निकाला गया दूसरा सबसे बड़ा रत्न है। कनाडा की खनन कंपनी लुकारा डायमंड कॉर्प ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने पश्चिमी बोत्सवाना में अपनी कारोवे खदान से असाधारण हीरा बरामद किया है। लुकारा ने बताया कि यह उच्च गुणवत्ता वाला हीरा है और इसे एक्स-रे तकनीक की मदद से खोजा गया। वजन के लिहाज से यह 100 से अधिक वर्षों में पाया गया सबसे बड़ा हीरा है।



## त्रिपुरा में बांध का गेट खोलने से बांग्लादेश में नहीं आई बाढ़

- भारत ने स्पष्ट की स्थिति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बांग्लादेश में प्रकाशित उन खबरों को गुरुवार को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया जिसमें दावा किया गया है कि देश के कुछ हिस्सों में मौजूदा बाढ़ की स्थिति त्रिपुरा में गुमती नदी पर बने बांध के फाटक खोलने के कारण उत्पन्न हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझा नदियों में आने वाली बाढ़ एक 'साझा' समस्या है, जिससे दोनों पक्षों के लोगों को परेशानी होती है तथा इसके समाधान के लिए घनिष्ठ आपसी सहयोग की आवश्यकता है।

मंत्रालय ने कहा कि हमने बांग्लादेश में यह चिंता व्यक्त होते देखी है कि बांग्लादेश की पूर्वी सीमा पर स्थित जिलों में बाढ़ की वर्तमान स्थिति त्रिपुरा में गुमती नदी के ऊपरी हिस्से में स्थित डंबूर बांध के फाटक खोलने के कारण उत्पन्न हुई है। यह तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। उसने कहा कि हम यह बताना चाहेंगे कि भारत और बांग्लादेश से होकर बहने वाली गुमती नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों में इस वर्ष की सबसे भारी बारिश हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश में बाढ़ मुख्य रूप से बांध के नीचे की ओर इन बड़े जलग्रहण क्षेत्रों के पानी के कारण आई है। मंत्रालय ने कहा कि डंबूर बांध (बांग्लादेश की) सीमा से 120 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित है। यह कम ऊंचाई (करीब 30 मीटर) का बांध है, जो बिजली पैदा करता है और वह बिजली ग्रिड में जाती है जिससे बंग्लादेश को भी त्रिपुरा से 40 मेगावाट बिजली मिलती है।



## ओडिशा में ढाका से संचालित किया जा रहा था सिमबॉक्स

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भुवनेश्वर-कटक के पुलिस आयुक्त संजीव पांडा ने गुरुवार को एक बड़ा खुलासा किया कि यहां और रांची में स्थापित 'सिमबॉक्स' को सीधे बांग्लादेश के ढाका से नियंत्रित किया जाता था। पांडा ने बताया कि बांग्लादेश के फेनी में रहने वाले 30 वर्षीय असादुर रहमान ने पश्चिम बंगाल के राजू मंडल की मदद से 'सिमबॉक्स' संचालन शुरू किया था। उनके अनुसार मंडल रहमान के लिए स्थानीय मददगार है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि असादुर 'स्मार्ट स्विच' के मार्फत दूर से भुवनेश्वर एवं रांची में 'सिमबॉक्स' को नियंत्रित करता था जबकि कटक में 'सिमबॉक्स' का संचालन स्थानीय रूप से किया जाता था। पुलिस ने कहा कि उसे असादुर की तस्वीर समेत इस संबंध में विस्तृत सूचना मिली है। 'सिमबॉक्स' मूल फोन नंबर को छिपाने के लिए इस्तेमाल में लाए जाते हैं।

**ज्ञान-विज्ञान** इस सौर मंडल में जीवन की संभावनाओं की तलाश में जुटे हैं वैज्ञानिक


## कुछ कुछ हमारे जैसा ही है ट्रैपिस्ट-1 का सौर मंडल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारे सौर मंडल की तरह सुदूर अंतरिक्ष में सात ग्रह वाला एक और सौर मंडल मौजूद है। इस सौर मंडल का नाम ट्रैपिस्ट 1 है, जो कुछ कुछ हमारे जैसा ही है। यह सौर मंडल हमारी तुलना में काफी छोटा है। इस सौर मंडल में जीवन की संभावनाओं का पता लगाने के लिए वैज्ञानिक प्रयासरत हैं।

इस सौर मंडल का सूर्य लाल बौना तारा है। इसके सात ग्रह हैं। ये सभी ग्रह हमारे सौर मंडल के सबसे भीतरी ग्रह बुध की कक्षा के भीतर आसानी से फिट हो सकते हैं। ट्रैपिस्ट-1 तारा हमारे सूर्य के आकार का केवल एक अंशभर है, बृहस्पति से अधिक बड़ा नहीं है। लेकिन पिछले 30 वर्षों में पांच हजार से अधिक बाहरी ग्रह यानी एक्सोप्लैनेट खोजे जा चुके हैं। जिनमें ट्रैपिस्ट के ग्रहों पर जीवन की संभावना शुरू से जताई जाती रही है। जिस कारण इस सौरमंडल के ग्रहों पर निरंतर अध्ययन जारी हैं।

ग्रहों की अध्ययन में स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप के बाद 2021 में जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के आ जाने से बड़ी मदद मिली है। तारा ट्रैपिस्ट-1 सौर मंडल प्रणाली सात ग्रहों को होस्ट करती है, जो पृथ्वी से लगभग 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। हाल में हुए अध्ययन में इस सौर मंडल के ग्रहों के बीच की दूरी की जानकारी मिली है। जिसमें पता चला है कि सातों ग्रहों अपने तारे के बेहद नजदीक से परिक्रमा करते हैं। हालांकि पूर्व में अनुमान जताया जा रहा था कि तीन ग्रहों में तरल जल हो सकता है। मगर बाद में किए शोध ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया। इसके बावजूद अन्य ग्रहों पर अध्ययन जारी हैं। संभव है कि किसी ग्रह पर जीवन हो सकता है। जिसकी तलाश की जा रही है।




### अधूरी है जीवन की तलाश

दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश अभी अधूरी है। पिछले करीब पांच दशक से वैज्ञानिक इस मुहीम में जुटे हुए हैं। हजारों ग्रह खोजे जा चुके हैं और खोज के दायरे को बढ़ाने के लिए नवीन तकनीक इजाद की जा रही हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि यदि पृथ्वी पर जीवन है तो विशाल ब्रह्मांड के किसी अन्य दूसरे ग्रह पर जीवन ना हो, यह संभव नहीं है। जरूरत उन ग्रहों की तलाश करना है और खगोलविद इसी उम्मीद के साथ अभियान जारी रखे हुए हैं।